


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# जागरण मोर्चा

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद में प्रसारित www.jagranmorcha.com जन-जन की आवाज




लखनऊ वर्ष : 05 अंक : 38 शनिवार 21 मार्च 2026 चैत्र शुक्ल तृतीया विक्रम संवत 2083 पृष्ठ : 14 मूल्य : 05 रूपया





# डीडीपुरम में चेकिंग के दौरान युवक दबोचा, तमंचा-कारतूस बरामद

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** थाना बारादरी पुलिस ने गुरुवार रात चेकिंग के दौरान एक युवक को गिरफ्तार कर उसके पास से अवैध तमंचा और जिंदा कारतूस बरामद किया है। पुलिस के मुताबिक आरोपी किसी बड़ी वारदात की फिराक में था, जिसे समय रहते पकड़ लिया गया।
जानकारी के अनुसार, पुलिस टीम रात करीब 10 बजे डीडीपुरम क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि भारत पेट्रोलियम कॉलोनी के पास एक पार्क में एक युवक अवैध हथियार लेकर बैठा है और किसी गंभीर अपराध की योजना बना रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर संदिग्ध युवक को पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम जगमोहन मौर्य निवासी चक महमूद, थाना बारादरी बताया। तलाशी लेने पर उसकी लोवर की जेब से 315 बोर का एक तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ।
पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आरोपी के आपराधिक इतिहास और मंसूबों की भी जांच की जा रही है।

# बरेली में 4,636 करोड़ के एमओयू करार

- 15 हजार करोड़ लक्ष्य के बीच बरे ली मे ं निवे श की रफ्तार ते ज
- जीबीसी के 200 उद्योग धरातल पर, अब जीबीसी -पांच से नई उम्मीदे

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सुशासन और प्रदेश की सुद्रढ़ कानून व्यवस्था मजबूत निवेश का आधार बनती जा रही है। स्मार्ट सिटी बरेली अब निवेश का नया हॉटस्पॉट बनने की ओर तेजी से बढ़ रहा है। ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी जीबीसी - 5 से पहले ही हजारों करोड़ के निवेश करार हो चुके हैं, जिससे जिले में उद्योग, रोजगार और विकास की नई लहर उठने के संकेत मिल रहे हैं। अब तक 4,636 करोड़ रुपये के निवेश के लिए एमओयू साइन किए जा चुके हैं। इसके अलावा 1,539 करोड़ रुपये के प्रस्ताव प्रक्रिया में हैं, जिन्हें जल्द अंतिम रूप दिया जाएगा। उपायुक्त उद्योग बरेली विकास यादव ने बताया कि शासन ने जिले को 15,000 करोड़ रुपये निवेश का लक्ष्य दिया है। डीएम के निर्देश पर सभी विभागों को अलग-अलग लक्ष्य सौंपे गए हैं। निवेशकों से लगातार संपर्क कर उनकी समस्याओं का समाधान किया जा रहा है, ताकि ज्यादा से ज्यादा निवेश बरेली में आए।

## पिछली सेरेमनी का असर: 200 उद्योग धरातल पर उतरे

जीबीसी - चार में जिले को 30,000 करोड़ के निवेश का लक्ष्य मिला था, जिसके सापेक्ष 318 उद्योगों के लिए 35,101 करोड़ के एमओयू हुए। इनमें से अब तक 200 उद्योग जमीन पर उतर चुके हैं। बाकी प्रस्तावों को भी तेजी से पूरा कराने के लिए अधिकारियों द्वारा फॉलोअप किया जा रहा है। इस बार जीबीसी - 5 के लिए अब तक 70 एमओयू साइन हो चुके हैं। इनमें 250 करोड़ से अधिक के बड़े प्रस्ताव शामिल हैं। नए उद्योगों और विस्तार परियोजनाओं से हजारों लोगों को रोजगार मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

## बड़े निवेशक मैदान में: किसने कितना लगाया पैसा

जीबीसी- 5 में कई बड़े निवेशक सामने आए हैं। लीड्स जेनेटिक्स ने 1,500 करोड़, ओमेक्स ने 1,000 करोड़ और बाडीलाल ने 550 करोड़ रुपये का निवेश प्रस्ताव दिया है। इसके अलावा वृंदावन बिवरेजेज, एमिलटस बिल्डर्स और वाईसीएल जैसी कंपनियां भी निवेश कर रही हैं, जिससे रोजगार के नए अवसर खुलेंगे। योगी सरकार ने अलग-अलग विभागों को निवेश लक्ष्य सौंपे हैं। पर्यटन को 2,000 करोड़, उद्यान को 1,200 करोड़, गन्ना और नेडा को 1,000-1,000 करोड़ का लक्ष्य दिया गया है। वहीं एमएसएमई, स्वास्थ्य, डेयरी, सहकारिता समेत कई विभागों को भी बड़े निवेश के लक्ष्य दिए गए हैं, जिससे हर सेक्टर में विकास की रफ्तार तेज होगी।

# कुट्टू की कचौड़ी खाने से एक ही परिवार के छह बीमार, बच्चे की हालत गंभीर

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** नवरात्रि के व्रत के दौरान कुट्टू के आटे से बना खाना एक परिवार पर भारी पड़ गया। सुभाषनगर के गंगानगर कॉलोनी में कचौड़ी खाने के बाद एक ही परिवार के छह लोग अचानक बीमार हो गए। उल्टी और घबराहट की शिकायत के बाद सभी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां एक पांच वर्षीय बच्चे की हालत गंभीर बनी हुई है।
गंगानगर कॉलोनी निवासी भगवान दास के बेटे हेमराज पड़ोस की दुकान से कुट्टू का आटा खरीदकर लाए थे। घर में उसी आटे से कचौड़ी और आलू की सब्जी तैयार की गई। रात में सभी ने व्रत का भोजन किया, लेकिन कुछ ही देर बाद एक-एक कर सभी की तबीयत बिगड़ने लगी। अचानक उल्टी और चक्कर की शिकायत से घर में अफरा-तफरी मच गई।
हालत बिगड़ने पर परिजन सभी को तुरंत जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। डॉक्टरों ने सभी को भर्ती कर इलाज शुरू किया। परिवार के सदस्य भगवान दास, उनकी पत्नी अखिलेशा, बेटे हिमांशु (18), वीर (5), बेटी अनुष्का (13) और भतीजा सुखदीप (18) को भर्ती कराया गया। इनमें पांच वर्षीय वीर की हालत गंभीर होने पर उसे बच्चा वार्ड में शिफ्ट किया गया है, जबकि अन्य की हालत में सुधार बताया जा रहा है।
चिकित्सकों ने शुरुआती जांच में इसे फूड प्वाइजनिंग का मामला बताया है। आशंका जताई जा रही है कि कुट्टू का आटा खराब या मिलावटी हो सकता है, जिससे यह स्थिति बनी। फिलहाल डॉक्टरों की टीम लगातार मरीजों की निगरानी कर रही है।
विशेषज्ञों के अनुसार नवरात्रि के दौरान कुट्टू के आटे से बनी चीजों के सेवन से फूड प्वाइजनिंग के मामले हर साल सामने आते हैं। कुट्टू का आटा जल्दी खराब हो जाता है और लंबे समय तक रखने पर उसमें बैक्टीरिया या फंगस पनपने लगते हैं, जो स्वास्थ्य के लिए खतरनाक साबित होते हैं।

## सावधानी जरूरी: खरीदते समय रखें ध्यान

स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने सलाह दी है कि व्रत के दौरान कुट्टू का आटा हमेशा ताजा और विश्वसनीय दुकान से ही खरीदें। पैकेट की एक्सपायरी डेट, रंग और गंध की जांच जरूर करें। लंबे समय तक रखा आटा इस्तेमाल करने से बचें, ताकि इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके।

## इलाके में दहशत, लोग हुए सतर्क

घटना के बाद गंगानगर कॉलोनी में दहशत का माहौल है। लोग व्रत के खाने को लेकर सतर्क हो गए हैं और बाजार से कुट्टू का आटा खरीदने से पहले दो बार सोच रहे हैं। फिलहाल अस्पताल में भर्ती सभी मरीजों का इलाज जारी है और डॉक्टर उनकी हालत पर नजर बनाए हुए हैं।

# बीच बाजार दबंगई, मकान विवाद में युवक को पीटा

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** बारादरी थाना क्षेत्र में पुराना मकान विवाद अब खुली रंजिश में बदलता नजर आ रहा है। सैलानी बाजार में एक युवक को बीच बाजार रोककर गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।
पीड़ित असलम अहमद, निवासी सैलानी ने पुलिस को बताया कि उनके पिता और चाचा ने करीब 35 वर्ष पहले एक मकान का रजिस्टर्ड बैनामा कराया था, जिस पर उनका परिवार लंबे समय से काबिज है। इसी मकान को लेकर उनकी फूफी नसीरन बेगम के परिवार में काफी समय से विवाद चला आ रहा था। आपसी समझौते के बाद मकान खाली करा लिया गया, लेकिन तभी से रंजिश गहराती चली गई। असलम के अनुसार, 17 मार्च 2026 की रात करीब 10 बजे वह सैलानी बाजार गए थे। इसी दौरान नसीरन बेगम का बेटा मुख्तियार अहमद ने उन्हें रोक लिया और गिरेबान पकड़कर गाली-गलौज शुरू कर दी। मौके पर मौजूद इमरान नाम के व्यक्ति ने बीच-बचाव कर किसी तरह मामला शांत कराया। हालांकि जाते-जाते आरोपी ने खुलेआम धमकी दी कि 'मकान खाली कराया है, अब तुम्हें इस दुनिया से खत्म कर देंगे।' पीड़ित का कहना है कि आरोपी लगातार धमकियां दे रहा है, जिससे उन्हें अपनी जान का खतरा महसूस हो रहा है। उन्होंने पुलिस से सख्त कार्रवाई की मांग की है।
बारादरी थाना पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है और पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि आरोपों की जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# होटल–ढाबों पर ताले, अंगीठी के सहारे चल रहा काम

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** शहर में कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की किल्लत अब विकराल रूप ले चुकी है। शहर का होटल और फास्ट फूड कारोबार बुरी तरह चरमरा गया है। हालात ऐसे हैं कि कई इलाकों में होटल, रेस्टोरेंट और ढाबों पर ताले लटक गए हैं, जबकि जो दुकानें खुली हैं, वे भी किसी तरह जुगाड़ के सहारे चल रही हैं। गैस न मिलने से रसोई ठंडी पड़ गई है और कारोबारियों के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है।
नोवेल्टी चौराहा, प्रेमनगर और मॉडल टाउन जैसे व्यस्त इलाकों में आम दिनों की चहल-पहल गायब है। कई नामी चाट और फास्ट फूड की दुकानें बंद पड़ी हैं। राम मनोहर आलू चाट, तलवार चाट भंडार, शमा रेस्टोरेंट और राम भरोसे चाट जैसे प्रतिष्ठान भी गैस की कमी के चलते बंद बताए जा रहे हैं। जहां पहले ग्राहकों की भीड़ रहती थी, वहां अब सन्नाटा पसरा है।
सत्कार रेस्टोरेंट के मालिक नरेश कश्यप ने बताया कि कमर्शियल सिलेंडर न मिलने की वजह से उन्हें अब लकड़ी की भट्टी पर काम करना पड़ रहा है। इसके बावजूद भी वह ग्राहकों को समय पर खाना नहीं दे पा रहे हैं। उनका कहना है कि गैस की सप्लाई जल्द बहाल नहीं हुई तो रेस्टोरेंट पूरी तरह बंद करना पड़ेगा।
गैस की किल्लत ने दुकानदारों को वर्षों पीछे धकेल दिया है। कई फास्ट फूड विक्रेता मजबूरी में अंगीठी और कोयले का सहारा ले रहे हैं, लेकिन इससे न तो काम की गति बन पा रही है और न ही ग्राहकों की मांग पूरी हो रही है। धुएं और धीमी आंच के बीच खाना बनाना मुश्किल हो रहा है, जिससे ग्राहक भी वापस लौट रहे हैं। दुकानदारों का कहना है कि इस तरह दुकान चलाना घाटे का सौदा बनता जा रहा है। शहर में सैकड़ों फास्ट फूड और छोटे होटल संचालकों ने दुकानें बंद कर दी हैं। जो लोग रोज कमाकर खाने वाले हैं, उनके सामने सबसे बड़ा संकट खड़ा हो गया है। उनका कहना है कि अगर जल्द ही गैस की सप्लाई बहाल नहीं हुई, तो हालात और बिगड़ेंगे और बड़ी संख्या में लोग बेरोजगार हो सकते हैं। गैस एजेंसी संचालकों पर गंभीर आरोप लग रहे हैं। व्यापारियों का कहना है कि बाजार में कृत्रिम कमी पैदा की जा रही है और सिलेंडर परिचितों के जरिए ऊंचे दामों पर बेचे जा रहे हैं। इसको लेकर कारोबारियों में भारी आक्रोश है। उनका कहना है कि अगर प्रशासन ने समय रहते कार्रवाई नहीं की, तो हालात और विस्फोटक हो सकते हैं। लगातार बढ़ रही इस किल्लत ने बरेली के खाद्य व्यवसाय को डूबने की कगार पर ला खड़ा किया है। होटल और ढाबा संचालकों का साफ कहना है कि अगर जल्द ही गैस की सप्लाई बहाल नहीं हुई, तो वे स्थायी रूप से दुकान बंद करने को मजबूर हो जाएंगे। अब नजर प्रशासन की अगली कार्रवाई पर टिकी है, लेकिन तब तक शहर का स्वाद और कारोबार दोनों ठंडे पड़े हैं।
जिला पूर्ति अधिकारी मनीष कुमार सिंह का कहना है कि अभी तक कमर्शियल सिलेंडर की पर्याप्त आपूर्ति नहीं हो सकी है और स्थिति सामान्य करने की कोशिश की जा रही है। लेकिन जमीनी हालात इससे बिल्कुल उलट नजर आ रहे हैं। कारोबारियों का कहना है कि उन्हें सिर्फ आश्वासन मिल रहा है, राहत नहीं।

# बरेली में झमाझम बारिश, तेज हवाओं के साथ बदला मिजाज, किसानों की बढ़ी चिंता

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** शुक्रवार सुबह से ही मौसम ने अचानक करवट ली और शहर में रिमझिम बारिश का दौर शुरू हो गया। करीब दो घंटे तक लगातार बारिश के साथ तेज हवाएं चलती रहीं, जिससे तापमान में गिरावट दर्ज की गई और लोगों को ठंडक का अहसास हुआ। सुबह से ही आसमान में बादल छाए रहे और देखते ही देखते बारिश शुरू हो गई। तेज हवाओं के साथ हुई इस बारिश ने मौसम को पूरी तरह बदल दिया। अधिकतम तापमान सामान्य से दो डिग्री कम 29.4 डिग्री और न्यूनतम तापमान 19.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।
आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञ अतुल कुमार के मुताबिक पंजाब और हरियाणा क्षेत्र में सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ पछुआ हवाओं के साथ मैदानी इलाकों में पहुंच रहा है। इसके चलते शनिवार को भी गरज-चमक और तेज हवा के साथ बारिश होने की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग ने लोगों को बारिश के दौरान सुरक्षित स्थानों पर रहने की सलाह दी है। बेमौसम बारिश ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। खेतों में तैयार खड़ी गेहूं और सरसों की फसल को नुकसान होने का खतरा मंडरा रहा है। तेज हवा और बारिश के कारण फसल गिरने और कटाई प्रभावित होने की आशंका जताई जा रही है।
बदायूं मे भी रिमझिम बारिश ने मौसम को सुहावना बना दिया, लेकिन सड़कों पर फिसलन और जगह-जगह कीचड़ ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दीं। राहगीरों और वाहन चालकों को खासा दिक्कतों का सामना करना पड़ा। मौसम विभाग ने अगले एक-दो दिन तक हल्की बारिश के आसार जताए हैं। पीलीभीत में आधी रात के बाद तेज हवा के साथ बूंदाबांदी शुरू हुई, जो सुबह तक जारी रही। यहां तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई। किसानों ने चिंता जताई है कि तेज हवा के चलते गेहूं की फसल गिर सकती है और कटाई प्रभावित हो सकती है।
मौसम विभाग के अनुसार अगले एक-दो दिनों तक हल्की से मध्यम बारिश और तेज हवाओं का दौर जारी रह सकता है। ऐसे में लोगों को सतर्क रहने, बिजली गिरने की संभावना से बचने और अनावश्यक रूप से खुले में न जाने की सलाह दी गई है। किसानों को भी फसल की सुरक्षा के लिए जरूरी उपाय करने को कहा गया है। कुल मिलाकर, मौसम का यह अचानक बदला मिजाज जहां आम लोगों के लिए राहत लेकर आया है, वहीं किसानों के लिए चिंता का बड़ा कारण बन गया है।

# 196 करोड़ की परियोजनाओं की समीक्षा, चार माह का अल्टीमेटम

जागरण मोर्चा कार्यालय




**बरेली।** शहर के विकास कार्यों में सुस्ती पर अब सख्ती शुरू हो गई है। महापौर डॉ. उमेश गौतम ने 196 करोड़ रुपये की परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए साफ चेतावनी दी कि चार महीने में हर हाल में काम पूरा करो, वरना कार्रवाई तय है। बैठक में टाइड और अनटाइड फंड से चल रहे कार्यों की प्रगति पर गहन मंथन हुआ।
शुक्रवार को महापौर की अध्यक्षता में हुई बैठक में 15वें वित्त आयोग के तहत टाइड मद के 86 करोड़ और अनटाइड मद के 60 करोड़ रुपये से चल रहे कार्यों की समीक्षा की गई। सात वार्डों के 11 स्वीकृत कार्यों और 33 वार्डों में चल रहे 34 कार्यों की प्रगति का आकलन किया गया। अधिकारियों से एक-एक परियोजना की स्थिति रिपोर्ट ली गई।

## 79 परियोजनाओं पर विभागों के साथ मंथन

30 दिसंबर 2025 को स्वीकृत करीब 79 परियोजनाओं को लेकर निर्माण, जलकल, स्वास्थ्य और लेखा विभाग के अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा हुई। महापौर ने निर्देश दिए कि किसी भी स्तर पर देरी बर्दाश्त नहीं होगी और सभी विभाग समन्वय बनाकर काम करें। इसके अलावा बैठक में यह भी सामने आया कि शासन से जल्द ही 50 करोड़ रुपये की अतिरिक्त धनराशि मिलने वाली है। इसे ध्यान में रखते हुए नए कार्यों की रणनीति भी तैयार की गई, ताकि शहर के विकास को और रफ्तार दी जा सके।

## चार महीने में काम पूरा करने का अल्टीमेटम

महापौर ने सभी अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि आगामी चार महीनों में सभी परियोजनाएं हर हाल में पूरी कर ली जाएं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनदेखी पर जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। वहीं जलभराव की समस्या से निपटने के लिए बदायूं रोड पर सवा किलोमीटर लंबा नाला बनाया जाएगा। इसके लिए 4 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। नगर निगम ने इसका एस्टीमेट तैयार कर लिया है। इस परियोजना से करीब डेढ़ लाख आबादी को बारिश के दौरान राहत मिलने की उम्मीद है।

## 2026 तक हाइटेक सिटी का लक्ष्य

नगर निगम ने शहर के विकास का बड़ा ब्लूप्रिंट तैयार किया है। इसमें सड़क, पेयजल, सीवर, ड्रेनेज, सफाई और पार्कों के विकास पर फोकस किया गया है। डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन और सफाई व्यवस्था को आधुनिक बनाया जाएगा। महापौर ने कहा कि तय समयसीमा में काम पूरा कर 2026 तक बरेली को हाइटेक सिटी जैसा विकसित किया जाएगा। नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य, अपर नगर आयुक्त शशि भूषण राय, मुख्य अभियंता मनीष अवस्थी, जलकल महाप्रबंधक मनोज आर्य, नगर स्वास्थ्य अधिकारी भानु प्रकाश, एक्सईएन राजीव कुमार राठी, लेखा अधिकारी हृदय नारायण सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# ईद का पैगाम: गिले–शिकवे भूल गले मिलें, गरीबों को भी करें शामिल

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** दरगाह प्रमुख हज़रत मौलाना सुब्हान रज़ा खान (सुब्हानी मियां) और सज्जादानशीन मुफ्ती अहसन रज़ा क़ादरी (अहसन मियां) ने सभी शहरवासियों को ईद की दिली मुबारकबाद दी। उन्होंने कहा कि ईद सिर्फ खुशियों का त्योहार नहीं, बल्कि आपसी भाईचारे, मोहब्बत और एकता का संदेश देने वाला पर्व है।
अहसन मियां ने लोगों से अपील की कि ईद के मौके पर सभी आपसी गिले-शिकवे भूलकर एक-दूसरे से गले मिलें और समाज में प्रेम और सौहार्द का माहौल बनाएं। उन्होंने कहा कि ईद की असली खुशी तभी है जब हर व्यक्ति इसमें शामिल हो।
उन्होंने खास तौर पर कहा कि ईद के दिन गरीबों और जरूरतमंदों का विशेष ख्याल रखा जाए, ताकि वे भी इस खुशी में बराबर के भागीदार बन सकें। उन्होंने लोगों से अपील की कि अपने घरों के साथ-साथ समाज के कमजोर वर्ग तक भी खुशियां पहुंचाएं। ईद का चांद नजर आने के बाद दरगाह परिसर में भी मुबारकबाद देने का सिलसिला शुरू हो गया। इस दौरान मुफ्ती ज़ाईम रज़ा, मौलाना अबरार उल हक, मीडिया प्रभारी नासिर कुरैशी, शाहिद नूरी, अजमल नूरी, औरंगजेब नूरी, परवेज़ नूरी, ताहिर अल्वी, हाजी जावेद खान, मंजूर रज़ा और मुजाहिद बेग सहित अन्य लोगों ने भी सभी को ईद की शुभकामनाएं दीं।
दरगाह से जुड़े लोगों ने सभी से शांति, सौहार्द और अनुशासन के साथ त्योहार मनाने की अपील की है, ताकि ईद का संदेश हर घर तक पहुंचे और शहर में भाईचारे की मिसाल कायम हो।




राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# जागरण मोर्चा

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद में प्रसारित www.jagranmorcha.com जन-जन की आवाज

सुविचार

शुरू में हर कार्य कठिन लगता है पर समय बिताने पर आसान होता जाता है।

लखनऊ वर्ष : 05 अंक : 38 शनिवार 21 मार्च 2026 चैत्र शुक्ल तृतीया विक्रम संवत 2083 पृष्ठ : 14 मूल्य : 05 रूपया

## भारत में दिखा जंग का असर

# प्रीमियम पेट्रोल दो रुपये व औद्योगिक डीजल 22 रुपये लीटर महंगा

एजेंसी समाचार

**नई दिल्ली।** प्रीमियम या उच्च श्रेणी के पेट्रोल की कीमत में शुक्रवार को दो रुपये प्रति लीटर की वृद्धि की गई, जबकि औद्योगिक उपयोगकताओं को बेचे जाने वाला थोक डीजल लगभग 22 रुपये प्रति लीटर महंगा हो गया है। यह वृद्धि पश्चिम एशिया में संघर्ष के बीच वैश्विक तेल कीमतों में आए उछाल के बीच हुई है। हालांकि, सामान्य पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं होगा।

उद्योग जगत के सूत्रों ने बताया कि राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में प्रीमियम 95-ऑक्टेन पेट्रोल की कीमत 99.89 रुपये प्रति लीटर से बढ़ाकर 101.89 रुपये कर दी गई है। इसके साथ ही, दिल्ली में थोक या औद्योगिक डीजल की कीमतें 87.67 रुपये प्रति लीटर से बढ़ाकर 109.59 रुपये कर दी गई हैं। ईरान युद्ध तेज होने के कारण अंतरराष्ट्रीय तेल की कीमतें बृहस्पतिवार को 119 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई थीं, जो बाद में घटकर करीब 108 डॉलर प्रति बैरल पर आ गईं।

दिल्ली में एक लीटर सामान्य पेट्रोल की कीमत 94.77 रुपये बनी हुई है, जबकि इसी श्रेणी का डीजल 87.67 रुपये प्रति लीटर मिल रहा है। सामान्य पेट्रोल की ऑक्टेन रेटिंग आमतौर पर 91-92 होती है और यह मानक इंजनों के लिए उपयुक्त है। यह रोजमर्रा की जरूरतों के लिए सही है। दूसरी ओर, प्रीमियम पेट्रोल की ऑक्टेन रेटिंग 95-98 होती है, जो इसे अधिक बेहतर इंजनों के लिए आदर्श बनाती है।




एक संवाददाता सम्मेलन में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि सामान्य पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई वृद्धि नहीं हुई है। उन्होंने कहा, "प्रीमियम श्रेणी में कुछ वृद्धि की सूचना मिली है, जो (देश में बेचे जाने वाले) कुल पेट्रोल का मुश्किल से 2 से 4 प्रतिशत हिस्सा है। आम आदमी के लिए कीमतों में कोई वृद्धि नहीं हुई है।"

अधिकारी ने कहा कि मूल्य निर्धारण का फैसला तेल कंपनियां स्वतंत्र रूप से करती हैं, क्योंकि पेट्रोल और डीजल के मूल्य निर्धारण को क्रमशः 2010 और 2014 में नियंत्रण मुक्त कर दिया गया था। उन्होंने कहा, "यह (मूल्य निर्धारण) तेल विपणन कंपनियां (ओएमसी) करती हैं। सरकार पेट्रोल और डीजल की कीमतों को विनियमित नहीं करती है।"

सरकार वैश्विक तेल बाजारों पर बारीकी से नजर रख रही है, लेकिन खुदरा ईंधन की कीमतें बढ़ाने की कोई तत्काल योजना नहीं है। तेल विपणन कंपनियों से फिलहाल मौजूदा लागत दबाव को खुद वहन करने की उम्मीद है। उन्होंने आगे कहा, "हमारी प्राथमिकता सभी उपभोक्ताओं को ऊर्जा उपलब्ध कराना है, जो हम इस पूरे संकट के दौरान कर रहे हैं। अब तक हमने कीमतें नहीं बढ़ाई हैं।"

## नोरा फतेही की विरोध में आईं यूपी महिला आयोग अध्यक्ष

एजेंसी समाचार



**अलीगढ़।** राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ.बबीता सिंह चौहान ने कहा है कि नोरा फतेही को अश्लील गाने के लिए वापस उनके देश कनाडा भेज देना चाहिए। ऐसे गानों पर प्रतिबंध नहीं लगाने वाले सेंसर बोर्ड को भंग कर देना चाहिए। वह अलीगढ़ में विकास भवन में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के बाद पत्रकारों से वार्ता कर रहीं थीं। उन्होंने कहा कि आखिर सेंसर बोर्ड क्या कर रहा है। ओटीटी प्लेटफार्म से परोसी जा रही सामग्री देखने योग्य नहीं है, इसमें बढ़चढ़ कर अश्लीलता परोसी जा रही है। इससे कम उम्र में ही किशोरों और युवाओं पर गलत असर हो रहा है। इस पर सख्ती से रोक लगाने की जरूरत है। बोलीं-मोबाइल के दुष्प्रभाव से बच्चों को बचाने के लिए कक्षा पांच तक के होमवर्क को मोबाइल पर भेजने पर रोक लगाने का प्रयास किया था, इसमें वह काफी हद तक सफल रहीं हैं। आगे भी इसको जारी रखा जाएगा। यदि किसी स्कूल में इसका उल्लंघन हुआ तो कार्रवाई कराई जाएगी।

# थाईलैंड के नए नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री अनुतिन, पीएम मोदी ने दी बधाई

## कहा -मिलकर काम करने के लिए उत्सुक



एजेंसी समाचार

**दिल्ली। प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने अनुतिन चर्नविराकुल को थाईलैंड का प्रधानमंत्री निर्वाचित होने पर हार्दिक बधाई दी है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने शुक्रवार को बताया कि मोदी ने सोशल मीडिया पर अपने संदेश में भारत-थाईलैंड रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के लिए थाईलैंड के नेतृत्व के साथ मिलकर काम करने में गहरी रुचि व्यक्त की।

उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच संबंध साझा सभ्यतागत विरासत, घनिष्ठ सांस्कृतिक जुड़ाव और लोगों के बीच जीवंत संबंधों पर आधारित हैं।

उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत और थाईलैंड अपने-अपने देशों की जनता के लिए शांति, प्रगति और समृद्धि की साझा आकांक्षाओं को लेकर एकजुट हैं।

पीएम मोदी ने अपनी पोस्ट में लिखा, " थाईलैंड के प्रधानमंत्री के रूप में श्री अनुतिन चर्नविराकुल के निर्वाचन पर उन्हें हार्दिक बधाई। मैं उनके साथ मिलकर काम करने के लिए उत्सुक हूं।

## 'कायरों हम इसे याद रखेंगे', फिर भड़के ट्रंप



एजेंसी समाचार

वॉशिंगटन। पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार नाटो देशों पर निशाना साधा है। ट्रंप ने सोशल मीडिया पर नाटो देशों को निशाने पर लेते हुए कहा, वे कायर हैं, क्योंकि वे ईरान युद्ध में शामिल नहीं हुए और न ही होर्मुज जलडमरूमध्य को सुरक्षित करने में मदद के लिए अपनी सेनाएं भेजीं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर लिखा कि अमेरिका के बिना नाटो एक कागजी शेर है! वे परमाणु शक्ति संपन्न ईरान को रोकने की लड़ाई में शामिल नहीं होना चाहते थे।

## मुख्यमंत्री योगी के आवास पर भाजपा कोर कमेटी की बैठक



एजेंसी समाचार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में शुक्रवार मुख्यमंत्री आवास पर भाजपा कोर कमेटी की अहम बैठक आयोजित हुई, जिसमें संगठन और सरकार से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह सरकार्यवाह अरुण कुमार भी मौजूद रहे।

इसके अलावा दोनों उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक ने भी बैठक में भाग लिया। बैठक में संभावित मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर विस्तार से मंथन हुआ। साथ ही पंचायत चुनाव से पहले ओबीसी आयोग के गठन पर भी गंभीर चर्चा की गई। सूत्रों के अनुसार, इस संबंध में आगामी सोमवार को होने वाली कैबिनेट बैठक में महत्वपूर्ण निर्णय लिया जा सकता है।

इसके अतिरिक्त भाजपा की नई प्रदेश कार्यकारिणी के गठन, आयोगों और निगमों में कार्यकताओं के समायोजन तथा संगठन में व्याप्त नाराजगी को दूर करने के उपायों पर भी विचार-विमर्श हुआ। बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए संगठन और सरकार के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर जोर दिया गया।

नेताओं ने आपसी मतभेद भुलाकर एकजुटता का संदेश देने की बात कही। साथ ही सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने और पिछली सरकारों से तुलना के माध्यम से प्रचार अभियान चलाने की रणनीति पर भी सहमति बनी। बैठक से पहले संघ और संगठन के बीच अलग से मंथन भी किया गया।

# हिमाचल में भारी बारिश-बर्फबारी, हिमखंड गिरा; तीन नेशनल हाईवे समेत 100 सड़कें बंद

एजेंसी समाचार

**शिमला/धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश में ऑरेंज अलर्ट के बीच शुक्रवार को भी ऊंचे क्षेत्रों में बर्फबारी और निचले में झमाझम बारिश हुई। शुक्रवार को धौलाधार, रोहतांग दर्रा और पांगी-भरमौर की ऊंची चोटियों पर बर्फबारी का दौर जा रहा। लाहौल के बारालाचा, कुंजम, शिंकुला दर्रा सहित घेपन पीक, सीबी रेंज की पहाड़ी पर 70 से 80 सेंटीमीटर बर्फबारी का अनुमान है। अटल टनल रोहतांग में करीब 90 सेंटीमीटर तक ताजा बर्फबारी हुई है। शिमला जिले के कुफरी, नारकंडा और किन्नौर के छितकुल, कल्पा समेत कई क्षेत्रों में भी बर्फबारी हुई है। राजधानी शिमला, कांगड़ा, मंडी, चंबा, हमीरपुर और ऊना में दिन भर बारिश रही। राजधानी शिमला में दो दिन से बारिश जारी है। हिमाचल में पांच दिन से बारिश-बर्फबारी का दौर चल रहा है, ऐसे में समूचा प्रदेश ठंड की चपेट में है।




तापमान में भारी गिरावट से मार्च में जनवरी जैसी ठंड पड़ रही है। प्रदेश में अधिकतम तापमान 10 डिग्री तक गिर गया है। उधर, त्रिलोकनाथ जीरो पॉइंट से करीब डेढ़ किलोमीटर आगे वामतट की पहाड़ी से हिमखंड चिनाब नदी पर गिरा। इससे नदी का बहाव तकरीबन एक घंटे के लिए पूरी तरह से झील में बदला रहा। बर्फबारी और बारिश से तीन एनएच मनाली-केलांग, आनी कुल्लू और रामपुर-किन्नौर समेत 100 सड़कों पर यातायात अवरुद्ध हुआ है।

# यूपी-बिहार से पकड़े गए देश के नौ गद्दार

### सैन्य ठिकानों की बनाते थे वीडियो, ऐसे मिलते थे 500 से लेकर 5000 रुपये

एजेंसी समाचार

**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद स्थित कौशांबी में जासूसी के एक बड़े मामले का खुलासा हुआ है। एसआईटी की टीम ने 20 मार्च को नौ अन्य लोगों को गिरफ्तार किया है। ये सभी एक पाकिस्तानी व्यक्ति के लिए देश की जासूसी कर रहे थे।



गिरफ्तार किए गए लोगों में मेरठ के परतापुर का गणेश, बिहार के पूर्णिया जिला स्थित ओली टोला निवासी विवेक, मेरठ के शास्त्री नगर का गगन कुमार शामिल हैं। जौनपुर के काजीपुर स्थित सराय मोहद्दीन जामदारा शाहगंज का रहने वाला दुर्गेश भी पकड़ा गया है। इनके साथ मेरठ, गाजियाबाद और कौशांबी के पांच नाबालिग भी टीम ने गिरफ्तार किए हैं। ये सभी आरोपी पाकिस्तानी व्यक्ति सरदार उर्फ सरफराज उर्फ जोगा सिंह के सीधे संपर्क में थे। वे संदेश ऐप के जरिए उससे लगातार जुड़े हुए थे। नाबालिग आरोपी शॉर्ट वीडियो बनाने का बहाना बनाकर सैन्य ठिकानों की फोटो-वीडियो भेजते थे। वे इन महत्वपूर्ण ठिकानों की लोकेशन भी पाकिस्तान भेज रहे थे। लोकेशन साझा करने के लिए अलग-अलग ऐप का इस्तेमाल किया जाता था। एडीसीपी राजकरन नैय्यर ने इस पूरे मामले की विस्तृत जानकारी दी है।

जासूसी के बदले आरोपियों को 500 रुपये से लेकर 5000 रुपये तक का भुगतान किया जाता था। यह राशि उन्हें अलग-अलग किस्तों में मिलती थी। आरोपी जन सेवा केंद्रों पर इंटरनेट के माध्यम से भुगतान कराते थे। वहां से वे नकद रुपये प्राप्त करते थे। इस तरीके से वे अपनी पहचान छिपाने का प्रयास करते थे।

## होर्मुज से रवाना होने के लिए तैयार दो भारतीय टैंकर

एजेंसी समाचार

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में चल रहे तनाव के बीच एक अहम खबर सामने आई है। रिपोर्ट के मुताबिक, भारत के दो गैस टैंकर (एलपीजी ले जाने वाले जहाज) जल्द ही होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने की तैयारी कर रहे हैं। ये दोनों जहाज अभी खाड़ी के पानी में खड़े हैं और स्थिति पर नजर रखी जा रही है। बता दें कि, भारत बड़ी मात्रा में तेल और गैस आयात करता है, और उसका बड़ा हिस्सा इसी रास्ते से आता है। ऐसे में अगर यह रास्ता असुरक्षित होता है, तो तेल और गैस की सप्लाई प्रभावित हो सकती है। इससे भारत में पेट्रोल-डीजल और गैस के दाम बढ़ सकते हैं, इसके साथ ही व्यापार और शिपिंग पर भी असर पड़ सकता है।

पिछले 24 घंटों में कोई भी कच्चा तेल ले जाने वाला जहाज इस रास्ते से नहीं गुजरा है। जानकारी के मुताबिक, एक खाली तेल टैंकर, जिस पर अमेरिका ने प्रतिबंध लगाया है, वापस ईरान की तरफ लौट गया है। इससे साफ है कि क्षेत्र में तनाव और खतरे की वजह से जहाज कंपनियां फिलहाल सावधानी बरत रही हैं।



क्योंकि, दुनिया का 20% तेल यहीं (होर्मुज जलडमरूमध्य) से गुजरता है। अगर यहां कोई बड़ा विवाद या हमला होता है, तो ग्लोबल तेल कीमतों में भारी उछाल आ सकता है। होर्मुज जलडमरूमध्य में अभी स्थिति तनावपूर्ण है, लेकिन भारत के जहाज फिर से इस रास्ते से गुजरने की तैयारी कर रहे हैं। इसका मतलब है कि भारत कूटनीतिक तरीके से अपने ऊर्जा परिवहन को कायम रखने में सफल हो रहा है।

# भारत मौजूदा युद्ध को समाप्त कर सकता है

## मध्य पूर्व अशांति पर बोले संघ प्रमुख- देश की जनता मानवता को मानती है

एजेंसी समाचार

**नागपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भगवत ने शुक्रवार को नागपुर में विश्व हिंदू परिषद (वीएचपी) के विदर्भ प्रांत कार्यालय के शिलान्यास समारोह में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने वैश्विक अस्थिरता को दूर करने में भारत की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर देते हुए कहा कि भारत मौजूदा युद्ध को समाप्त कर सकता है। बढ़ते वैश्विक संघर्षों पर बोलते हुए भगवत ने कहा कि दुनिया धर्म की नींव पर संतुलन बहाल करने के लिए तेजी से भारत की ओर देख रही है। विभिन्न देशों से आ रही आवाजें मौजूदा युद्ध को समाप्त करने के लिए भारत की ओर मध्यस्थता की ओर देख रही हैं। उन्होंने उल्लेख किया कि अब यह व्यापक रूप से स्वीकार किया जाता है कि मध्य पूर्व की अंतर्निहित प्रकृति के कारण केवल भारत ही वहां शांति स्थापित करने में सक्षम है। उन्होंने कहा कि धर्म की नींव प्रदान करके लड़खड़ाती दुनिया में संतुलन बहाल करना भारत का दायित्व है। वर्तमान भू-राजनीतिक परिदृश्य की तीखी आलोचना करते हुए, आरएसएस प्रमुख ने भारत के ऐतिहासिक मूल्यों, विशेष रूप से 'मानवता के कानून,' की तुलना उस 'जंगल के कानून' से की जो वर्तमान में वैश्विक मामलों पर हावी है। उन्होंने भेड़िये और मेमने की पारंपरिक कहानी का उदाहरण देते हुए समझाया कि कैसे अक्सर आक्रामकता को जायज ठहराने के लिए शक्ति का दुरुपयोग किया जाता है। भगवत ने कहा कि सशक्त नैतिक बल के अभाव में, सत्य और निर्दोषता को अक्सर श्रेष्ठ शारीरिक या सैन्य शक्ति वाले लोग दबा देते हैं।



मध्य पूर्व और यूरोप में चल रहे युद्धों का जिक्र करते हुए, आरएसएस प्रमुख ने भारतीय हस्तक्षेप की बढ़ती अंतरराष्ट्रीय अपेक्षा पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि 2,000 वर्षों से विभिन्न विचारधाराएं स्थायी शांति लाने में विफल रही हैं क्योंकि उनमें परस्पर जुड़ाव और एकता की नींव का अभाव रहा है। भागवत ने स्वार्थ और क्षेत्रीय या वैश्विक प्रभुत्व की लालसा को आधुनिक संघर्षों का प्रमुख कारण बताया। उन्होंने लड़खड़ाती दुनिया को स्थिर आधार प्रदान करना एक आपस में जुड़ा कर्तव्य बताया। उन्होंने तर्क दिया कि जब तक सभी शांति में नहीं होंगे, तब तक सच्ची वैश्विक खुशी असंभव है। उन्होंने इस दर्शन को सनातन धर्म और भारतीय संविधान की प्रस्तावना का मूल बताया। अंतर्राष्ट्रीय संबंधों से परे, भागवत ने भारतीय समाज में आंतरिक शक्ति और नैतिक आचरण की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि भारत में जैन धर्म, बौद्ध धर्म और सिख धर्म सहित विभिन्न धर्मों के दर्शन भले ही भिन्न हों, लेकिन वे सभी एक ही नैतिक आचार संहिता पर केंद्रित हैंः सत्य, चोरी न करना और दूसरों की सेवा करना।

# चैत्र नवरात्री पर वैष्णो देवी में भक्तों की भारी भीड़

### खराब मौसम के बावजूद दर्शन के लिए पहुंचे 31,000 श्रद्धालु

एजेंसी समाचार

**जम्मू।** नवरात्र के पहले दिन बृहस्पतिवार को जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में त्रिकुटा पहाड़ियों पर स्थित माता वैष्णो देवी मंदिर में 31,000 से अधिक श्रद्धालु खराब मौसम की परवाह किए बिना पहुंचे और देवी मां के दर्शन किए। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, "नवरात्र के पहले दिन (बृहस्पतिवार) रात 10 बजे तक लगभग 31,690 तीर्थयात्रियों ने मंदिर में दर्शन किए और पूजा की।" नवरात्र 19 मार्च से शुरू हुए हैं और 27 को समाप्त होंगे, अधिकारियों को प्रतिदिन 30,000 से अधिक श्रद्धालुओं के मंदिर आने की उम्मीद है। अधिकारियों ने बताया कि शुक्रवार को यात्रा के लिए 15,000 से अधिक तीर्थयात्रियों ने पंजीकरण कराया जबकि सुबह से ही सैकड़ों लोग दर्शन के लिए मंदिर की ओर उमड़ पड़े। बृहस्पतिवार को भारी बारिश के बावजूद बड़ी संख्या में श्रद्धालु 'जय माता दी' का जयकारा लगाते हुए त्रिकुटा पहाड़ियों पर स्थित माता वैष्णो देवी मंदिर तक घुमावदार मार्ग पर चलकर दर्शन करने और देवी का आशीर्वाद प्राप्त करने पहुंचे।



उन्होंने बताया कि बोर्ड ने केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ), जम्मू-कश्मीर पुलिस और सेना के जवानों को शामिल करते हुए व्यापक, बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था लागू की है, साथ ही एक एकीकृत कमान और नियंत्रण केंद्र के माध्यम से सातों दिन व चौबीसों घंटे सीसीटीवी के जरिये निगरानी भी की जा रही है।


ईद-उल-फ़ितर
मा0 मौलाना मोहिबुल्लाह नदवी
सांसद, रामपुर
की पुरखुलूस मुबाकरबाद
एम0 सगीर
सभासद,
नगर पालिका परिषद टाण्डा, रामपुर
मोहम्मद फ़ारुक़
सांसद प्रतिनिधि सपा
मो.- 9719040113


गांव की तरक्की
किसान मजदूर का मान
यही हमारा संकल्प
यही अभियान
जनपद रामपुर एवं ज़िला पंचायत वार्ड 32
की समस्त जनता को
ईद-उल-फितर
एवं चैत्र नवरात्रि
की दिली
मुबारकबाद
एवं हार्दिक
शुभकामनाएं।
शाहिद अली सैफी
जिला सचिव, रालोद-रामपुर
वार्ड नं0- 32, मो0- 6395265203
शाहिद हुसैन
जिला अध्यक्ष, रालोद-रामपुर
पूर्व जिला पंचायत सदस्य, मो. 7351853786
निवेदक- शाहिद अली सैफी
जिला पंचायत वार्ड नं0-32 से सम्भावित प्रत्याशी


समस्त क्षेत्रवासियों को
ईद-उल-फितर
की दिली
मुबारकबाद
हाजी मुमताज अली
उर्फ हाजी भुट्टो
पूर्व ब्लॉक प्रमुख- गजरौला (अमरोहा)


ईद-उल-फितर की दिली मुबारकबाद
Affiliated by GOVT.
Saint Saif
English Academy
An English Medium Co-Educational Institute
Every Child Different & Unique
ADMISSION OPEN
Class- Pre-Nur. to 8th | 2026-27
Computer Lab
Transport
Contact us: 8859535509, 9568481786
सेंट सैफ पब्लिक इंटर कॉलिज
कक्षा 1 से 12 तक इंगलिश व हिन्दी मीडियम
ADMISSION OPEN
सुविधाएं
प्रशिक्षित, योग्य व अनुभवी अध्यापकों द्वारा शिक्षण कार्य
निर्धन छात्रों हेतु निःशुल्क प्रवेश
ट्रांसपोर्ट (वाहन) की सुविधा
पढ़ाई में कमजोर छात्र/छात्राओं हेतु निःशुल्क ट्यूशन की व्यवस्था
छात्राओं हेतु अलग कैम्पस की व्यवस्था
कक्षाओं में पर्याप्त फर्नीचर व जनरेटर की उचित व्यवस्था।
अच्छा अनुशासन, शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम।
भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान, ग्रह विज्ञान, भूगोल एवं कम्प्यूटर साईंस की सुसज्जित प्रयोगशालायें।
Stream Available
SCIENCE
ART
COMMERCE
ज्ञान, संस्कार
और
उज्जवल भविष्य
की ओर
प्रधानाचार्य
इक़बाल अहमद
M.Sc., B.Ed.
9458031551, 9568481786
नोट- कक्षा 1 से 12 तक प्रवेश प्रारम्भ
कला वर्ग, विज्ञान वर्ग, वाणिज्य वर्ग एवं कम्प्यूटर साईंस में प्रवेश हेतु सम्पर्क करें।
पता- मौ. बुद्ध नगर (नाईपुरा) गजरौला (अमरोहा)
M: 9756337719, 9837956211

पूरे भारत में सबसे कम फीस में अपने Business का रजिस्ट्रेशन कराएं घर बैठे
REGISTRATION INDIA TM©
हजारों संतुष्ट ग्राहक
ITR फाइलिंग मात्र ₹999/-
We Provide all consultancy related Services to NGO, Trust, Society, Private Limited Company, GST Registration, ITR Filing, TDS, FSSAI, Income tax
अपना काम Expert CA और Expert Advocate से ही करायें और भविष्य में होने वाली परेशानियों से बचें।
• MSME ₹ 499 • NGO Registration ₹12999
• 12 A ₹4999 • Niti Ayog (NGO Darpan) ₹999
• 80G ₹4999 • E- Anudan ₹999
• Trade Mark ₹7999 • Private Company Registration ₹11999
अपने संस्थान की किसी भी प्रकार की वेबसाइट बनवायें।
ISO Registration ₹4999
Contact: 7500223290 7500277920
T&C Apply
एल.आई.सी. रोड, सिविल लाइन्स, रामपुर 244901 (यू.पी.) Email: teamindia5050@gmail.com

**आवश्यकता**

उत्तर प्रदेश का तेजी से बढ़ता अखबार जागरण मोर्चा 9 मार्च से आपके के बीच आ रहा है। जिसमें जागरण मोर्चा को मुरादाबाद मंडल और जिला रामपुर में रिपोर्टरों और एजेंसी के लिए लोगों की आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त विज्ञापन के लिए संपर्क करें।

**मोबाइल नंबर**
7906815587, 9758444242

**एक नजर**

### बारिश के बीच अदा की गई अलविदा जुमा की नमाज

**टांडा :** अलविदा जुमा की नमाज बूंदाबांदी के बीच शांतिपूर्ण ढंग से अदा की। नगर की जामा मस्जिद समेत सभी मस्जिदों में नमाजियों की खासी भीड़ देखी गई। जामा मस्जिद में अलविदा जुमा की नमाज जामा मस्जिद के खतीब मुफ्ती मोहम्मद वसीम ने अदा कराई। खुत्बे से पहले इमाम-ए-शहर मुफ्ती महमूद आलम ने नमाजियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि इंसान गलतियां और गुनाह कर बैठता है, लेकिन अगर शर्मिंदगी महसूस कर सच्चे दिल से अल्लाह से तौबा कर ले और पक्का इरादा कर ले कि आगे गुनाह नहीं करेगा, तो अल्लाह बहुत रहम करने वाला है, वह गुनाह माफ कर देता है। इससे पहले मुफ्ती सईदुज्जफर क़ासमी ने सदका-ए-फितर की अहमियत बयान की।

# कोयला ढाबा पर छापेमारी 13 गैस सिलेंडर किए जब्त

## अवैध भण्डारण पर एफआईआर दर्ज

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** गैस की कालाबाजारी, अवैध भण्डारण के संबंध में प्राप्त शिकायत के आधार पर 19 मार्च को समय 2:10 बजे कोयला ढाबा, चाकू चौराहा, बिलासपुर रोड पर निरीक्षण किया। यह निरीक्षण जिला पूर्ति अधिकारी पूरन सिंह चौहान के नेतृत्व में क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी अजीत कुमार, विनोद कुमार विश्वकर्मा, पूर्ति निरीक्षक चुन्नीलाल एवं फरीन जहां द्वारा संयुक्त रूप से संपन्न किया गया।


छापेमारी के दौरान अधिकारियों द्वारा बरामद किए गए सिलेंडर। -जागरण मोर्चा

निरीक्षण के दौरान होटल के किचन क्षेत्र में कुल 13 कमर्शियल गैस सिलेंडर पाए गए, जिनमें 9 बड़े एवं 4 छोटे (5 किलोग्राम) सिलेंडर शामिल थे। जांच में पाया कि कुछ सिलेंडर भरे हुए एवं सीलबंद (भारत गैस) थे। कई सिलेंडर खाली अवस्था में (इंडेन एवं एचपी गैस) पाए गए। कुछ सिलेंडर चूल्हे से संलग्न अवस्था में उपयोग में थे तथा अतिरिक्त छोटे सिलेंडर भी सीलबंद अवस्था में उपलब्ध थे। मौके पर उपस्थित ढाबा के सुपरवाइजर लईक हसन द्वारा लिखित रूप से यह बताया कि गैस सिलेंडरों के संबंध में कोई वैध कनेक्शन अथवा अभिलेख उपलब्ध नहीं है तथा गैस विभिन्न एजेंसियों से प्राप्त की जाती है। स्थिति को गंभीरता से लेते हुए सभी सिलेंडरों को मौके पर ही जब्त कर लिया गया तथा उन्हें शमीम इण्डेन ग्रामीण वितरक, आंगा को सुरक्षित अभिरक्षा में सुपुर्द किया। इस निर्देश के साथ कि सक्षम न्यायालय, प्राधिकारी द्वारा मांगने पर यथावत प्रस्तुत किया जाएगा।

प्राथमिक जांच में स्पष्ट हुआ कि ढाबा संचालक द्वारा अवैध रूप से गैस का भण्डारण एवं दुरुपयोग किया जा रहा था, जो कि द्रवित पेट्रोलियम गैस (प्रदाय एवं वितरण का विनियमन) आदेश-2000 (संशोधित) का उल्लंघन है तथा आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 की धारा 3/7 के अंतर्गत दंडनीय अपराध है।

प्रकरण में कोयला ढाबा के मालिक (कोयला बाबा) के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा 3/7 के अंतर्गत प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। जनपद प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि गैस की कालाबाजारी एवं अवैध भण्डारण के विरुद्ध अभियान निरंतर जारी रहेगा तथा ऐसे मामलों में कठोरतम कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

### सघन अभियान में 9 वाहनों पर 1,25,000 का अर्थदंड

**जागरण मोर्चा कार्यालय, रामपुर :** जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी के निर्देशन में जनपद में सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के प्रभावी अनुपालन के लिए सघन प्रवर्तन अभियान चलाया। अभियान के तहत सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी द्वारा विभिन्न स्थानों पर वाहनों की व्यापक चेकिंग की।

चेकिंग के दौरान कई वाहनों में निर्धारित मानकों के विपरीत नंबर प्लेट का उपयोग किया जाना तथा टैक्स बकाया पाया गया। इस पर सख्त कार्रवाई करते हुए 9 वाहनों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की गई। वाहनों पर कुल 1,25,000 का अर्थदंड आरोपित किया। साथ ही वाहन स्वामियों को भविष्य में यातायात नियमों का पूर्णतः पालन करने एवं समय से समस्त देय करों का भुगतान करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि सड़क सुरक्षा के प्रति किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध अभियान निरंतर जारी रहेगा।

# थार कार ने दो युवक को मारी टक्कर, दूर तक घसीटा


हादसे के बाद क्षतिग्रस्त कार और नीचे फंसी बाइक। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुरः** देर रात जेल रोड पर एक तेज रफ्तार थार गाड़ी ने दो बाइक सवार युवकों को टक्कर मार दी। दोनों युवक करीब 300 मीटर तक सड़क पर घसीटते चले गए। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। यह देख आसपास के लोग मौके पर जमा हो गए। आनन-फानन में सूचना पुलिस को दी। थार कार चालक मौके से फरार हो गया।

दो युवक जोकि दुकान बंद करके घर की जा रहे थे। कि इसी बीच अरशान, फरमान को बजरिया मुल्ला जरीफ के पास थार कार चालक ने बाइक को टक्कर मार दी। साथ ही दोनों को कार से 300 मीटर तक घसीटता चला गया।

यह देख मौके पर लोगों ने सूचना पुलिस को दी। दोनों को उपचार के लिए जिला अस्पताल भिजवाया गया।चिकित्सकों ने अरशान को बेहतर उपचार के लिए कासमास के लिए रेफर कर दिया। जबकि फरमान का उपचार जिला अस्पताल में उपचाराधीन है। उधर पुलिस फरार चालक की तलाश में जुट गई है। पुलिस ने आसपास लगे फुटेज को खंगालना शुरू कर दिया है।

# महिला से बलात्कार की कोशिश, दो आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

जागरण मोर्चा कार्यालय

**टांडाः** नगर के एक मोहल्ले में एक महिला और उसकी दो जवान बेटियों के साथ छेड़छाड़ व बलात्कार की कोशिश का मामला सामने आया है। आरोप है कि मोहल्ले के ही मुर्तजा और उसके बहनोई आरिफ ने महिला के घर में घुसकर अश्लील हरकत कीं। विरोध पर उन्हें जमीन पर गिरा कर जबरदस्ती करने की कोशिश की गई। शोर-शराबे पर पड़ोसियों के पहुंचने पर दोनों फरार हो गए और धमकी देकर चले गए।

महिला ने एसपी को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उसका पति चाय की दुकान रामपुर दौराहे पर चलाता है। सुबह 7 बजे घर से निकलता है।रात 11 बजे लौटता है। इस दौरान महिला अपने बच्चों के साथ अकेली रहती है। मुर्तजा पहले से ही उस पर बुरी



नजर रखता था। आते-जाते रास्ते रोककर अश्लील हरकतें करता और विरोध करने पर जान से मारने तथा बेटियों को उठा ले जाने की धमकियां देता था।

मुर्तजा अपनी छत पर पैंट उतारकर नंगा हो जाता था, जिससे महिला और बेटियां शर्म के मारे छत पर नहीं चढ़तीं। घर से निकलना भी मुश्किल हो गया था।8 मार्च को दोपहर महिला घर में बच्चों के साथ थी। तभी मुर्तजा और आरिफ घर में घुस आए। आरिफ ने बुरी नियत से महिला को पकड़ लिया, जबकि मुर्तजा ने पैंट उतारकर नंगा होकर अश्लील हरकतें शुरू कर दीं। विरोध पर मुर्तजा ने महिला को जमीन पर गिराकर जबरदस्ती करने की कोशिश की। बचाव में आई बेटियों पर भी अश्लील हरकत की गईं। शोर मचाने पर अफरोज, नजाकत सहित अन्य लोग पहुंचे तो आरोपी बोले कि आज तो तू बच गई, अगली बार ऐसा हश्र करेंगे कि मुंह दिखाने लायक नहीं रहेगी।

बेटियों को उठा ले जाने की धमकी देकर दोनों फरार हो गए। महिला ने पहले थाना टांडा में शिकायत की, लेकिन रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई। 9 मार्च को एसपी को प्रार्थना पत्र दिया, फिर भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। मजबूरन दोबारा एसपी को प्रार्थना पत्र दिया गया। अब एसपी के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर ली है और आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी गई है। पुलिस आरोपी मुर्तजा और आरिफ की तलाश में जुटी है।

# हवन पूजन के साथ मुरादाबाद में खुला जागरण मोर्चा का कार्यालय


पत्नी शालू शर्मा के साथ हवन में आहुति देते दैनिक समाचार पत्र जागरण मोर्चा के जीएम राहुल शर्मा। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मुरादाबाद।** शुक्रवार को मुरादाबाद के मोहल्ला आजाद नगर स्थित रेलवे हरथला कालोनी में दैनिक समाचार पत्र जागरण मोर्चा का कार्यालय हवन पूजन के साथ खुला। इस मौके पर जीएम के अलावा स्टॉफ के लोग मौजूद रहे।

उत्तर प्रदेश में तेजी से बढ़ता दैनिक समाचार पत्र जागरण मोर्चा का कार्यालय पिछले कई दिनों से मोहल्ला आजाद नगर स्थित रेलवे हरथला कालोनी में तैयार हो रहा था। जिसका शुक्रवार को पंडित सतीश उनियाल ने शुभ मुहूर्त में पूजा कराई। उसके बाद हवन हुआ।जिसमें अखबार के जीएम राहुल शर्मा ने पत्नी शालू शर्मा के साथ हवन में आहुति दी। इसके बाद आरती की गई। इससे पहले जागरण मोर्चा का कार्यालय रामपुर, चंदौसी और संभल में पूजा अर्चना के साथ खुल चुका है। मुरादाबाद में हुए पूजन में इंदु शर्मा, कार्तिकेय शर्मा, प्रमोद कुमार शर्मा, वैशाली शर्मा, विनोद कुमार, रवि राजपूत, आशीष सिंह मौजूद रहे।

# दूसरे दिन भक्तों ने की ब्रह्मचारिणी की पूजा अर्चना

## सुबह से ही मंदिरों में भक्तों का पहुंचना हो गया शुरू

जागरण मोर्चा कार्यालय


**रामपुरः** चैत्र नवरात्र के दूसरे दिन शुक्रवार को मां ब्रह्मचारिणी की पूजा-अर्चना की गई। मंदिरों में सुबह की आरती के साथ ही दर्शन का सिलसिला शुरू हो गया जो देर शाम तक चलता रहा।

नवरात्र के दूसरे शुक्रवार को भक्तों ने मां ब्रह्मचारिणी की पूजा की। जिसका विशेष महत्व माना जाता है। श्रद्धालुओं ने व्रत रखकर मां से सुख, शांति, समृद्धि और मनोकामना पूर्ण होने की प्रार्थना की। महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों में विशेष उत्साह देखा गया। कई श्रद्धालु परिवार सहित मंदिर पहुंचे और विधि-विधान से पूजन किया। इसके अलावा मिस्टनगंज स्थित अग्रवाल धर्मशाला में पंडित विश्वनाथ प्रसाद मिश्रा पुजारी ने श्वेत पीले वस्त्र धारण कराया। गोला,मिश्री का भोग लगाकर


मंदिर में आरती करते पुजारी एवं भक्त। -जागरण मोर्चा

विशेष विधिवत पूजा अर्चना की।इसके साथ ही भक्तों ने हवन में आहुतियां देकर जगत कल्याण के लिए प्रार्थना की। पंडित ने मानव जीवन सफल बनाने के लिए सप्तशती कवच पाठ किया।

सभी भक्तों ने गणेश वंदना, दुर्गा चालीसा पाठ भी किया। भजन कीर्तन करते हुए महाआरती की। जिसमें भारी संख्या में लोग मौजूद रहे। मुख्य रूप पंडित विश्वनाथ प्रसाद मिश्रा पुजारी के साथ में पंडित सुखदेव मिश्रा, अन्नू मिश्रा, मुकेश, राजेन्द्र सिंह, राम भरोसे लाल यादव, तिलक राज, शैलेन्द्र कुमार अग्रवाल, सत्यम शर्मा, विश्वनाथ शर्मा, नीरज, सुधा,राजू,राधा रानी मौजूद रहे।

आप सभी को ईद-उल-फितर की दिली मुबारकबाद एवं चैत्र नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं
BHIM JI FILLING STATION
Parvinder Singh (Sonu)
Eklavya Singh (Babu)


NH-24, Moradabad-Bareilly Bypass Rampur
DG CLINIC
SKIN, HAIR & LASER
Dr. Sharmishtha Singh
Trico & Cosmetologist (सौन्दर्य विशेषज्ञ)
7599231107


शौकत अली रोड, नियर एक्सिस बैंक, सिविल लाइन्स, रामपुर (244901)


## एक नजर


### वर्टिकल व्यवस्था लागू होने से शहरवासी परेशान

रामपुर। समाजसेवी मोहम्मद राकिम खां ने जिलाधिकारी को लिखे पत्र में कहा है कि विद्युत वितरण खंड प्रथम, उपखंड द्वितीय के उपकेन्द्र रजा इंटर कॉलेज 33/11 केवी क्षेत्र के मिस्टन गंज फीडर व अन्य 7 फीडर सुबह 7 समय 10 बजे से बिजली सप्लाई बंद है। 3 घंटा बीत जाने के बावजूद बिजली सप्लाई अभी भी बंद है ट्रिपिंग और विद्युत कटौती से आमजन बेहाल वर्टिकल व्यवस्था लागू होने के बाद से पिछले 30-40 दिन से कई कई घंटे प्रतिदिन कटौती की जा रही है जिससे लोग और व्यापारी बेहाल है। अलविदा, नवरात्रि और ईद कल है बाजारों के अंदर त्योहारों की खरीदारी चल रही है आवागमन अधिक है और बिजली कटौती की वजह से अक्सर बाजारों के अंदर अंधेरा छाया है। दिन में गर्मी का पारा ज्यादा होने की वजह से दिन में भी विद्युत कटौती की जा रही है। जिसकी वजह से इन्वर्टर फेल हो जाते हैं। सबसे ज्यादा समस्या उपकेन्द्र रज़ा इंटर कॉलेज 33/11 केवी, किला गेट, नवाब गेट, शाहबाद गेट, पहाड़ी गेट, और डूंगरपुर बिजली घरों पर बनी हुई है। पिछले कई महीनों से इसको आधार बनाकर विद्युत अधिकारी पल्ला झाड़ लेते है। अभी तो गर्मी की शुरुआत हुई है।

# आखिरी जुमे को अदा की अलविदा की नमाज

## नमाज के दौरान रहे सुरक्षा के इंतजाम, मुल्क में अमन शांति की दुआ


जामा मस्जिद में खुतबा पड़ते शहर काजी सैयद खुशनूद मियां।


नमाज के बाद दुआ करते नमाजी। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

रामपुर। जामा मस्जिद में शहर काजी सैयद खुशनूद मियां ने जुमा अलविदा की नमाज अदा कराई। उन्होंने कहा कि यह महीना काफी रहमत और बरकत वाला है।यह हमसे रुखसत होने वाला है। इसमें नफल इबादत का सवाब फर्ज से ज्यादा मिलता है। उन्होंने कहा कि हर मालदार पर जकात भी जरूरी है।

उन्होंने जकात की अहमियत को बताया और कहा कि यह इस्लाम का हिस्सा हैं। जिसमें गरीबों और जरूरतमंदों का भला होता हैं। उन्होंने कहा कि जिनके पास साढ़े बावन तोले सोना चांदी या फिर उसके बराबर माल हैं। उन्हें ढाई फीसद जकात अदा करनी चाहिए। इमाम जामा मस्जिद ए नायब इमाम ए शहर मौलाना अब्दुल वहाब उर्फ फैजान खान कहा कि ईद उल फितर की नमाज से पहले सभी मुसलमान सदका ए फितर जरूर अदा करें, जोकि अफजल और बेहतर भी है। 2 किलो गेहूं या उसकी कीमत 55 रखी गई है। अपने और अपने नाबालिग बच्चों की जानिब से 55-55 रुपये निकालकर गरीबों को तकसीम करे। आखिर में सैयद खुशनूद मियां ने मुल्क में अमन शांति भाईचारा के लिए दुआ कराई। नमाज के बाद ये भी एलान किया कि ईद की नमाज ईदगाह में 7:30 बजे, और जामा मस्जिद में सुबह 8 बजे अदा होगी।


बैठक में बोलते डीएम। -जागरण मोर्चा

## सीएम डैशबोर्ड पर राजस्व कार्यों की समीक्षा

जागरण मोर्चा कार्यालय

रामपुर। जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सीएम डैशबोर्ड पर प्रदर्शित राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक हुई। बैठक के दौरान विभिन्न विभागों की प्रगति का विस्तृत मूल्यांकन किया गया।

समीक्षा के दौरान सीएम डैशबोर्ड पर निर्धारित लक्ष्यों के सापेक्ष अपेक्षित प्रगति न पाये जाने पर जिलाधिकारी ने जिला आबकारी अधिकारी का वेतन बाधित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि शासन की प्राथमिकताओं में शामिल कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।इसके अतिरिक्त मण्डियों से आय एवं आवक कम पाये जाने पर जिलाधिकारी ने मंडी सचिव रामपुर, शाहबाद, मिलक एवं बिलासपुर को प्रतिकूल प्रविष्टि देने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को मण्डियों की कार्यप्रणाली में सुधार लाते हुए आय एवं आवक बढ़ाने के लिए ठोस कार्ययोजना बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने धारा 24 के अंतर्गत पुराने वादों के लंबित होने के संबंध में संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि लम्बित वादों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण तय किया जाए। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे सीएम डैशबोर्ड पर प्रदर्शित योजनाओं एवं कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करते हुए लक्ष्य के अनुरूप प्रगति सुनिश्चित करें तथा किसी भी स्तर पर शिथिलता न बरती जाए।

## गरीबों को ईद की खुशियों में करें शामिल : मुफ्ती साकिब

जागरण मोर्चा कार्यालय

शाहबाद। रमजानउल मुबारक के आखिरी जुमे यानी जुमा अलविदा के मौके पर शहर समेत क्षेत्र भर की मस्जिदों में अलविदा जुमा की नमाज अदा की। इस दौरान नमाज के लिए मस्जिदे नमाजियों से भरी दिखी। शाहबाद की हर एक मस्जिद नमाजियों से भरी दिखाई दी।

इस मौके पर नगर पंचायत शाहबाद की ओर से प्रत्येक मस्जिद पर नमाजियों के स्वागत के लिए चूना डलवाया गया। रमजानउल मुबारक के आखिरी जुमे यानि अलविदा की नमाज के मौके पर नगर की प्रत्येक मस्जिद पर पुलिस तैनात रही। कोतवाल प्रदीप कुमार, एसआई रमेश चंद्र, एसआई दिलीप सिंह, एसआई अतिशय


शाहबाद में जुमा अलविदा के मौके पर नमाज अदा करते नमाजी। -जागरण मोर्चा

जैन मस्जिदों पर मौजूद रहे। उधर बिलाल मस्जिद में मुफ्ती साकिब ने बयान करते हुए कहा कि मोमिन ईद की खुशियों को गरीबों के संग मिलकर मनाएं। इस मौके पर जमा मस्जिद के इमाम सलमान ने रमजानउल मुबारक महीने की फजीलत बताते हुए कहा कि यह बरकतों का महीना आज हमसे जुदा हो रहा है, इस माह में अल्लाह की रहमतें बरसती है।

## तेज हवाओं और बारिश ने बढ़ाई किसानों की चिंता

जागरण मोर्चा कार्यालय

सैफनी: समेत आसपास के क्षेत्र में शुक्रवार सुबह आसमान में अचानक आसमान में काले बादल छा गए। कुछ देर बाद ही बारिश शुरू हो गई। जो दोपहर बाद बंद हुई। जिससे किसानों की फसल को लेकर चिंता बढ़ गई।

किसान पहले से ही आलू पर मंदी की मार झेल रहे हैं,लेकिन परेशानियां कम होने का नाम नहीं ले रही है। जब सरसों और गेहूं की फसल तैयार का समय गया तो मौसम ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। बारिश से गेहूं और सरसों की फसल को नुकसान हुआ है। गेहूं और सरसों की बुवाई के बाद से फसल तैयार होने तक फसल को जानवरों से बचाने के लिए रात जागकर खेतों


सैफनी में तेज हवाओं के साथ हुई बारिश में गिरी गेहूं की फसल।

के चक्कर लगाए, ताकि आवारा गोवंशों से फसलों को बचाया जा सके। फसलों को जानवरों से तो बचा लिया गया, लेकिन कुदरत की मार से कैसे बचाया जाए। बूंदाबांदी और हवा से गेहूं की फसल खेतों में ही गिर गई है। वहीं कुछ किसानों की सरसों की फसल कटी पड़ी है।

## मुल्क और कौम की तरक्की के लिए मांगी दुआएं

जागरण मोर्चा कार्यालय

मसवासी। रमजान के पाक महीने में अलविदा जुमे पर नमाजियों से मस्जिदें खचाखच भरी रहीं।नमाजियों ने समय से मस्जिदों में पहुंचकर नमाज अदा की।कौम और मुल्क की तरक्की के दुआ भी मांगी गई।

रमजान के पाक महीने में अलविदा जुमे को लेकर मुस्लिम समुदाय सुबह से ही तैयारियों में लग गया। जैसे ही नमाज का समय हुआ। भारी संख्या में मुस्लिम समाज के लोग मस्जिदों में पहुंचने लगे। मसवासी सहित ग्रामीण क्षेत्रों में भी में मस्जिदों में भारी भीड़ देखने को मिली। मानपुर उत्तरी की मदीना मस्जिद के इमाम शहादत हुसैन ने अलविदा जुमे की नमाज अदा कराई।


अलविदा जुमे को नमाजियों से खचाखच भरी मानपुर की जामा मस्जिद।

वहीं जामा मस्जिद में इमाम मोहम्मद हनीफ ने अलविदा जुमे की नमाज अदा कराई। मुल्क और कौम के लिए दुआएं मांगी। नगर पंचायत मसवासी समेत सभी ग्रामीण क्षेत्रों में जैसे मानपुर, धरमपुर, मौलागढ़, शिकारपुर, बब्बरपुरी हसन का माजरा, गगन नागली, खौद शरीफ आदि गांव में भी अलविदा जुमे की नमाज को लेकर मस्जिदें खचाखच भरी रही। अलविदा जुमे की नमाज शांति पूर्ण ढंग से निपटने पर पुलिस ने भी राहत की सांस ली।

## लोगों ने मुल्क में अमन-चैन और भाईचारे के लिए की दुआ

जागरण मोर्चा कार्यालय

दढ़ियाल: रमजान के आखिरी जुमे को अलविदा जुम्मा कहा जाता है। इस अवसर पर शुक्रवार को नगर सहित क्षेत्र के गांवों की मस्जिदें नमाजियों से खचाखच भर गईं। हजारों लोगों ने मुल्क में अमन-चैन और भाईचारे के लिए दुआ की। अलविदा जुम्मा होने के कारण नमाजी समय से पहले ही मस्जिदों में पहुंचना शुरू हो गए थे। अजान होने तक सभी मस्जिदें पूरी तरह भर चुकी थीं।

इस दौरान रोजेदार पारंपरिक कुर्ते-पजामे में नजर आए। नूरी मस्जिद के इमाम मुफ्ती अख्तर रजा ने खुतबे से पूर्व बयान करते हुए कहा कि रमजान के महीने में अल्लाह की राह में एक रुपया खर्च करने पर सात सौ गुना सवाब मिलता है।उन्होंने यह भी बताया कि रमजान में नफिल नमाज का सवाब फर्ज नमाज के बराबर और फर्ज नमाज का सवाब सत्तर फर्ज नमाज के बराबर मिलता है।

नमाज के बाद मस्जिदों में मुल्क में अमन, चैन, भाईचारे के साथ-साथ बेरोजगारों के लिए रोजगार, बीमारों के लिए शिफा (स्वास्थ्य) और बेऔलादों के लिए औलाद की दुआएं कराई। इस दौरान हजारों हाथ अल्लाह की बारगाह में उठे। रमजान का आखिरी जुमा होने के कारण कई नन्हे-मुन्ने बच्चों ने भी रोजे रखे। उन्होंने अपने माता-पिता की अच्छी सेहत के लिए दुआ की।

वही दूसरी ओर नगर सहित क्षेत्र के गांव रामपुर धम्मन, अकराबाद, सूरजपुर, जमालगंज, चौखंडी, लोदीपुर नायक, कुंडेसरा, भाऊपुर, मुबाना, चक, जटपुरा, पीपली नायक, मिलक, सिटला, घोसीपुरा, कैथोला, महुआ खेड़ा आदि सहित दर्जनों गांवों में अलविदा जुमे की नमाज अदा की गई।

## प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के तहत अनाथ बच्चों का कर रही पोषण

जागरण मोर्चा कार्यालय

रामपुर। प्रदेश में वित्तीय वर्ष 2021-22 से कोविड-19 महामारी के कारण अनाथ हुए बच्चों को उनके भरण-पोषण, शिक्षा, चिकित्सा आदि की व्यवस्था के लिए आर्थिक सहयोग प्रदान करने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश में उप्र मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना प्रारम्भ की गयी है। ऐसे बच्चों को रुपये 4000 प्रति माह की सहायता दी जा रही है।

11 से 18 वर्ष तक की आयु के बच्चों को कक्षा 12 तक की निःशुल्क शिक्षा के लिए अटल आवासीय विद्यालयों तथा कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालयों में प्रवेश कराया जा रहा है। प्रदेश सरकार इस योजनान्तर्गत लाभान्वित हो रही बालिकाओं के शादी योग्य होने पर शादी के लिए रुपये 1,01,000 रुपये एक लाख एक हजार मात्र की राशि भी उपलब्ध करा रही है। साथ ही इन श्रेणी के तहत आने वाले कक्षा-9 या इससे ऊपर की कक्षा में अथवा व्यवसायिक शिक्षा प्राप्त कर रहे 18 वर्ष तक के बच्चों को टेबलेट,लैपटाप की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।

इस योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2025-26 तक 16,061 बच्चों को लाभान्वित किया है। वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025-26 में योजना के अंतर्गत 14,214 बच्चों को रुपये 4000 माह की धनराशि प्रेषित की जा रही है। अब तक कुल 1003 बच्चों को लैपटॉप वितरित किये गये हैं। प्रदेश सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2021-22 में उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) शुरू की गई है।

इस योजना के अंतर्गत 18 साल से कम उम्र के ऐसे बच्चे जिन्होंने कोरोना से इतर कारणों से 1 मार्च 2020 के बाद माता-पिता दोनों या किसी एक को अथवा अभिभावक को खोया है, उनको प्रतिमाह 2500 रूपये की मदद पहुंचाई जा रही है। इस श्रेणी में आने वाले 18 से 23 साल के किशोर, जो कक्षा 12 की परीक्षा उत्तीर्ण कर राजकीय डिग्री कालेज, विश्वविद्यालय अथवा तकनीकी संस्थान से स्नातक की डिग्री या डिप्लोमा प्राप्त करना चाह रहे हैं, उन्हें लाभान्वित किया जा रहा है।

इसके अलावा नीट, जेईई व क्लैट जैसे राष्ट्रीय व राज्य स्तरीय प्रतियोगी परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले मेधावी छात्रों को 23 वर्ष की आयु पूरी होने या स्नातक शिक्षा अथवा मान्यता प्राप्त तकनीकी संस्थान से डिप्लोमा प्राप्त करने में जो भी पहले हो, तक इस योजना का लाभ दिया जा रहा है। योजना के संचालन की तिथि से वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025-26 तक 1,03,430 बच्चों को लाभान्वित किया गया है। वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025-26 में योजना के अन्तर्गत कुल 87,082 बच्चों को रूपये 500 माह की धनराशि से लाभान्वित किया जा रहा है।

## बारिश से बढ़ी ठंड, शहर के कई मोहल्लों में हुआ जलभराव

जागरण मोर्चा कार्यालय

रामपुर। शुक्रवार को मौसम का मिजाज बदल गया।दिन भर बारिश होने से ठंड लौट आई। हल्की रिमझिम से मौसम में आए इस बदलाव से वातावरण में ठंडक जरूर बढ़ गई और लोगों को एक बार फिर सर्दी का अहसास हुआ। लेकिन किसानों और बागबानों के लिए यह बारिश नाकाफी साबित हुई। सुबह से ही आसमान में बादलों का डेरा लगा रहा।

बारिश होने से शहर के मोहल्ला हाथीखाना, सिविल लाइंस, शाहबाद गेट, रोडवेज बस अड्डा, शिवापुरम कालोनी, पनवड़िया चौराहा, भमरौआ रोड, नालापार, बिलासपुर गेट, चाह खजान खां, जिला अस्पताल, मोहल्ला बेरियान समेत कई मोहल्लों में जलभराव


बारिश होने से शिवापुरम कॉलोनी में जलभराव। -जागरण मोर्चा

की स्थिति बनी रही। जिससे लोगों को आने-जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। बारिश होने से बिजली की लाइनों में भी फाल्ट हुए। बिजली नहीं आने पर उपभोक्ताओं ने बिजली निगम के अधिकारियों को फोन किए। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार 20,21 को भी बारिश आसार बता रहे हैं।

## अलविदा जुमे की नमाज में उमड़ा अकीदतमंदों का सैलाब

जागरण मोर्चा कार्यालय

सैफनी : शुक्रवार को नगर समेत क्षेत्र की विभिन्न मस्जिदों में नमाजियों की भारी भीड़ देखने को मिली। सुबह से ही मौसम खराब रहा और हल्की रिमझिम बारिश शुरू हो गई,जो दोपहर तक जारी रही। इसके बावजूद नमाजियों की आस्था में कोई कमी नहीं आई और लोग बड़ी तादाद में मस्जिदों में पहुंचे।

रमजान के आखिरी जुमे यानी अलविदा जुमे के मौके पर नगर स्थित सभी मस्जिदों में भी बड़ी संख्या में इलाके के लोग नमाज अदा करने पहुंचे। नमाज के दौरान लोगों ने देश में शांति, तरक्की, खुशहाली और आपसी सौहार्द बनाए रखने की दुआएं मांगी।अलविदा जुमे की नमाज को इस्लाम में खास महत्व दिया जाता है, क्योंकि यह रमजान के आखिरी


सैफनी में अलविदा जुमे के मौके तकिया वाली मस्जिद में नमाजियो की उमड़ी भीड़।

शुक्रवार की नमाज होती है। इस अवसर पर मस्जिदों में विशेष इंतजाम किए गए थे। नमाजियों की सुविधा के लिए साफ-सफाई, पानी और सुरक्षा व्यवस्था का खास ध्यान रखा गया। वहीं नमाज के बाद बाजारों में भी रौनक बढ़ गई है और लोग खरीदारी में जुटे हुए हैं। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर मुबारकबाद दी और ईद की तैयारियों को लेकर उत्साह नजर आया। अलविदा जुमे की नमाज ने पूरे माहौल को आध्यात्मिक रंग में रंग दिया, जिससे क्षेत्र में भाईचारे और एकता का संदेश भी गया।

## मूल्यांकन के लिए 1017 शिक्षकों की लगी ड्यूटी, तीसरे दिन भी केंद्रों पर जारी रहा कार्य

जागरण मोर्चा कार्यालय

रामपुर। तीसरे दिन शुक्रवार को भी केंद्रों पर मूल्यांकन कार्य जारी रहा। जनपद के राजकीय रजा इंटर कॉलेज और राजकीय मुर्तजा इंटर कॉलेज पर शुरू हुए मूल्यांकन कार्य को पारदर्शी और निष्पक्ष बनाने के लिए शिक्षा विभाग की ओर से सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। दोनों केंद्रों पर स्टेटिक और सेक्टर मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है।

पहले और दूसरे दिन जहां कॉपियों के मूल्यांकन की गति धीमी थी तो वहीं तीसरे दिन 20,221 कॉपियों को जांचा गया। डीआईओएस ने बताया कि उत्तर पुस्तिकाएं धीरे-धीरे केंद्रों पर पहुंच रही हैं और जल्द ही सभी कॉपियां उपलब्ध हो जाएंगी। आंकड़ों के अनुसार इस बार हाईस्कूल की 86,652 और इंटरमीडिएट की 1,35,480 कॉपियों का मूल्यांकन किया जाना है। इसके लिए पर्याप्त संख्या में परीक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है।

इंटरमीडिएट के लिए 359 और हाईस्कूल के लिए 658 शिक्षकों को मूल्यांकन कार्य में लगाया गया है। कॉपियों का मूल्यांकन सीसीटीवी की निगरानी में कराया जा रहा है। तीसरे दिन 20,221 कॉपियों को जांचा गया। उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में कराया जा रहा है। सुरक्षा को लेकर दोनों केंद्रों पर पुलिस बल की तैनाती की गई है।

## शाहबाद की टीम ने पैसे कराए वापस

जागरण मोर्चा कार्यालय

शाहबाद: साइबर पुलिस ने नगर निवासी युवक के खाते से कटी 8110 रुपये की राशि वापस कराई है। शाहबाद नगर निवासी यासीन वेग के साथ यह साइबर धोखाधड़ी हुई थी। ऑनलाइन साइबर पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई थी।

यासीन वेग के बैंक खाते से 8110 रुपये कट गए थे। 23 फरवरी को स्वयं ऑनलाइन साइबर पोर्टल पर इस संबंध में शिकायत दर्ज की। अपर पुलिस महानिदेशक साइबर क्राइम उत्तर प्रदेश के निर्देशों के तहत यह कार्रवाई की गई। साइबर अपराधों की रोकथाम और अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई के लिए अभियान चलाया जा रहा है।

रामपुर के पुलिस अधीक्षक


युवक के खाते में लौटी रकम का कागजात देती शाहबाद पुलिस की साइबर टीम।

विद्यासागर मिश्र, अपर पुलिस अधीक्षक साइबर नोडल अधिकारी अनुराग सिंह और क्षेत्राधिकारी साइबर अपराध हर्षित सिंह के कुशल नेतृत्व में यह प्रकरण सुलझाया गया। इस मामले में थाना शाहबाद के प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार और साइबर सेल के प्रभारी निरीक्षक जय प्रकाश सिंह के नेतृत्व में थाना स्तर पर गठित साइबर टीम ने त्वरित कार्रवाई की। टीम ने तकनीकी संसाधनों का उपयोग करते हुए शिकायतकर्ता यासीन वेग के 8110 रुपये 20 मार्च 2026 को उनके बैंक खाते में वापस करा दिए।

# जिले में नवाचारों से विकास कार्यों को मिली नई गति जीरो टॉलरेंस नीति से मजबूत हुई कानून व्यवस्था

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर कृषि राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख, जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी, पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र, मुख्य विकास अधिकारी गुलाब चन्द्र, भारत भूषण गुप्ता ने विकास भवन सभागार में दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इस दौरान विकास भवन सभागार में प्रोजेक्टर के माध्यम से जनपद में कराए उल्लेखनीय विकास कार्यों की झलक प्रस्तुत की।

प्रस्तुतीकरण के माध्यम से विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं, नवाचारों एवं उपलब्धियों को प्रभावी ढंग से दर्शाया गया।राज्यमंत्री ने कहा कि फार्मर रजिस्ट्री, आईजीआरएस कई अन्य योजनाओं में प्रदेश में प्रथम स्थान लाने का कार्य के साथ-साथ जनपद में कानून व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन को बधाई दी। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की 25 करोड़ जनता की सेवा का संकल्प आज 9 वर्ष पूर्ण कर रहा है। यह केवल सरकार के कार्यकाल का नहीं, बल्कि सुशासन, सुरक्षा और विकास की नई यात्रा का प्रतीक है, जिसकी शुरुआत वर्ष 2017 में माननीय प्रधानमंत्री के विजन के साथ हुई। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 का जनादेश केवल सरकार बदलने का नहीं, बल्कि व्यवस्था परिवर्तन का स्पष्ट संदेश था। इन नौ वर्षों में उत्तर प्रदेश ने अराजकता से व्यवस्था, निराशा से विश्वास और बीमारू से विकासशील राज्य तक की ऐतिहासिक यात्रा तय की है।

मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश ने निर्णायक, पारदर्शी और परिणाम में शासन का मॉडल प्रस्तुत किया है, जिसके तीन प्रमुख आधार स्तंभ हैं कानून का राज, पारदर्शी प्रशासन और अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ। कानून व्यवस्था में सुधार को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि प्रदेश में जीरो टॉलरेंस नीति लागू की गई, जिससे अपराध और माफिया पर प्रभावी नियंत्रण हुआ है। उत्तर प्रदेश निवेश और विकास के लिए सुरक्षित वातावरण प्रदान कर रहा है। गरीब कल्याण के क्षेत्र में सरकार की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए उन्होंने बताया कि करोड़ों लोगों को मुफ्त राशन, आयुष्मान योजना के तहत स्वास्थ्य सुरक्षा, पेंशन और विभिन्न योजनाओं के माध्यम से सीधे लाभ पहुंचाया गया है। महिला सशक्तिकरण के तहत स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाएं आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन रही हैं।राज्यमंत्री ने कहा कि कृषि क्षेत्र में प्रदेश ने उल्लेखनीय प्रगति की है। खाद्यान्न उत्पादन में वृद्धि, गन्ना मूल्य भुगतान और प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के माध्यम से किसानों को सीधे आर्थिक सहायता प्रदान की गई है। 9 वर्ष सुशासन, जनविश्वास और विकास के रहे हैं। उत्तर प्रदेश न केवल बदल रहा है, बल्कि बदल चुका है और देश की प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि जनपद में कई इण्टर कालेजों का निर्माण कार्य कराये गये हैं जिससे बच्चों को शिक्षा के लिए दूर न जाना पड़े। उन्होंने कहा कि जनपद में बेहतर विद्युत की जा रही है। उन्होंने कहा कि जनपद में सड़कों का चौड़ीकरण कार्य बेहतर ढंग से कराया जा रहा है। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में आईजीआरएस एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से प्रभावी कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि फार्मर रजिस्ट्री के कार्य को बेहतर ढंग से कराकर जनपद ने प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। साथ ही, जनपद में नये-नये नवाचारों के माध्यम से विकास कार्यों को गति दी जा रही है, जिससे आमजन को योजनाओं का अधिकतम लाभ सुनिश्चित हो रहा है।कार्यक्रम के दौरान राज्यमंत्री ने श्रम विभाग के लाभार्थियों अमर सिंह को कन्या विवाह सहायता के अन्तर्गत 5500 रुपये, संजीव सैनी एवं नाजिम खान को मातृत्व शिशु एवं मदद योजना के तहत 31000 रुपये, अशोक कुमार एवं मोहम्मद आलम को मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना के अंतर्गत 2.36 लाख रुपये का चेक प्रदान किया गया। खादी ग्रामोद्योग विभाग द्वारा राजकुमार को निःशुल्क विद्युत चालित चाक, रामकिशोर एवं लक्ष्मण प्रसाद को पगमिल मेकिंग मशीन एवं अरविन्द कुमार को मोटराइज्ड दोना मेकिंग मशीन प्रदान की गई।राज्य ग्रामीण आजीविक मिशन के तहत 5 स्वयं सहायता समूहों को उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया। कृषि विभाग द्वारा 05 कृषकों को अनुदान सहायता के अन्तर्गत कृषि यन्त्रों का प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया। इस दौरान सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग से पंजीकृत दल श्रीमंत आरिफ नादान कव्वाल रामपुर एवं मस्ताना एंड पार्टी शाहबाद द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये गये। इस दौरान राज्य मंत्री ने प्रेस प्रतिनिधियों के साथ प्रेस वार्ता भी की।


लाभार्थी को सम्मानित करते मुख्य अतिथि। -जागरण मोर्चा

## एक नजर



### ओलावृष्टि से किसानों की फसलों को हुआ भारी नुकसान : वीरेश

**रामपुर।** जिले में हाल ही में हुई बारिश एवं ओलावृष्टि से किसानों की फसलों को भारी नुकसान हुआ है। जिससे किसानों के सामने गंभीर आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है। भारतीय किसान संघ के जिलाध्यक्ष वीरेश शर्मा ने जिलाधिकारी से मांग की है कि प्रभावित क्षेत्रों का तत्काल सर्वे कराकर किसानों को हुए नुकसान का उचित मुआवजा दिलाया जाए। उन्होंने कहा कि किसान पहले से ही विभिन्न समस्याओं से जूझ रहा है। ऐसे में प्राकृतिक आपदा के कारण उसकी स्थिति और दयनीय हो गई है। प्रशासन को संवेदनशीलता दिखाते हुए शीघ्र राहत प्रदान करनी चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि समय रहते किसानों को राहत नहीं दी गई तो भारतीय किसान संघ किसानों के हित में आगे की रणनीति बनाने को बाध्य होगा।

## हिंदू नव वर्ष एवं चैत्र नवरात्रि उत्सव मनाया

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** हिंदू नव वर्ष एवं चैत्र नवरात्रि उत्सव बहुत उत्साह के साथ गत वर्षो की भांति मनाया। कार्यक्रम का आरंभ हरिहर मंदिर पुराना गंज रामपुर के परागण में आरंभ हुआ। जहां भक्त एकत्रित हुए। हरिहर मंदिर के अध्यक्ष पंडित संजय शर्मा ने स्वस्ति वाचन किया और मंदिर महामाया ट्रस्ट के अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल ने मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री शिव बहादुर सक्सेना का स्वागत किया। इकट्ठा क्षेत्र वासियों ने हर हर महादेव के और जय माता की के जयकारे लगाए बाद में पूर्व मंत्री शिव बहादुर सक्सेना ने ध्वज यात्रा में शामिल ध्वजों का पूजन कर आरंभ किया।

ध्वज यात्रा मंगल कीपैड पुराना गंज पुलिस चौकी जिला सहकारी बैंक सराफा बाजार होती हुई मंदिर महामाया के परिसर में आकर संपन्न हुई। बाबा मोहन राम संस्था द्वारा ध्वज यात्रा का स्वागत सदस्यों माधव त्यागी ताराचंद संजय प्रजापति राजीव कुमार विनीत गुप्ता द्वारा किया गया। ध्वज यात्रा का नेतृत्व सुनील अग्रवाल, उमेश कुमार सिंघल, सुनील सक्सेना, संदीप अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, रविंद्र गुप्ता, राम शरण देवल, अश्वनी त्यागी, अतुल शर्मा संजू अग्रवाल सुरेश प्रजापति आदि शामिल थे।


कार्यक्रम में मौजूद भक्त। -जागरण मोर्चा

## नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में छात्र धीरज का चयन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** विकास क्षेत्र चमरौआ के प्राथमिक विद्यालय कल्याणपुर के कक्षा 5 के छात्र धीरज ने नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा 2026 उत्तीर्ण कर विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया है। धीरज की इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार एवं क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। छात्र धीरज को नवोदय विद्यालय, किरा में कक्षा 6 में प्रवेश मिलेगा। इस सफलता पर विद्यालय की प्रधानाध्यापिका कुसुमरानी ने छात्र को मिठाई खिलाकर बधाई दी तथा उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। छात्र की सफलता पर उसकी माता रुमा सागर एवं पिता रवि सागर ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विद्यालय परिवार का आभार जताया। विद्यालय के समस्त शिक्षकों एवं ग्रामीणों ने भी छात्र को बधाई दी।


छात्र को मिठाई खिलाती शिक्षिका।

## तेज आंधी और बारिश से पककर तैयार गेहूं की फसल जमीन पर गिर गई

जागरण मोर्चा कार्यालय

**सैदनगरः** क्षेत्र में तेज आंधी और बारिश में खड़ी गेहूं की फसल जमीन पर गिर गई। जिससे किसानों को भारी नुकसान हुआ। प्रभावित किसानों ने प्रशासन से सर्वे कर मुआवजा देने की मांग की है। रतनपुरा, खौद, हकीम गंज, मुरसैना खिजरपुर, मिश्री नगर सींगनखेड़ा आदि गांव में अचानक बदले मौसम ने किसानों की मुश्किलें बढ़ा दीं।तेज आंधी और बारिश के कारण सैकड़ों बीघा में खड़ी गेहूं की फसल जमीन पर गिर गई, जिससे किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। खेतों में तैयार फसल आंधी के तेज झोंके और बारिश की मार से पूरी तरह बिछ गई। जिससे उत्पादन पर भी गंभीर असर पड़ने की आशंका है। किसानों का कहना है कि इससे पहले अधिक बारिश के चलते धान की फसल भी बर्बाद हो चुकी थी, जिससे वे पहले ही आर्थिक संकट का सामना कर रहे थे। अब गेहूं की फसल को हुए नुकसान ने उनकी चिंताओं को और बढ़ा दिया है।किसान पहलवान मुराद अली अजहर सलामत आदि किसानों ने बताया कि इस बार की फसल से उन्हें काफी उम्मीदें थीं, लेकिन अचानक आए मौसम ने सारी उम्मीदों पर पानी फेर दिया। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि प्रभावित क्षेत्रों का जल्द सर्वे कराया जाए और उन्हें उचित मुआवजा दिया जाए।


आंधी बारिश से गिरी फसल। -जागरण मोर्चा

## ओपीडी को लेकर सीएमएस, चेस्ट फिजिशियन आए आमने-सामने

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** जिला अस्पताल में ओपीडी को लेकर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक और चेस्ट फिजिशियन आमने-सामने आ गए। चेस्ट फिजिशियन का कहना है कि वह मरीजों की ओपीडी नहीं करेंगे। इसको लेकर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक ने कमरे में जाकर कारण पूछा, तो इस पर दोनों में काफी देर तक वार्ता हुई। चेस्ट फिजिशियन डॉक्टर डीके वर्मा ने बताया कि हम मरीज नहीं देखेंगे। यह सुनकर सीएमएस तिलमिला गए। इस दौरान कमरे में मरीजों की लंबी कतार लग गई।

जिला अस्पताल प्रशासन चिकित्सकों पर कार्यवाही करने का प्लान बनाया है। अस्पताल प्रशासन के अनुसार पिछले दिनों जिलाधिकारी ने मरीज को परामर्श के लिए अस्पताल भिजवाया था। जिनको उपचार के लिए डॉक्टर डीके वर्मा के पास भेजा गया तो उन्होंने साफ तौर पर देखने को मना कर दिया। शुक्रवार को भी कुछ ऐसा ही देखने को अस्पताल में मिला।मुख्य चिकित्सा अधीक्षक के कार्यालय के बाहर मरीजों की लंबी कतार लगी हुई थीं। यह देखकर सीएमएस ने मरीजों से पर्चा लेकर बीमारी के बारे में जाना। उनको उनको उपचार के लिए डॉ डीके वर्मा के पास भेजा। मरीज को डॉक्टर ने देखने से इंकार कर दिया। यह बात मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को मरीजों ने बताया तब वे अपने कमरे से उठे। वो सीधे चेस्ट फिजिशियन के कमरे में गए। ओपीडी को लेकर दोनों में काफी देर तक कहासुनी हुई। सीएमएस ने बताया कि ओपीडी को चेस्ट फिजिशियन ने मना कर दिया था। इस पर मरीजों की ओपीडी अपने सामने कराई हैं।

## स्वतंत्रता संग्राम की नायिका को किया नमन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** तहसील सदर के ग्राम चिकटी रामनगर में वीरांगना अवंती बाई लोधी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। पुण्यतिथि कार्यक्रम में केदार लोधी और कबड्डी खिलाड़ी सुनील यादव ने वीरांगना अवंती बाई लोधी के चित्र पर माल्यार्पण किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कबड्डी खिलाड़ी सुनील यादव और मनीष लोधी ने कहा कि सन 1857 में हुए संग्राम के दौरान वीरांगना अवंती बाई की अहम भूमिका थी। रानी अवंती बाई लोधी भारत के प्रथम स्वाधीनता संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली प्रथम महिला शहीद वीरांगना थीं।1857 की क्रांति में रामगढ़ की रानी अवंती बाई रेवांचल में मुक्ति आंदोलन की सूत्रधार थीं। 1857 के मुक्ति आंदोलन में इस राज्य की अहम भूमिका थी। जिससे भारत के इतिहास में एक नई क्रांति आई। इस दौरान केदार लोधी, धर्मवीर लोधी ने कहा कि अवंती बाई लोधी ने प्रथम स्वतंत्रता संग्राम से लेकर देश के आजाद होने तक भिन्न- भिन्न रूप में अपना अहम योगदान दिया। परंतु भारतीय इतिहासकारों ने हमेशा से उन्हें नजर अंदाज किया है। सत्यपाल लोधी, इमरान खान ने कहा कि देश में सरकारों या प्रमुख सामाजिक संगठनों द्वारा स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े हुए लोगों के जो कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं,वो सिर्फ और सिर्फ कुछ प्रमुख स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के होते हैं,लेकिन बहुत से ऐसे स्वतंत्रता संग्राम सेनानी हैं जिनके अहम योगदान को न तो सरकारें याद करती हैं। न ही समाज याद करता है। इस दौरान मनीष लोधी, धर्मवीर लोधी,दर्शन लोधी, सत्यपाल लोधी, ज्ञान सिंह यादव, धर्मपाल यादव, तेजपाल लोधी, रज्जन श्रीवास्तव, भजनलाल, तोताराम श्रीवास्तव, पूरण सिंह लोधी, गंगाराम लोधी, गजेंद्र यादव आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे।



कार्यक्रम के दौरान मौजूद लोग। -जागरण मोर्चा

## 26 साल बाद रमजान में पड़े पांच जुमें

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहबाद।** शुक्रवार को रमजान के आखिरी यानी जुमा अलविदा की नमाज अदा की, लेकिन इसके साथ एक संयोग भी हुआ कि 26 सालों के बाद इस बार के रमजान के महीने में पांच जुमे हुआ। जुमा यानी अलविदा जुमा अकीदत, एहतराम और रूहानी जज़्बे के साथ अदा किया गया। यह दिन मुसलमानों के लिए बेहद खास है, क्योंकि यह रमजान के रुखसत होने का पैगाम देता है।

अलविदा जुमा इबादत, तौबा, दुआ और अल्लाह की रहमत पाने का अहम मौका होता है। शाहबाद शहर की सभी मस्जिदों में नमाज के लिए खास तैयारियां की गई हैं। लोग बड़ी संख्या में नमाज अदा करने पहुंचेंगे।इस बार अलविदा जुमा और रमजान का आखिरी दिन एक खास संयोग में पड़ रहे हैं। भारत में 21 मार्च 2026 को ईद-उल-फितर मनाए जाने की संभावना के बीच यह माना जा रहा है,रमजान की विदाई और अलविदा जुमा हुआ। इस बार रमजान का महीना एक दुर्लभ संयोग लेकर आया है। करीब 26 साल बाद ऐसा मौका आया है, जब पूरे रमजान में पांच जुमे पड़े हैं. आमतौर पर रमजान में चार जुमे ही आते हैं, लेकिन इस बार पांच जुमों का पड़ना लोगों के बीच खास चर्चा का विषय बना हुआ है. धार्मिक जानकार इसे रहमत, बरकत धार्मिक विद्वानों के अनुसार रमजान में पड़ने वाला हर जुमा अपने आप में बहुत अहम होता है, लेकिन पांच जुमों का होना अल्लाह की खास नेमत माना जाता है। मुस्लिम धर्म के विद्वानों की माने तो पांच जुमें पड़ना कोई मामूली बात नहीं, बल्कि अल्लाह की खास मेहरबानी है। रमज़ान माह के अंतिम दिन यानी जुमा अलविदा को देश में अमन चैन की दुआएं की गई।

कार्यक्रम | सीआरपीएफ परिवार कल्याण केंद्र में टीबी और किडनी रोग जागरूकता एवं बचाव शिविर

## आयुर्वेदिक एवं यौगिक जीवन शैली से टीबी और किडनी रोगों से करें बचाव : रेखा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** क्षेत्रीय सीआरपीएफ परिवार कल्याण संस्था अध्यक्षरेखा सिंह ने समूह केंद्र स्थित परिवार केंद्र सभागार में आयोजित टीबी और किडनी रोग से बचाव एवं निदान कार्यशाला का शुभारंभ करते हुए कहा कि योग और आयुर्वेद निरोगी जीवन का आधार है। आधुनिक चिकित्सा के साथ आयुर्वेद और योग को अपनी दिनचर्या का नियमित हिस्सा बनाना चाहिए।

कार्यक्रम में विशेष वक्ता के रूप में उपस्थित प्रसिद्ध आयुर्वेद मनोचिकित्सक डॉ. कुलदीप सिंह चौहान ने टीबी और किडनी रोगों के प्रबंधन में आयुर्वेद की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि फेफड़ों की सुरक्षा के लिए जरूरी है कि धूम्रपान से पूर्णतया बचाव रखें एवं फेफड़ों की मजबूती के लिए प्राणायाम में अनुलोम-विलोम और भस्त्रिका का नियमित अभ्यास एक सुरक्षा कवच का काम करता हैं। आयुर्वेदिक जड़ी-बूटियों जैसे गिलोय, तुलसी और अश्वगंधा का सेवन रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाकर संक्रमण से लड़ने में मदद करता है।

दो सप्ताह से अधिक समय की खांसी होने पर आपने क्षेत्र की आशा से संपर्क कर डॉट केंद्र से टीबी की जांच कराएं। किडनी की सुरक्षा के लिए पुनर्नवा, गोक्षुर और वरुण जैसी जड़ी-बूटियां लाभकारी हैं। उन्होंने मानसिक स्वास्थ्य और शारीरिक व्याधियों के अंतर्संबंध को समझाते हुए कहा कि तनाव मुक्त रहने के लिए भ्रामरी प्राणायाम और ध्यान का नियमित अभ्यास अनिवार्य है। उचित पोषण और संचरण के लिए संतुलित आहार और रसायनों से मुक्त भोजन अपनाना हमारे लिए आज की सबसे प्रमुख प्राथमिकता होनी चाहिए। ताकि फेफड़े और किडनी जैसे महत्वपूर्ण अंगों की प्रतिरोधक क्षमता बनी रहे।

स्वास्थ्य कार्यशाला में क्षेत्रीय कावा अध्यक्ष रेखा सिंह धर्मशक्तू, सभी अधिकारी की पत्नी संगीता, हेमलता और सीडब्ल्यूए सचिव रणधीर प्रताप और आरसीडब्ल्यूए के सदस्य इंस्पेक्टर। वीपी ध्यानी, मंजू महला, सुनिधि, शिवानी, सत्या, दीपक कुमार, मंजीत दास और ग्रुप सेंटर परिसर में रहने वाले लगभग 65 परिवारों और सीआरपीएफ कर्मियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में कावा सचिव रणधीर सिंह ने मुख्य वक्ता सहित सभी का आभार व्यक्त किया। उपस्थित जनों को स्वस्थ एवं व्यसन मुक्त जीवन जीने का संकल्प दिलाया।


कार्यक्रम में मौजूद लोग। -जागरण मोर्चा

## बेमौसम बारिश से किसानों की बढ़ी चिंता, गेहूं की फसल खेतों में गिरी, लाई को भारी नुकसान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**स्वार।** क्षेत्र में गुरुवार रात से शुरू हुई तेज बारिश और आंधी ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। बेमौसम बारिश के चलते तैयार हो रही गेहूं की फसल को भारी नुकसान पहुंचा है। तेज हवाओं के कारण खेतों में खड़ी गेहूं की फसल जमीन पर गिर गई है, जिससे किसानों के सामने बड़ा संकट खड़ा हो गया है। किसानों का कहना है कि फसल कटाई बिल्कुल नजदीक थी।

ऐसे में इस अचानक आई इस बेमौसम बारिश और तेज हवा ने उनकी महीनों की मेहनत पर पानी फेर दिया है। कई किसानों ने बताया कि यदि फसल कुछ ही दिनों में कट जाती तो नुकसान से बचा जा सकता था, लेकिन अब गिरी हुई फसल की कटाई और दाने की गुणवत्ता दोनों पर असर पड़ेगा।क्षेत्र के कई गांवों में गेहूं की फसल बुरी तरह से खेतों में लेट गई है, जिससे न सिर्फ उत्पादन में कमी आएगी, बल्कि कटाई में भी अतिरिक्त खर्च उठाना पड़ेगा।

गिरी हुई फसल में नमी बढ़ने के कारण दाने काले पड़ने और अंकुरित होने का भी खतरा बढ़ गया है, जिससे किसानों को बाजार में उचित मूल्य मिलने में दिक्कत हो सकती है। लगातार हो रही बारिश के चलते मौसम में भी अचानक बदलाव आया है। तापमान में गिरावट दर्ज की गई है और ठंडक बढ़ गई है। मौसम विभाग के अनुसार यदि अगले कुछ दिनों तक इसी तरह मौसम बना रहा तो नुकसान और बढ़ सकता है।

बेमौसम बारिश का असर केवल गेहूं तक ही सीमित नहीं है, बल्कि खेतों में लगी सब्जी की फसलें भी इससे बुरी तरह प्रभावित हुई हैं। आलू, सरसों, मटर और हरी सब्जियों को खासा नुकसान हुआ है। जलभराव के कारण कई खेतों में फसल सड़ने की आशंका भी जताई जा रही है। किसानों ने प्रशासन से नुकसान का सर्वे कराकर उचित मुआवजा दिलाने की मांग की है।

## सम्पादकीय

# संवेदनशील बने न्यायिक तंत्र, कई बार अनकही रह जाती है पीड़ा

सुप्रीम कोर्ट ने पॉक्सो मामले में इलाहाबाद हाई कोर्ट का फैसला रद्द कर दिया, जिसमें समन के महत्व को कम किया गया था। कोर्ट ने यौन अपराधों में संवेदनशीलता बढ़ाने के लिए दिशानिर्देश बनाने की प्रक्रिया शुरू की और लैंगिक रूढ़ियों पर अपनी 2023 की हैंडबुक भी रद्द की।

पिछले दिनों सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाई कोर्ट के उस फैसले को रद कर दिया, जिसमें यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण अधिनियम, 2012 (पोक्सो) के एक मामले में समन के महत्व को कम कर दिया गया था। जज सूर्यकांत, जायमाल्य बागची और एनवी अंजारी की पीठ ने ट्रायल कोर्ट के मूल समन आदेश को बहाल किया और कहा कि प्रथमदृष्ट्या आरोपों से दुष्कर्म करने का 'प्रयास' प्रतीत होता है, न कि केवल 'तैयारी'। यही नहीं सुप्रीम कोर्ट ने लैंगिक संवेदनशीलता के नवीन मानकों को स्थापित करते हुए यौन अपराधों के मुकदमों में अधिक संवेदनशील और एकसमान न्याय-निर्णय के लिए दिशा-निर्देश तैयार करने की प्रक्रिया शुरू की।

इन निर्देशों को जारी करते हुए मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने लैंगिक रूढ़ियों से निपटने के लिए सुप्रीम कोर्ट द्वारा 2023 में जारी की गई हैंडबुक को रद कर दिया। उक्त मामला 17 मार्च, 2025 को इलाहाबाद हाई कोर्ट के उस निर्णय से संबंधित है, जिसमें उसने ट्रायल कोर्ट के समन को भारतीय दंड संहिता की धारा 376 के तहत दुष्कर्म के आरोप से घटाकर धारा 354 बी के तहत 'वस्त्र उतारने के इरादे से हमला' कर दिया था। इसके साथ ही पोक्सो के संबंधित प्रविधानों को भी धारा 18 से घटाकर धारा 10 कर दिया गया था, जिसमें आजीवन कारावास की आधी सजा का नियम है, जबकि धारा 18 में 5-7 वर्ष के कारावास का प्रविधान है। सुप्रीम कोर्ट ने यह माना कि देश की विभिन्न अदालतों में संवेदनशीलता को लेकर बरती जाने वाली सावधानी में कहीं न कहीं चूक हो जाती है, इसीलिए उसने यह कार्य प्रशिक्षण प्रणाली को सौंप दिया तथा भोपाल स्थित राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी से एक विशेषज्ञ समिति गठित करने का आग्रह किया। समिति को भाषाई विविधता और आम लोगों के लिए सुगम्यता का ध्यान रखते हुए एक व्यापक रिपोर्ट और दिशा-निर्देशों का मसौदा तैयार करने को कहा गया है। न्यायालय का इस पर विशेष जोर था कि समिति प्रतिवेदन तैयार करते समय राष्ट्र की भाषाई विविधता को ध्यान में रखे।

उसने यह भी इंगित किया कि विभिन्न क्षेत्रों की बोलियों में प्रचलित अनेक ऐसे शब्द एवं अभिव्यक्तियां हैं, जो सामान्य बोलचाल में प्रयुक्त होती हैं, पर वे दंड विधि के तहत आपत्तिजनक या अपराध की श्रेणी में आ सकती हैं। अतः समिति का यह दायित्व होगा कि वह विभिन्न भाषाओं के ऐसे शब्दों की पहचान कर उनका संकलन करे, ताकि वे न्यायिक प्रक्रिया में अनदेखे न रह जाएं। सुप्रीम कोर्ट ने विशेषज्ञ समिति से इस विषय पर एक समग्र रिपोर्ट तैयार करने को कहा कि यौन अपराध के मामलों में न्यायिक प्रक्रिया में संवेदनशीलता कैसे विकसित की जाए। इससे पूर्व 'अपर्णा भट बनाम मध्य प्रदेश राज्य, 18 मार्च, 2021' मामले में शीर्ष न्यायालय ने राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी से कहा था कि वह युवा न्यायाधीशों के प्रशिक्षण और न्यायाधीशों की सतत शिक्षा में लैंगिक संवेदनशीलता से संबंधित आवश्यक सामग्री को शीघ्रता से तैयार करे, जिसमें न्यायिक तर्क में अंतर्निहित रूढ़ियों और अचेतन पूर्वाग्रहों के प्रति पर्याप्त जागरूकता कार्यक्रम शामिल हों।

सुप्रीम कोर्ट लगातार देश की विभिन्न अदालतों द्वारा यौन अपराधों के मामलों में प्रदर्शित संवेदनात्मक कमी और रूढ़िगत दृष्टिकोण पर आपत्ति व्यक्त करता रहा है। हालिया निर्णय में भी सुप्रीम कोर्ट ने इसी चिंता को दोहराते हुए कहा, 'हमारे सभी निर्णयों में करुणा, मानवता एवं समझ की भावना झलकनी चाहिए। यही तत्व एक निष्पक्ष एवं प्रभावी न्यायप्रणाली के निर्माण के लिए जरूरी हैं।' यह टिप्पणी सिर्फ एक न्यायिक अवलोकन भर नहीं, संवेदनशील न्यायशास्त्र की दिशा में किया गया एक सशक्त और ऐतिहासिक हस्ताक्षर है।

## 3 युद्धपोत, 2500 मरीन कमांडो, अब क्या करने जा रहा है अमेरिका?

कुछ रिपोर्ट्स के मुताबिक डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन ने अब तीन और युद्धपोत, हजारों संख्या में मरीन कमांडोज और अत्याधुनिक F-35 फाइटर जेट्स को ईरान की दिशा में रवाना कर दिया। ये तमाम नई तैनाती अमेरिका की किसी बड़ी एक्शन की तैयारी की ओर संकेत देते हैं।

ईरान और अमेरिका के बीच जारी युद्ध अब और भी खतरनाक मोड़ लेता हुआ दिख रहा है। जहां अमेरिका ईरान के ऊपर और भी भीषण हमला करने की तैयारी बना रहा है। अमेरिका ईरान के खिलाफ अपनी सैन्य ताकत को अचानक से फिर से कई गुना बढ़ाने लगा है। कुछ रिपोर्ट्स के मुताबिक डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन ने अब तीन और युद्धपोत, हजारों संख्या में मरीन कमांडोज और अत्याधुनिक F-35 फाइटर जेट्स को ईरान की दिशा में रवाना कर दिया। ये तमाम नई तैनाती अमेरिका की किसी बड़ी एक्शन की तैयारी की ओर संकेत देते हैं। इसका एक और मतलब जो निकल कर सामने आ रहा है वो यह है कि अमेरिका अब सिर्फ हवाई हमलों तक सीमित नहीं रहना चाहता बल्कि वो ईरान के खिलाफ जमीन पर उतर कर और समुद्री मोर्चे तीनों पर ही पूरी ताकत के साथ हमला करना चाहता है और इसलिए इस नए मिशन के तहत अमेरिका ने यूएसएस बॉक्सर, यूएसएस स्पोर्टलैंड और यूएसएस कॉमस्टॉक इन तीनों ही एयरक्राफ्ट कैरियर्स को मिडिल ईस्ट की ओर भेज दिया है।

इसके साथ ही इन तीनों जहाजो पर मिलाकर करीब 2500 मरीन कमांडोस तैनात है। जबकि कुल मिलाकर बात करें तो 4000 सैनिक और नाविक इस मिशन का हिस्सा है। इन जहाजों की सबसे बड़ी ताकत है इन पर तैनात अत्याधुनिक हथियार और फाइटर जेट्स और ऐसे एम्फीबियस वाहन मौजूद है जो सीधे समुद्र से जमीन पर उतर कर हमला करने की क्षमता रखते हैं। यानी कि जरूरत पड़ी तो अमेरिका जमीन पर उतर कर बड़े ऑपरेशन को शुरू कर सकता है। जिसका इशारा पहले ही ट्रंप कई बार दे चुके हैं कि वह जमीन पर हमला करने में भी नहीं कतराएंगे और अब यह पूरा नया बेड़ा पहले से तैनात यूएसएस ट्राइपोली से जुड़ने वाला है। जिस पर पहले से ही 2200 से ज्यादा मरीन कमांडोस तैनात हैं। जब ये दोनों ताकतें एक साथ मिलकर उतरेंगी तो मिडिल ईस्ट में अमेरिका की सैन्य ताकत कई गुना बढ़ जाएगी। इतना ही नहीं इन जहाजों पर रोलिंग एयरफ्रेम मिसाइल, सी स्पेरो मिसाइल, एवीएट ल्ह है जेट्स और एस१ङ्क जैसे एडवांस एयरक्राफ्ट भी तैनात हैं। इसके साथ ही कई सारे अटैक हेलीकॉप्टर्स भी मौजूद हैं। जिनमें वाइपर और वेनम भी इस मिशन का हिस्सा हैं।

अमेरिका के इस कदम को सीधे तौर पर ईरान को चेतावनी के रूप में देखा जा रहा है। कुछ सैन्य विशेषज्ञों का मानना है कि यह तैनाती सिर्फ डिफेंस नहीं बल्कि ऑफेंसिव ऑपरेशन की तैयारी को दिखाता है। जहां अमेरिका और भी ज्यादा ताकत के साथ ईरान पर हमला करने का प्लान बना रहा है। ट्रंप प्रशासन का मानना था कि ये जंग जल्द ही खत्म हो जाएगी। लेकिन ईरान ने अमेरिका के सारे सपनों को तोड़ दिया। ईरान ने अमेरिका के हमलों का मुंहतोड़ जवाब दिया और अमेरिका को भारी नुकसान पहुंचाया है। जिसकी वजह से अमेरिका बौखला उठा है और अब खुद के हुए नुकसान को भरपाई करने के लिए या उसका बदला लेने के लिए वो ईरान पर और जोर से हमला करने की तैयारी कर रहा है।

## विशेष आलेख

# (15 मार्च अंतर्राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस) पेट्रोलियम संकट में उपभोक्ता, अधिकारों की वास्तविकता



संजीव ठाकुर




प्रतिवर्ष 15 मार्च को पूरे विश्व में अंतर्राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस मनाया जाता है। यह दिन उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए समर्पित है, परंतु विडंबना यह है कि आज जब दुनिया इस दिवस को मना रही है, उसी समय वैश्विक राजनीति और युद्धों की आग में उपभोक्ता सबसे अधिक झुलस रहा है। मध्य-पूर्व में बढ़ते तनाव, विशेषकर अमेरिका, इज़रायल और ईरान के टकराव के कारण पेट्रोलियम पदार्थों की आपूर्ति और कीमतों पर वैश्विक दबाव बढ़ गया है। परिणाम यह हुआ कि पेट्रोल, डीज़ल और गैस की कीमतों में स्थिरता ने पूरे विश्व के उपभोक्ताओं को प्रभावित किया है।

जब जब पेट्रोलियम महँगा होता है तो उसका असर केवल वाहन चलाने तक सीमित नहीं रहता बल्कि परिवहन, खाद्यान्न, बिजली, उद्योग और दैनिक उपभोग की वस्तुओं तक फैल जाता है, जिससे आम आदमी की जेब पर सीधा बोझ पड़ता है। ऐसे समय में यह सवाल स्वाभाविक रूप से उठता है कि उपभोक्ता अधिकारों की जो व्यवस्था बनाई गई है वह वास्तव में आम नागरिक को कितनी राहत दे पा रही है। भारत में उपभोक्ताओं की सुरक्षा के लिए उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 1986 में व्यापक रूप से लागू किया गया था उसके बाद अनेक संशोधन किए गए, वर्तमान में उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 लागू है, जिसके अंतर्गत उपभोक्ताओं को कई महत्वपूर्ण अधिकार प्रदान किए गए हैं। इनमें सुरक्षा का अधिकार, सूचना प्राप्त करने का अधिकार, चयन का अधिकार, सुने जाने का अधिकार, न्याय प्राप्त करने का अधिकार और उपभोक्ता शिक्षा का अधिकार प्रमुख हैं। इसके अलावा इस कानून में भ्रामक विज्ञापनों पर नियंत्रण, ई-कॉमर्स कंपनियों की जवाबदेही और ऑनलाइन शिकायत दर्ज करने की व्यवस्था भी जोड़ी गई है।

उपभोक्ता विवादों के समाधान के लिए भारत में त्री स्तरीय व्यवस्था बनाई गई है। जिसमें जिला उपभोक्ता आयोग, राज्य उपभोक्ता आयोग और राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग शामिल हैं। देश में लगभग 685 जिला उपभोक्ता आयोग और लगभग 35 राज्य आयोग कार्यरत हैं, जबकि राष्ट्रीय आयोग सर्वोच्च स्तर पर अपील और बड़े मामलों की सुनवाई करता है। जिला आयोग में एक करोड़ रुपये तक के मामलों की सुनवाई होती है, राज्य आयोग एक करोड़ से दस करोड़ रुपये तक के मामलों पर निर्णय देता है और दस करोड़ रुपये से अधिक के मामलों की सुनवाई राष्ट्रीय आयोग करता है। सरकार के उपलब्ध आँकड़ों के अनुसार पिछले कुछ वर्षों में उपभोक्ता मामलों की संख्या लगातार बढ़ी है। 2022 से 2025 के बीच लगभग 5.99 लाख मामले उपभोक्ता आयोगों में दर्ज हुए और लगभग 5.91 लाख मामलों का निपटारा किया गया, जबकि लाखों मामले अब भी लंबित हैं। वर्ष 2024 में लगभग 1.73 लाख नए मामले दर्ज हुए और लगभग 1.58 लाख मामलों का समाधान हुआ। जनवरी 2024 तक देशभर में लगभग 5.43 लाख मामले लंबित थे। कुछ राज्यों में स्थिति अपेक्षाकृत बेहतर है, जैसे गुजरात में 2024 के दौरान राज्य आयोग में 2214 मामलों और जिला आयोगों में 15820 मामलों का निपटारा किया गया। यह आँकड़े यह दर्शाते हैं कि व्यवस्था सक्रिय तो है, परंतु मामलों की संख्या और निपटान के बीच अभी भी बड़ा अंतर मौजूद है।

कानून के अनुसार उपभोक्ता मामलों का निपटारा तीन से पाँच महीनों के भीतर हो जाना चाहिए, लेकिन व्यवहार में कई मामलों में वर्षों लग जाते हैं। इसके पीछे न्यायिक सदस्यों की कमी, प्रशासनिक ढाँचे की सीमाएँ, बार-बार स्थगन और कंपनियों द्वारा आदेशों के पालन में देरी जैसे कारण जिम्मेदार हैं। इस पूरी व्यवस्था की सबसे बड़ी कमजोरी यह है कि आम उपभोक्ता अपने अधिकारों के प्रति अभी भी पूरी तरह जागरूक नहीं है। ग्रामीण स्तर पर उपभोक्ताओं को जागरूक करना नितांत आवश्यक है। बहुत से लोग छोटी-छोटी ठगी या सेवा में कमी को नियति मानकर सह लेते हैं और शिकायत दर्ज नहीं कराते। यही कारण है कि बाजार में कई बार कंपनियाँ और सेवा प्रदाता उपभोक्ता हितों की अनदेखी कर देते हैं। पेट्रोलियम संकट के वर्तमान दौर में यह समस्या और भी गंभीर हो जाती है क्योंकि ईंधन की कीमतों का प्रभाव हर वस्तु और सेवा पर पड़ता है। ऐसे में सरकार, उपभोक्ता संगठनों और न्यायिक संस्थाओं की जिम्मेदारी और बढ़ जाती है कि वे मूल्य पारदर्शिता, कर संरचना और आपूर्ति व्यवस्था को संतुलित रखें ताकि आम नागरिक पर अनावश्यक आर्थिक बोझ न पड़े।

अंतर्राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस केवल एक औपचारिक आयोजन भर नहीं होना चाहिए बल्कि यह आत्ममंथन का अवसर भी होना चाहिए कि क्या उपभोक्ता वास्तव में बाजार का राजा बन पाया है या अभी भी वह व्यवस्था की जटिलताओं में उलझा हुआ है। जब तक उपभोक्ता अपने अधिकारों के प्रति जागरूक नहीं होगा और शिकायत दर्ज करने का साहस नहीं करेगा, तब तक कानून की शक्ति पूरी तरह प्रभावी नहीं हो सकेगी। इसलिए आवश्यकता इस बात की है कि उपभोक्ता जागरूकता को जनआंदोलन का रूप दिया जाए, उपभोक्ता अदालतों की संख्या और संसाधन बढ़ाए जाएँ तथा शिकायतों के त्वरित निपटान की व्यवस्था को और मजबूत किया जाए। तभी अंतर्राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस का वास्तविक उद्देश्य पूरा होगा और उपभोक्ता वास्तव में सशक्त बन सकेगा।

**ये लेखक के अपने विचार हैं।**

# क्या केवल आईएएस से बदलेगा देश?



डॉ. प्रियंका सौरभ

भारत में संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा केवल एक प्रतियोगी परीक्षा नहीं रह गई है, बल्कि यह आज के युवाओं के लिए प्रतिष्ठा, शक्ति और सामाजिक सम्मान का प्रतीक बन चुकी है। हर वर्ष लाखों युवा इस परीक्षा की तैयारी में जुटते हैं और इसके साथ-साथ एक विशाल कोचिंग उद्योग भी खड़ा हो चुका है, जिसकी कीमत हजारों करोड़ रुपये आँकी जाती है। माता-पिता अपने बच्चों को बचपन से ही यह सपना दिखाने लगते हैं कि वे बड़े होकर प्रशासनिक अधिकारी बनें। समाज में भी प्रशासनिक सेवाओं को इतनी प्रतिष्ठा दी जाती है कि यह कई युवाओं के लिए जीवन का अंतिम लक्ष्य बन जाता है।

इसी वातावरण के बीच हाल ही में एकप्रसिद्ध शिक्षक का एक वक्तव्य व्यापक चर्चा का विषय बन गया। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक सेवा का अधिकारी देश को नहीं बदल सकता। उनके अनुसार प्रशासनिक अधिकारी एक अच्छे कार्यान्वयनकर्ता होते हैं, जिनका मुख्य कार्य सरकार की नीतियों और योजनाओं को जमीन पर लागू करना होता है। लेकिन जब बात नए विचारों, बड़े परिवर्तन और ऐतिहासिक उपलब्धियों की आती है, तो इतिहास में ऐसे उदाहरण कम ही मिलते हैं जहाँ किसी प्रशासनिक अधिकारी ने कोई क्रांतिकारी दिशा दी हो। यह कथन कई लोगों को कठोर लगा, परंतु इसने एक महत्वपूर्ण बहस को जन्म दिया है—क्या सचमुच देश का भविष्य केवल प्रशासनिक सेवाओं से तय होता है या उसके पीछे वैज्ञानिकों, विचारकों और नवाचार करने वालों की बड़ी भूमिका होती है?

यदि हम भारत के इतिहास पर दृष्टि डालें तो पाएँगे कि देश को दिशा देने वाले कई बड़े परिवर्तन प्रशासनिक ढाँचे से बाहर के लोगों ने किए। भारत का परमाणु कार्यक्रम हो या अंतरिक्ष अनुसंधान, हरित क्रांति हो या श्वेत क्रांति—इन सभी के पीछे दूरदर्शी वैज्ञानिकों और सामाजिक उद्यमियों की भूमिका रही है। होमी जे भाभा ने भारत के परमाणु कार्यक्रम की नींव रखी और यह दिखाया कि विज्ञान के माध्यम से राष्ट्र की सुरक्षा और प्रतिष्ठा को मजबूत किया जा सकता है। विक्रम सारा भाई ने अंतरिक्ष अनुसंधान की शुरुआत की और आज भारत विश्व के अग्रणी अंतरिक्ष देशों में गिना जाता है।

इसी प्रकार अब्दुल कलाम ने मिसाइल कार्यक्रम को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाया और भारत को सामरिक रूप से मजबूत बनाया। कृषि क्षेत्र में स्वामीनाथन ने हरित क्रांति का मार्ग प्रशस्त किया, जिससे भारत खाद्यान्न के मामले में आत्मनिर्भर बना। वहीं वेर्घेस कुरियन ने अमूल आंदोलन के माध्यम से दुग्ध उत्पादन में क्रांति लाकर लाखों किसानों की आर्थिक स्थिति बदल दी। इन उदाहरणों से स्पष्ट होता है कि देश की दिशा बदलने वाले विचार अक्सर प्रयोगशालाओं, विश्वविद्यालयों, खेतों और उद्योगों से आते हैं। प्रशासनिक व्यवस्था उन विचारों को लागू करने और उन्हें व्यापक स्तर पर पहुँचाने में मदद करती है, परंतु मूल विचार का जन्म अक्सर किसी वैज्ञानिक, शिक्षक, उद्यमी या सामाजिक कार्यकर्ता के मन में होता है। फिर भी यह भी उतना ही सत्य है कि प्रशासनिक सेवाओं का महत्व कम नहीं है। किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में नीतियों को लागू करने, कानून-व्यवस्था बनाए रखने और जनता तक योजनाओं को पहुँचाने के लिए सक्षम प्रशासनिक अधिकारियों की आवश्यकता होती है। यदि कोई महान वैज्ञानिक कोई नई तकनीक विकसित करता है, तो उसे समाज तक पहुँचाने के लिए प्रशासनिक ढाँचे की सहायता आवश्यक होती है।

**ये लेखक के अपने विचार हैं।**

## लघुकथा

### फर्ज

'अशरफ मियाँ कहाँ थे आप?'
'कहाँ थे आप! मैं समझा नहीं सर?'
'अशरफ मियाँ इ.ओ. सर ने औचक निरीक्षण किया तो आपकी क्लास खाली पड़ी थी। बच्चे धमाचौकड़ी मचा रहे थे।'
'सर, आप भी बच्चों जैसी बातें कर रहे हैं! क्लास के चक्कर में हम अपनी इबादत जैसी जरूरी आजमाइशें छोड़ दें क्या?'
'कमाल है अशरफ साहब, क्या आप नहीं जानते कि क्लास खाली हो तो बच्चे बातों-बातों में आपस में किसी का सर भी फोड़ सकते हैं?'
'सर जी, अगर मामला इतना संजीदा है तो स्कूल का हेड होने के नाते इसकी फ़िकर आपको करनी चाहिए। मैं अपनी इबादत का टाइम किसी को नहीं दे सकता। भले ही कुछ भी हो जाए।'
'ठीक है अब तो चले जाओ क्लास में।'
'पापा! जल्दी घर चलिए, भाई जान घर में बैठे हैं और लगातार रोये चले जा रहे हैं। किसी के चुप कराये नहीं मान रहे।' अशरफ सर का बेटा उन्हें पुकारता हुआ बदहवास स्कूल के अंदर आ गया।
'अकीब लगातार रोये चले जा रहा है! क्यों क्या हुआ?'
'पता नहीं पापा, भाई जान कुछ बताएं तब न!'
'कुछ तो कहता होगा। आखिर हुआ क्या?'
'लगता है उनकी नौकरी छूट गयी है।'

## हेल्थ टिप्स

# गर्मियों में वजन घटाने के लिए पिएं ये 5 ड्रिंक्स

आजकल के गलत खानपान और खराब जीवनशैली के कारण मोटापा एक गंभीर समस्या बन चुका है। मोटापा न केवल देखने में खराब लगता है, बल्कि अपने साथ कई तरह की बीमारियां भी लेकर आता है। वजन घटाने के लिए ज्यादातर लोग डाइटिंग करते हैं। वहीं, कुछ लोग तो लंबे समय तक भूखा रहने की कोशिश करते हैं। लेकिन ऐसा करना गलत है, क्योंकि इससे वजन कम नहीं होता है, बल्कि शरीर कमजोर पड़ जाता है। वजन घटाने के लिए आपको हमेशा हेल्दी तरीका अपनाना चाहिए। अगर आप भी वजन घटाना चाहते हैं, तो अपनी डाइट में कुछ ड्रिंक्स को शामिल कर सकते हैं। इन ड्रिंक्स का सेवन करने से वजन कम करने के साथ-साथ गर्मियों में शरीर को हाइड्रेटेड रखने में भी मदद कर सकती



हैं। आज इस लेख में हम आपको कुछ ऐसी ड्रिंक्स के बारे में बताने जा रहे हैं, जो गर्मियों में वजन घटाने में आपकी मदद कर सकती हैं-

**नींबू पानी:** अगर आप गर्मियों में अपना वजन कम करना चाहते हैं, तो आप नींबू पानी का सेवन कर सकते हैं। दरअसल, नींबू में विटामिन-सी भरपूर मात्रा में मौजूद होता है, जो शरीर में जमा विषाक्त पदार्थ को बाहर निकलने में मदद करता है। रोजाना इसके सेवन से वेट लॉस तो होता ही है, साथ ही शरीर की रोग-प्रतिरोधक क्षमता भी मजबूत बनती है।

**नारियल पानी:** नारियल पानी को बेस्ट समर ड्रिंक कहा जाता है। इसमें एंटीऑक्सीडेंट्स और मिनरल्स भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं, जो शरीर में इलेक्ट्रोलाइट को बैलेंस रखने में मदद करते हैं। इसके सेवन पेट लंबे समय तक भरा हुआ रहता है और बार-बार भूख नहीं लगती है, जिससे आप ओवरईटिंग करने से बच सकते हैं। इससे वजन घटाने में मदद मिल सकती है।

**जीरा पानी:** गर्मियों में वजन घटाने के लिए आप जीरा पानी भी पी सकते हैं। दरअसल, इसके सेवन से पाचन तंत्र मजबूत बनता है और मेटाबॉलिज्म भी बूस्ट होता है। नियमित रूप से इसका सेवन करने से शरीर में जमा एक्स्ट्रा फैट को बर्न करने में मदद मिल सकती है। इसके लिए आप रात को एक चम्मच जीरा को एक गिलास पानी में भिगोकर रख दें। सुबह इस पानी को उबालकर पी लें।

**खीरे का जूस:** गर्मियों में वजन घटाने के लिए आप खीरे का जूस भी पी सकते हैं। इसमें पानी और फाइबर भरपूर मात्रा में मौजूद होता है। इसके सेवन से पेट लंबे समय तक भरा हुआ महसूस होता है, जिससे तेजी से वजन घटाने में मदद मिल सकती है। साथ ही, यह शरीर को ठंडक भी पहुंचाता है।

**सौंफ का पानी:** वजन घटाने के लिए आप सौंफ के पानी का सेवन कर सकते हैं। दरअसल, इसके सेवन से पाचन तंत्र मजबूत होता है और शरीर का मेटाबॉलिज्म बूस्ट होता है, जिससे शरीर में जमा एक्स्ट्रा चर्बी को कम करने में मदद मिलती है।

## आज का राशिफल

**मेष**
आज का दिन कई राशियों के लिए नए अवसर और सकारात्मक बदलाव लेकर आ सकता है। मेष राशि वालों के लिए आज का समय सामान्य दिनों की तुलना में बेहतर रहने के संकेत दे रहा है। किसी नए पद या जिम्मेदारी की प्राप्ति से मन में प्रसन्नता बनी रहेगी। विद्यार्थियों को सफलता पाने के लिए पढ़ाई में पूरा ध्यान लगाना होगा, तभी मनचाहे परिणाम मिलने की संभावना है।

**वृष**
वृषभ राशि वालों के मन में आज प्रतिस्पर्धा की भावना मजबूत रहेगी और अपनी मधुर वाणी से आप लोगों का दिल जीतने में सफल रहेंगे। आपकी पहचान और सम्मान बढ़ सकता है।

**मिथुन**
मिथुन राशि के लिए आज का दिन धैर्य और संयम से आगे बढ़ने का संदेश दे रहा है। कारोबार में जल्दबाजी में कोई बड़ा जोखिम उठाने से बचना ही बेहतर रहेगा। सरकारी योजनाओं या सुविधाओं का लाभ भी आपको मिल सकता है।

**कर्क**
कर्क राशि के लिए आज का दिन उत्साह और उपलब्धियों से भरा हो सकता है। आपकी नेतृत्व क्षमता बढ़ेगी दांपत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी और परिवार में खुशियों का माहौल रहेगा।

**सिंह**
सिंह राशि के लिए आज का दिन विशेष रूप से नौकरीपेशा लोगों के लिए अच्छा साबित हो सकता है। आपको अपनी पसंद का काम मिलने की संभावना है और मेहनत के बल पर आप एक अच्छा मुकाम हासिल कर सकते हैं।

**कन्या**
कन्या राशि वालों के लिए आज का दिन सफलता और संतोष का अनुभव कराने वाला रहेगा। आपके मन में प्रेम और सहयोग की भावना बनी रहेगी, जिससे रिश्तों में भी मधुरता आएगी। कोई पुराना लेनदेन चुकता करना पड़ सकता है।

**तुला**
तुला राशि के लिए आज का दिन करियर के दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। लंबे समय से अटका हुआ धन वापस मिलने से राहत और खुशी दोनों मिलेगी। आपकी किसी मनोकामना की पूर्ति भी हो सकती है।

**वृश्चिक**
वृश्चिक राशि वालों के आसपास आज का वातावरण काफी सकारात्मक और खुशनुमा बना रहेगा। आप सबको साथ लेकर चलने की कोशिश में सफल रहेंगे और आपके किसी सहयोगी का सहयोग भी आपको समय पर मिल सकता है।

**धनु**
धनु राशि के लिए आज का दिन प्रगति और जिम्मेदारियों के संकेत दे रहा है। कार्यक्षेत्र में आपको कोई बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है और आपके पद या आय में वृद्धि के योग भी बन सकते हैं।

**मकर**
मकर राशि वालों के लिए आज का दिन रचनात्मक कार्यों में आगे बढ़ने का अवसर लेकर आ सकता है। आपका आत्मविश्वास मजबूत रहेगा और आप किसी जरूरतमंद की मदद के लिए भी आगे आ सकते हैं।

**कुंभ**
कुंभ राशि के लिए आज का दिन खर्चों पर नियंत्रण रखने की सलाह दे रहा है। आपको अपने आसपास मौजूद विरोधियों को पहचानने की आवश्यकता है और किसी अजनबी की बातों में आकर निवेश करने से बचना चाहिए।

**मीन**
आज का दिन किसी बड़ी उपलब्धि का संकेत दे रहा है। आपके पद और प्रतिष्ठा में वृद्धि हो सकती है और कामकाज के क्षेत्र में कोई अच्छा अवसर हाथ लग सकता है। सहयोगियों का साथ आपको मिलेगा, जिससे कार्यों को पूरा करना आसान रहेगा।

# लिवरपूल 2022 के बाद चैंपियंस लीग के क्वार्टर फाइनल में

● गैलेटसाराय को हराया, मोहम्मद सलाह 50 गोल करने वाले पहले अफ्रीकी खिलाड़ी बने



**गैलेटसाराय (एजेंसी)।** लिवरपूल ने 2022 के बाद पहली बार चैंपियंस लीग क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। बुधवार को एनफील्ड के मैदान पर खेले गए प्री क्वार्टर फाइनल में तुर्की क्लब गैलेटसाराय को 4-0 से हराया। इससे कुल मिलाकर 4-1 से लिवरपूल आगे बढ़ गया। पहले लेग में गैलेटसाराय ने 1-0 से जीता था।

- **मोहम्मद सलाह चैंपियंस लीग में 50 गोल करने वाले पहले अफ्रीकी बने**- मैच के हीरो एक बार फिर मोहम्मद सलाह रहे। उन्होंने शुरुआत में एक पेनल्टी मिस कर दी थी, लेकिन बाद में शानदार वापसी करते हुए एक गोल किया और एक असिस्ट भी दिया। इस प्रदर्शन के साथ वह चैंपियंस लीग में 50 गोल करने वाले पहले अफ्रीकी खिलाड़ी बन गए। इसके अलावा, वह एंफील्ड में लिवरपूल के लिए 201 गोल में योगदान देने वाले खिलाड़ी भी बन गए हैं। एंफील्ड लिवरपूल का घरेलू मैदान है। यहां सलाह ने 211 मैच खेले हैं, जिनमें उन्होंने 140 गोल किए और 61 असिस्ट दिए हैं।
- **टीम मैनेजर ने सलाह की तारीफ की**- हाफ-टाइम तक चर्चा सलाह की उस पेनल्टी को लेकर थी, जिसे वे गोल में नहीं बदल सके। सलाह जैसे खिलाड़ी के लिए यह एक कमजोर प्रयास था। हालांकि, मैनेजर अर्ने स्लॉट ने उनकी मानसिक मजबूती की तारीफ करते हुए कहा, पेनल्टी चूकना एक कठिन पल था, लेकिन दूसरे हाफ में उन्होंने जिस तरह से वापसी की, एक शानदार असिस्ट दिया और फिर अपना ट्रेडमार्क गोल किया, वह उनकी मेंटल स्ट्रेंथ को दर्शाता है।
- सलाह ने मैच के 74वें मिनट में चोट की आशंका के चलते खुद को सब्स्टीट्यूट करने को कहा, जिससे फैंस थोड़ी चिंता में दिखे।

# ईरान की महिला फुटबॉल टीम स्वदेश लौटी

● 2 प्लेयर्स ने ऑस्ट्रेलिया में शरण लेने का फैसला किया, एशिया कप में राष्ट्रगान नहीं गाया था

**दुबई (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया में शरण मांगने के विवाद के बाद ईरान की महिला फुटबॉल टीम स्वदेश लौट आई है। ईरानी मीडिया के अनुसार, टीम तुर्की के रास्ते ईरान पहुंची, जहां सीमा पर अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। ईरानी मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक टीम पहले तुर्की उतरी और वहां से बस के जरिए ईरान की सीमा में



दाखिल हुई। इस दौरान कुछ अधिकारियों ने खिलाड़ियों का स्वागत किया। इस मामले ने तब सुर्खियां बटोरी थीं जब टीम की कुछ खिलाड़ियों ने ऑस्ट्रेलिया में शरण मांगी थी। हालांकि, बाद में कई खिलाड़ियों ने अपना फैसला बदल लिया और टीम के साथ वापस लौट आईं। वहीं, दो खिलाड़ी (फातेमेह पसंदिदेह और अतेफेह रमेजानिसादेह) ने ऑस्ट्रेलिया में ही रहने का फैसला किया है।

### 3 दिन पहले दिन प्लेयर्स घर लौटी थीं

3 दिन पहले 15 मार्च को 7 में से 3 खिलाड़ियों ने अपना निर्णय बदला और अपने देश लौट आईं। ऑस्ट्रेलिया के गृह मंत्री टोनी बर्क ने एक बयान में इसकी जानकारी दी थी। तीन सदस्य सिडनी से कुआलालंपुर (मलेशिया) के लिए रवाना हुए। इनमें दो खिलाड़ी और एक सपोर्ट स्टाफ शामिल रहे। ईरान की टीम ऑस्ट्रेलिया से निकलने के बाद से कुआलालंपुर में ही रुकी हुई है।

### गौतम गंभीर की पहचान का हो रहा गलत इस्तेमाल

# हाई कोर्ट पहुंचे भारतीय कोच



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दो बार के आईसीसी व्हाइट-बॉल वर्ल्ड कप चैंपियन, अर्जुन अवॉर्ड विजेता, पद्म श्री से सम्मानित पूर्व सांसद और भारतीय पुरुष राष्ट्रीय क्रिकेट टीम के हेड कोच गौतम गंभीर ने दिल्ली हाई कोर्ट (सीएस सीओएमएम आफ 2026) में एक सिविल केस दायर किया है। इसमें उन्होंने डिजिटल रूप से किसी और की पहचान अपनाने, एआई से बने डीपफेक और बिना इजाजत के कमर्शियल इस्तेमाल के एक सुनियोजित अभियान के खिलाफ अपने व्यक्तित्व और पब्लिसिटी अधिकारों की पूरी सुरक्षा की मांग की है।

एक प्रेस रिलीज के मुताबिक 2025 के आखिर से गंभीर की लीगल टीम ने इंस्ट्राग्राम एक्स और फेसबुक पर मनगढ़ंत डिजिटल कंटेंट में अचानक और चिंताजनक बढ़ोतरी देखी। कई अकाउंट्स ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, फेस-स्वैपिंग और वॉइस-क्लोनिंग टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करके ऐसे असली जैसे वीडियो बनाए जिनमें गलत तरीके से दिखाया गया कि गंभीर ऐसे बयान दे रहे हैं जो उन्होंने कभी नहीं दिए। इनमें एक फर्जी इस्तीफे का ऐलान भी शामिल है जिसे 29 लाख से ज्यादा बार देखा गया और एक मनगढ़ंत क्लिप जिसमें उन्हें सीनियर क्रिकेटरों के वर्ल्ड कप में हिस्सा लेने के बारे में टिप्पणी करते हुए दिखाया गया था, जिसे 17 लाख से ज़्यादा बार देखा गया।

सोशल मीडिया के अलावा बड़े ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म भी बिना किसी इजाजत के उनके नाम और तस्वीर वाले पोस्टर और सामान बेचने में मदद कर रहे थे। यह केस 16 प्रतिवादियों के खिलाफ दायर किया गया है। 2.5 करोड़ रुपए के हर्जाने की मांग की गई है, साथ ही हिसाब-किताब पेश करने, स्थायी रोक लगाने और सभी उल्लंघनकारी सामग्री को हटाने की भी प्रार्थना की गई है। गौतम गंभीर ने कहा, मेरी पहचान, मेरा नाम, मेरा चेहरा, मेरी आवाज को कुछ गुमनाम खातों द्वारा गलत जानकारी फैलाने और मेरे नाम पर पैसे कमाने के लिए एक हथियार के तौर पर इस्तेमाल किया गया है। यह सिर्फ निजी ठेस का मामला नहीं है; यह कानून, गरिमा और उस सुरक्षा का मामला है, जिसका हर सार्वजनिक हस्ती आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के इस दौर में हकदार है।

इस मुकदमे में सभी प्रतिवादियों पर स्थायी रोक लगाने की मांग की गई है, ताकि वे गंभीर के नाम, छवि, आवाज या व्यक्तित्व का एआई डीपफेक तकनीक, मॉर्फिंग और फेस-स्वैपिंग सहित किसी भी माध्यम से उनकी स्पष्ट लिखित सहमति के बिना उपयोग, पुनरुत्पादन या दुरुपयोग न कर सकें। इसके साथ ही सीपीसी के आदेश एक्सएक्सएक्सआईएक्स नियम 1 और 2 के तहत एकपक्षीय अंतरिम रोक के लिए एक तत्काल आवेदन भी दायर किया गया है जिसमें सभी उल्लंघनकारी सामग्री को तुरंत हटाने और अंतिम सुनवाई होने तक उसके आगे प्रसार पर रोक लगाने का अनुरोध किया गया है।

# मेसी ने 900 गोल का आंकड़ा छुआ

### रोनाल्डो के क्लब में शामिल, 1142 मैच में हासिल की उपलब्धि, इंटर मियामी कॉन्काकैफ कप से बाहर



**अर्जेंटीना (एजेंसी)।** अर्जेंटीना के दिग्गज फुटबॉलर और इंटर मियामी के कप्तान लियोनेल मेसी आधिकारिक मैचों में 900 गोल करने वाले दुनिया के दूसरे पुरुष फुटबॉलर बन गए हैं। उन्होंने यह मुकाम नैशविले एससी के खिलाफ कॉन्काकैफ चैंपियंस कप के दूसरे लेग में हासिल किया। हालांकि, मेसी के इस गोल के बावजूद इंटर मियामी का सफर टूर्नामेंट में आगे नहीं बढ़ सका। मुकाबला 1-1 से ड्रॉ रहा, जिसमें नैशविले के लिए क्रिस्टियन एस्पिनोजा ने गोल किया। पहला लेग नैशविले के घरेलू मैदान पर खेला गया था, जो 0-0 से ड्रॉ रहा। इसके बाद दूसरा लेग इंटर मियामी के होम ग्राउंड पर खेला गया, जहां दोनों टीमों ने एक-एक गोल किया और मैच 1-1 से बराबरी पर समाप्त हुआ। दोनों लेग के बाद कुल स्कोर बराबर रहने पर 'अवे गोल' नियम लागू किया गया। इस नियम के तहत जो टीम विपक्षी मैदान पर अधिक गोल करती है, उसे बढ़त मिलती है। इसी आधार पर नैशविले एससी अगले दौर में पहुंच गया, जबकि इंटर मियामी टूर्नामेंट से बाहर हो गई।इंटर मियामी के फॉरवर्ड लियोनेल मेसी ने अपने बाएं पैर से करियर का 900वां गोल दागा।

### रोनाल्डो के नाम 965 गोल

मेसी अब क्रिस्टियानो रोनाल्डो के साथ 900 गोल करने वाले खिलाड़ियों की सूची में शामिल हो गए हैं। रोनाल्डो ने यह उपलब्धि सितंबर 2024 में हासिल की थी और उनके नाम फिलहाल 965 गोल हैं। मेसी ने 1142 मैच में 900 गोल पूरे किए, जबकि रोनाल्डो ने 1236 मैच खेले थे। ब्राजील के दिग्गज पेले 765 गोल के साथ तीसरे स्थान पर हैं, जबकि मौजूदा खिलाड़ियों में रॉबर्ट लेवांडोव्स्की 690 गोल के साथ पीछे हैं।

### कोच बोले- जिम्मेदारी मेरी

मैच के बाद इंटर मियामी के कोच जेवियर मस्केरानो ने हार की जिम्मेदारी खुद ली। उन्होंने कहा, यह निराशाजनक रात है। हमने बढ़त बनाई थी और पहले हाफ में कई मौके भी बनाए, लेकिन हम उन्हें गोल में नहीं बदल सके।

उन्होंने कहा कि टीम ने पूरी कोशिश की, लेकिन अंत में नतीजा उनके पक्ष में नहीं गया।वहीं, नशविल के कोच बीजे कैलाघन ने मेसी की तारीफ करते हुए कहा, '900 गोल, उन्हें बधाई। वह सबसे बेहतरीन हैं।'

- **बार्सिलोना के लिए किए सबसे ज्यादा गोल, 2012 रहा करियर का बेस्ट साल**- मेसी ने 16 अक्टूबर 2004 को बार्सिलोना के लिए अपना प्रोफेशनल डेब्यू किया था और क्लब के लिए 672 गोल किए। इसके बाद उन्होंने पेरिस सेंट जर्मेन के लिए 32 और इंटर मियामी के लिए 81 गोल किए हैं।
- **अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उन्होंने अर्जेंटीना के लिए 115 गोल किए हैं**- मेसी के करियर का सबसे शानदार साल 2012 रहा था। उस एक कैलेंडर ईयर में उन्होंने क्लब और देश के लिए कुल 91 गोल दागे थे, जो आज भी एक वर्ल्ड रिकॉर्ड है। हाल के प्रदर्शन की बात करें तो मेसी ने 2025 एमएलएस सीजन में 29 गोल कर गोल्डन बूट जीता और लगातार दूसरी बार एमवीपी अवॉर्ड भी हासिल किया।

# अहमदाबाद में खुलने जा रही तेंदुलकर की वर्ल्ड-क्लास स्पोर्ट्स एकेडमी



अहमदाबाद (एजेंसी)। अहमदाबाद में जमीनी स्तर के खेलों के विकास में एक बड़ा बदलाव आने वाला है। सचिन तेंडुलकर द्वारा समर्थित एसआरटी 0 अल्टेवोल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस क्रिकेट एकेडमी शुरू होने जा रही है जो एक हाई-परफॉरमेंस ट्रेनिंग सेंटर है। 10 अप्रैल से शुरू होने वाली इस एकेडमी का लक्ष्य 5 साल और उससे अधिक उम्र के उभरते खिलाड़ियों को विश्व स्तरीय क्रिकेट ट्रेनिंग उपलब्ध कराना है। हालांकि इसके लॉन्च की योजना पिछले साल ही बना ली गई थी, लेकिन अब यह एकेडमी तकनीक, फिटनेस और भविष्य की तैयारी पर केंद्रित ट्रेनिंग मॉड्यूल के साथ अपना कामकाज शुरू करने के लिए पूरी तरह तैयार है।

यह विशाल 40,000 स्क्वायर यार्ड का स्पोर्ट्स कैंपस खिलाड़ियों के सर्वांगीण विकास के लिए एक संपूर्ण इकोसिस्टम के रूप में तैयार किया गया है। यहां व्यवस्थित कोचिंग प्रोग्राम के साथ-साथ विश्व स्तरीय बुनियादी सुविधाएं मौजूद हैं, जिनमें प्रोफेशनल क्रिकेट नेट्स, मैच के लिए तैयार अपना निजी मैदान, हाई-परफॉरमेंस जिम और एक रनिंग ट्रैक शामिल है-ये ऐसी सुविधाएं हैं जो आमतौर पर केवल एलीट ट्रेनिंग सेंटर्स में ही देखने को मिलती हैं। अहमदाबाद में इसकी शुरुआत एसआरटी 10 के उस मजबूत आधार पर टिकी है, जिसकी पहचान नवी मुंबई के डी.वाई. पाटिल स्पोर्ट्स एकेडमी में बनी इसकी मुख्य एसआरटी10 ग्लोबल एकेडमी से है।

यह सेंटर पहले से ही खेल ट्रेनिंग के लिए एक बेहतरीन जगह बन चुका है। यहाँ इंटरनेशनल लेवल की सुविधाओं और एक खास ट्रेनिंग कोर्स का मेल है, जिसका मकसद न केवल अच्छे खिलाड़ी तैयार करना है, बल्कि बच्चों का हर तरह से विकास करना भी है। यह विस्तार एसआरटी10 की उस बड़ी योजना का हिस्सा है, जिसके तहत प्रोफेशनल स्पोर्ट्स ट्रेनिंग को बड़े महानगरों से बाहर ले जाया जा रहा है। इसका मकसद भारत को खेलों की दुनिया में एक मजबूत देश बनाना है। यह नया सेंटर न केवल अहमदाबाद के युवाओं को, बल्कि आस-पास के इलाकों के उन प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को भी आकर्षित करेगा जो अच्छी और व्यवस्थित ट्रेनिंग की तलाश में हैं।

इस पहल का मुख्य उद्देश्य बेहतरीन ट्रेनिंग सिस्टम के ज़रिए युवा प्रतिभाओं को निखारना और उन्हें आगे बढ़ने के मौके देना है। एकेडमी का ट्रेनिंग प्रोग्राम सिर्फ खेल की तकनीक पर ही नहीं, बल्कि अनुशासन, मैच की समझ, फिटनेस और मानसिक मज़बूती पर भी ध्यान देता है। टीम इंडिया के पूर्व खिलाड़ी और फस्ट-क्लास क्रिकेटर्स इन युवा खिलाड़ियों को रास्ता दिखाएंगे। यहाँ के कोचों को खास तौर पर एसआरटी10 के तरीके से ट्रेनिंग दी गई है, ताकि वे अंतररष्ट्रीय स्तर की कोचिंग दे सकें। इस पूरे प्रोग्राम की कमान डॉ. अतुल गायकवाड़ (ग्लोबल हेड कोच, एसआरटी10) के हाथों में है, जिन्हें क्रिकेट की हाई-परफॉरमेंस ट्रेनिंग का गहरा अनुभव है। इस लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए डॉ. गायकवाड़ ने कहा, 'सचिन सर के सफर से प्रेरित होकर, हम यहां सिर्फ एक कोचिंग सेंटर नहीं, बल्कि एक गंभीर ट्रेनिंग का माहौल तैयार कर रहे हैं। हमारा पूरा ध्यान इस बात पर है कि बच्चे शुरुआत से ही बुनियादी चीज़ों को सही से सीखें, उन्हें मैच की असली स्थितियों का अनुभव मिले और वे खेल को सिर्फ खेलें नहीं, बल्कि उसकी बारीकियों को समझें। समय के साथ, यही व्यवस्थित और निरंतर ट्रेनिंग ही एक साधारण खिलाड़ी और एक मंझे हुए खिलाड़ी के बीच का अंतर तय करती है। हमारा लक्ष्य अहमदाबाद के युवा खिलाड़ियों को पहले दिन से ही वह बढ़त दिलाना है।

अहमदाबाद की यह एकेडमी बच्चों और खेल प्रेमियों के लिए इसी गहरे दृष्टिकोण को शहर और उसके बाहर तक फैलाती है।

# अगरकर ने 2027 वर्ल्डकप तक कॉन्ट्रैक्ट बढ़ाने की मांग की

● बीसीसीआई से रिक्वेस्ट की, 2023 में पद संभाला था, पहले भी मिल चुका है एक्सटेंशन

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के चीफ सिलेक्टर अजीत अगरकर ने अपने कॉन्ट्रैक्ट को 2027 वनडे वर्ल्ड कप तक बढ़ाने की इच्छा जताई है। उन्होंने इसके लिए भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) से एक्सटेंशन मांगा है। अगरकर का मौजूदा कार्यकाल पहले ही बढ़ाया जा चुका है। 2025 आईपीएल से पहले बीसीसीआई ने उनका कॉन्ट्रैक्ट एक साल के लिए बढ़ाकर जून 2026 तक कर दिया था। पूर्व तेज गेंदबाज अगरकर को जुलाई 2023 में टीम इंडिया की सिलेक्शन कमेटी का चेयरमैन बनाया गया था।

- **अगरकर के कार्यकाल में भारत ने तीन खिताब जीते**- अगरकर के कार्यकाल में टीम इंडिया 2024 में टी-20 वर्ल्ड कप और पिछले साल की शुरुआत में चैंपियंस ट्रॉफी जीती थी। इसके अलावा, टीम इंडिया 2023 के वनडे वर्ल्ड कप के फाइनल में भी पहुंची थी। जहां उसे ऑस्ट्रेलिया के हाथों हार मिली थी। इसके अलावा टीम ने हाल ही में टी-20 वर्ल्ड कप खिताब भी डिफेंड किया।
- **बीसीसीआई के मंजूरी का इंतजार**- रिपोर्ट के मुताबिक, इस मुद्दे पर पहले ही चर्चा हो चुकी है। अब देखना यह है कि क्या बीसीसीआई अगरकर के रिक्वेस्ट को मंजूरी देता है या नहीं।

हालांकि फिलहाल, बोर्ड के पास इस पद के लिए कोई मजबूत विकल्प नहीं है। भारतीय टीम के लिए अगली चुनौती वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप और वनडे वर्ल्ड कप है।



### 349 इंटरनेशनल विकेट ले चुके हैं

अगरकर करियर में 349 इंटरनेशनल विकेट ले चुके हैं। उन्होंने टेस्ट में 58, वनडे में 288 और टी-20 इंटरनेशनल में 3 विकेट लिए हैं।

- **टी-20 वर्ल्ड कप जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा रहे**- अजित अगरकर 2007 में टी-20 वर्ल्ड कप जीतने वाली टीम इंडिया का हिस्सा रहे। उन्होंने टूर्नामेंट के 2 मैचों में 15 रन बनाने के साथ एक विकेट भी लिया था। साउथ अफ्रीका में हुए टूर्नामेंट के फाइनल में भारत ने पाकिस्तान को हराकर खिताब जीता था।
- **वनडे में सबसे तेज अर्धशतक लगाने वाले भारतीय**- अजित अगरकर वनडे में सबसे तेज हाफ सेंचुरी जमाने वाले भारतीय बैटर हैं। उन्होंने साल 2000 में जिम्बाब्वे के खिलाफ 21 बॉल पर अर्धशतक जमाया था।
- **सबसे तेज 50 विकेट लिए**- अगरकर ने भारत के लिए वनडे में सबसे तेज 50 विकेट पूरे किए हैं। उन्होंने 23 मुकाबलों में यह कारनामा किया था।

- **आईपीएल 2025 से पहले कॉन्ट्रैक्ट रिन्यू किया गया था**- पिछले साल एक रिपोर्ट आई थी उसके मुताबिक, अगरकर का कॉन्ट्रैक्ट इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 से पहले रिन्यू किया गया था। एक बीसीसीआई अधिकारी ने बताया, उनके कार्यकाल में भारतीय टीम ने खिताब जीते और बदलाव (टेस्ट और टी-20 में) भी देखा।

# 'करदाता आपका दुश्मन नहीं, देश का साझीदार', नए आयकर कानून पर अधिकारियों को वित्त मंत्री की दो टूक

**एजेंसी समाचार**

नई दिल्ली। 1961 के पुराने



टैक्स कानून के चक्रव्यूह को खत्म करते हुए सरकार ने 10 करोड़ रुपये तक के टर्नओवर वाले छोटे कारोबारियों और नौकरीपेशा वर्ग के लिए नियमों को किया बेहद आसान कर दिया है। नया कानून 1 अप्रैल 2026 से लागू होने वाला है। वित्त मंत्री ने इस पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। आइए इस बारे में विस्तार से जानें।

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को बताया कि सरकार कर प्रक्रिया में जनता को सक्रिय रूप से शामिल कर रही है। यह केवल कानूनों को सरल बनाने से आगे बढ़कर हितधारकों के साथ जुड़ाव पर केंद्रित है। उन्होंने दिल्ली में राष्ट्रीय आयकर जागरूकता अभियान में यह बात कही। शासन का दृष्टिकोण आधुनिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए विकसित हो रहा है।

मंत्री ने बताया कि विभाग अब स्कूलों और कॉलेजों तक पहुंच रहा है। इसका उद्देश्य छात्रों को यह समझाना है कि कर देश के लिए क्या करता है। यह पहले के कठोर और अंतमुर्खी विभागों की धारणा से एक बदलाव है। आयकर अधिनियम 2025, 1961 के अधिनियम का स्थान लेगा। पुराने अधिनियम को 4,000 से अधिक संशोधनों ने एक 'भ्रामक' बना दिया था। इसमें 5.12 लाख शब्द और 819 धाराएं थीं, जो 'भयभीत करने वाली' थीं। नया ढांचा 1 अप्रैल, 2026 से प्रभावी होगा। यह शब्द संख्या को 2.6 लाख और धाराओं को 536 तक कम करता है। सीतारमण ने कहा कि यह कम अस्पष्ट है, जिससे अदालतों में व्याख्या के लिए जाने की प्रवृत्ति कम होगी। लक्ष्य करदाता व्यवहार को 'बचने या भ्रम से स्वैच्छिक अनुपालन' में बदलना है। सीतारमण ने मसौदा प्रक्रिया का विवरण दिया। कर अधिकारियों ने रिकॉर्ड छह महीने में 75,000 व्यक्ति-घंटे समर्पित किए। 31 सांसदों की एक चयन समिति ने भी विधेयक की समीक्षा की। कानून बनाने में व्यापक परामर्श को प्राथमिकता दी गई थी। समिति की 196 सिफारिशों में से 184 को स्वीकार किया गया। यह बहुत अधिक सहयोग और प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

# भारत का विदेशी मुद्रा भंडार सात अरब डॉलर से अधिक गिरकर 709 अरब डॉलर पर पहुंचा

**एजेंसी समाचार**

**नई दिल्ली.** भारत का विदेशी मुद्रा भंडार लगातार दूसरे सप्ताह गिरकर 709.759 अरब डॉलर पर आ गया है। 13 मार्च को समाप्त सप्ताह में 7 अरब डॉलर से अधिक की भारी गिरावट दर्ज की गई है। इस बड़ी गिरावट और स्वर्ण भंडार के ताजा आंकड़ों का पूरा विश्लेषण जानने के लिए यह रिपोर्ट अभी पढ़ें।

भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को बताया कि 13 मार्च को समाप्त हुए सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार घट गया है। यह 7.052 अरब डॉलर की गिरावट के साथ 709.759 अरब डॉलर पर पहुंच गया है। यह लगातार दूसरा सप्ताह है जब विदेशी मुद्रा भंडार में कमी दर्ज की गई है।

पिछले रिपोर्टिंग सप्ताह में कुल भंडार 11.683 अरब डॉलर घटकर 716.81 अरब डॉलर हो गया था। हालांकि, 27 फरवरी को समाप्त हुए सप्ताह में यह 4.885 अरब डॉलर बढ़कर 728.494 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। केंद्रीय बैंक द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, 13 मार्च को समाप्त सप्ताह के लिए विदेशी मुद्रा संपत्ति में कमी आई है। यह भंडार का एक प्रमुख घटक है। विदेशी मुद्रा संपत्ति 7.678 अरब डॉलर घटकर 555.568 अरब डॉलर रह गई।

डॉलर के संदर्भ में व्यक्त की गई विदेशी मुद्रा संपत्ति में गैर-अमेरिकी इकाइयों के मूल्य में उतार-चढ़ाव शामिल होता है। इसमें यूरो, पाउंड और येन जैसी मुद्राएं शामिल हैं।

आरबीआई ने बताया कि इस सप्ताह के दौरान स्वर्ण भंडार का मूल्य बढ़ गया है। यह 664 करोड़ डॉलर बढ़कर 130.681 अरब डॉलर हो गया है। यह वृद्धि भंडार को कुछ हद तक सहारा देती है।

CMYK



समस्त देशवासियों एवं क्षेत्रवासियों को
ईद-उल-फितर
की मुबारकबाद
इंजी. मोहम्मद अजीम
इंजी. शाहरूख खान
मोहम्मद फैज एड.
मोहम्मद गोहर
हाजी फहीमुद्दीन
Moh. 9837411940
तीज़ा फहीम
डॉ. साफिया अंजुम




मानपुर उत्तरी से प्रधान पद के उम्मीदवार
शिवलाल सिंह सागर
की ओर से
ईद उल फितर
की सभी ग्राम वासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
शिवलाल सिंह सागर




एस.एस. कन्स्ट्रक्शन, गोण्डा
की ओर से सभी क्षेत्रवासियों को
चैत्र नवरात्रि
हिंदू नव वर्ष
नवसंवत्सर विक्रम संवत 2083
ईद-उल-फितर की हार्दिक शुभकामनायें




समस्त देशवासियों एवं क्षेत्रवासियों को
ईद-उल-फितर की मुबारकबाद
भारतगैस पोर्ट सिस्टम अब शुरू हो गया है इसके माध्यम से भारतगैस का कोई भी ग्राहक चन्दौसी भारत गैस एजेंसी, मुरादाबाद रोड, चन्दौसी से जुड़ सकता है।
समय पर सिलेंडर डिलीवरी की गारंटी
मोबाइल नंबर-7464800089
भारतगैस
बनाइये खाना, परोसिये प्यार.
वसीम अख्तर




सभी जनपद
वासियों को
ईद उल फितर
की हार्दिक बधाई
बाबर खां
राष्ट्रीय अध्यक्ष
आल इंडिया मुस्लिम फेडरेशन




समस्त देशवासियों एवं
क्षेत्रवासियों को
ईद-उल-फितर
की मुबारकबाद
लता वार्ष्णेय
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद, चंदौसी
अखिलेश कुमार
'खिलाड़ी'
समाजसेवी




मानपुर उत्तरी से अपना दल एस के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष अकील अहमद पाशा की ओर से ईद उल फितर की सभी अहले वतन को दिल्ली मुबारकबाद
अकील अहमद पाशा




समस्त
देशवासियों एवं
क्षेत्रवासियों को
ईद-उल-फितर
की मुबारकबाद
मो. अहमद
ग्राम प्रधान पद प्रत्याशी, बिजारखाता, स्वार, रामपुर




समस्त
देशवासियों एवं
क्षेत्रवासियों को
ईद-उल-फितर
की मुबारकबाद
गुड्डू मलिक
राशन डीलर, नन्हें का मझरा




समस्त
देशवासियों एवं
क्षेत्रवासियों को
ईद-उल-फितर
की मुबारकबाद
इसलाम
प्रधान पद प्रत्याशी, मानपुर उत्तरी




आप सभी को ईद-उल-फितर की दिली मुबारकबाद
Eid Mubarak
लाइवा कोल्ड स्टोरेज
रहोली रोड, चंदौसी (सम्भल)
में आधुनिक उपकरणों एवं मशीनरी के साथ आलू का पूर्णतया सुरक्षित भण्डारण एवं सबसे बेहतर मूल्य
तुरन्त सम्पर्क करें-
9837023483, 7669696875
मौ. हन्नान
हाजी मौहम्मद ताहिर
हन्नान ट्रेक्टर्स
बदायूं रोड चंदौसी (सम्भल)
'सबसे कम कमीशन पर देने का वायदा'
कृषि उपकरण भी उपलब्ध
तुरंत सम्पर्क करें-
05921-254786, 7669696875, 9837790444
ताहिर गैस एजेंसी
बदायूं रोड चंदौसी (सम्भल)
• कृपया उपयोग के बाद रेगुलेटर बन्द रखें।
• लीकेज की स्थिति में खिड़कियां, दरवाजे खोल दें और गैस एजेंसी को सूचना दें।
• I.S.I. मानक वाले पाइप व चूल्हे इस्तेमाल करें।
बदायूं रोड, चंदौसी (सम्भल)
05921-252780, 9837023483




समस्त देशवासियों
एवं क्षेत्रवासियों को
ईद-उल-फितर की
मुबारकबाद
इसरार बेग
ब्लाकध्यक्ष भट्टा संघ, शाहबाद


चैत्र नवरात्रि
और हिंदू नव वर्ष की
हार्दिक शुभकामनाएं
कार्तिकेय शर्मा


हिंदू नव वर्ष 2083
की सभी को हार्दिक
शुभकामनाएं


समस्त क्षेत्रवासियों को
ईद उल फितर
की मुबारकबाद
खदीजा वारसी
उपविजेता, अध्यक्ष पद
नगर पालिका परिषद, चंदौसी
मरहूम जमील अहमद
वारसी (एम.ए.)
ऑक्सीजन मेन के नाम से भी जाने जाते हैं- शानू वारसी
चन्दौसी। समय था कोरोना महामारी का। हर तरफ महामारी ने अपना सितम ढा रखा था। अपने आप को और अपने परिवार को बचाने की चिंता लोगों के माथे पर लकीरें खींच रही थी। बाजार पूरी तरह बंद थे। काम धंधे चौपट हो गए। दो वक्त की रोटी के लिए गरीब जरूरतमंद लोग बिलख रहे थे। सरकारी मदद ना काफी साबित हो रही थी। ऐसे में शहर के एक युवा नेता ने मिसाल कायम करने वाला कदम उठाया। लोगों को न सिर्फ जरूरत की चीज मुहैया कराई। इसके अलावा कोरोना महामारी से जूझ रहे तमाम लोगों को ऑक्सीजन सिलेंडर मुफ्त में मुहैया कराए। कोरोना महामारी के दौरान ऑक्सीजन की कमी से घबराए मरीजों के परिजन बेहद चिंतित थे। किसी भी तरह ऑक्सीजन का सिलेंडर पाने के लिए इधर-उधर भटक रहे थे। शानू वारसी एडवोकेट ने अपने आवास पर कठिन मशक्कत के बाद ऑक्सीजन के सिलेंडरों को मंगाना और फिर जरूरतमंदों में नि:शुल्क वितरण करने की जो जिम्मेदारी निभाई वह अपने आप में एक मिसाल बन गई। आज भी लोग एडवोकेट शानू वारसी को ऑक्सीजन मेन के नाम से भी पुकारते हैं। सच्ची समाज सेवा और लगन से शानू वारसी ने समाज सेवा का नया कीर्तिमान स्थापित किया।
शानू वारसी एडवोकेट
समाजसेवी, मोबा. 9870662704


आप सभी को
ईद-उल-फितर
की हार्दिक शुभकामनाएं !
यह पर्व पूरी दुनिया के लिए प्रेम और
शांति का संदेश लेकर आता है ।
राहुल सिंह
राष्ट्रीय सचिव
समाजवादी पार्टी, यूथ बिग्रेड
विधानसभा 28 नगर मुरादाबाद
पूर्व - सदस्य / राज्यमंत्री
राज्य गौ सेवा आयोग उत्तर प्रदेश शासन
9412544444
Rahulsi15810753
Rahul SIngh
Rahul SIng6641

# अकीदतमंदों ने अदा की अलविदा जुमे की नमाज, ईद की तैयारियां जोरों पर

## मस्जिदों में उमड़ा अकीदतमंदों का सैलाब, भाईचारे की मांगी दुआ



जामा मस्जिद में अलविदा की नमाज करते अकीदतमंद

जागरण मोर्चा कार्यालय

पीलीभीत। रमजान महीने के आखिरी शुक्रवार यानी अलविदा जुमा पर शहर इबादत के रंग में रंगा नजर आया। सुबह से ही मस्जिदों के बाहर नमाजियों की भीड़ उमड़ने लगी और दोपहर तक शहर की प्रमुख मस्जिदों में जगह कम पड़ गई। शहर की ऐतिहासिक जामा मस्जिद समेत विभिन्न मस्जिदों में बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोगों ने अलविदा जुमा की नमाज अदा की। नमाज के दौरान मुल्क में अमन, भाईचारे और खुशहाली के लिए विशेष दुआएं की गईं।

अलविदा जुमा को रमजान की विदाई का प्रतीक माना जाता है, इसलिए इस दिन का धार्मिक महत्व और बढ़ जाता है। धर्मगुरुओं ने तकरीर में कहा कि रमजान सिर्फ एक महीना नहीं, बल्कि जिंदगी को बेहतर बनाने का संदेश देता है। रोजा, सब्र, संयम और नेक कामों की आदत को पूरे साल जारी रखना ही इसकी असली सीख है। नमाज के बाद बड़ी संख्या में लोगों ने जरूरतमंदों को जकात और सदका दिया। मस्जिदों के बाहर भी सामाजिक संगठनों द्वारा पानी, खजूर और अन्य व्यवस्थाएं की गईं।

माह-ए-रमजान की बरकतें और इबादतों के बाद, खुशियों का यह त्यौहार आपके जीवन में सुख, शांति और समृद्धि लेकर आए। खुदा हमारी तमाम दुआओं और नेक इबादतों को कुबूल फरमाए। आप सभी को मेरी ओर से ईद-उल-फितर की दिली मुबारकबाद।

फैजान अली खान
एडवोकेट



अलविदा की नमाज अदा की गई, अब ईद की तैयारियां जोरों पर हैं।
(शाहजाम रजा)



रमजान का पूरा महीना ही इबादत का होता है, ईद की खुशी के चलते दुकानों पर भी पकवानों की तैयारियां जोरों पर हैं।
(फरहान अहमद, एडवोकेट)



**अलविदा की नमाज अदा करने के बाद मुल्क की सलामती और भाईचारे की दुआ की गई। रोजा, सब्र, संयम और नेक कामों की आदत को पूरे साल जारी रखना ही इसकी असली सीख है। रमजान सिर्फ एक महीना नहीं, बल्कि जिंदगी को बेहतर बनाने का संदेश देता है।**
(मिराज हुसैन)



# सोलर ऊर्जा क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर जिलाधिकारी ने किया सम्मानित



पीवीएस ट्रेडर्स को सम्मानित करते जिलाधिकारी

जागरण मोर्चा कार्यालय

पीलीभीत। जनपद में सोलर ऊर्जा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर पीवीएस ट्रेडर्स को जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह एवं जिला प्रशासन द्वारा सम्मानित किया गया। प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के अंतर्गत सर्वाधिक एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य करने वाली फर्म के रूप में पीवीएस ट्रेडर्स को जनपद में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ, जिस पर जिला प्रशासन के प्रतिनिधि मंडल द्वारा कंपनी को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि पीवीएस ट्रेडर्स ने पीएम सूर्य घर योजना को सफल बनाने में जमीनी स्तर से कार्य करते हुए महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने कंपनी के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि उच्च गुणवत्ता के साथ आम जनता तक योजना पहुंचाना एक सराहनीय कार्य है। उन्होंने अपेक्षा व्यक्त की कि कंपनी आगे भी इसी प्रकार कार्य करते हुए योजना का विस्तार करे तथा अन्य जनपदों में भी सोलर ऊर्जा को बढ़ावा दे। आसपास के जिलों में सोलर ऊर्जा के क्षेत्र में तेजी से अपनी मजबूत पहचान बना चुकी पीवीएस ट्रेडर्स वर्तमान समय में प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के अंतर्गत कार्य करने वाली जनपद की अग्रणी एवं प्रथम स्थान प्राप्त फर्म के रूप में उभरकर सामने आई है। कंपनी पिछले कई वर्षों से उच्च गुणवत्ता वाले सोलर सिस्टम स्थापित कर उपभोक्ताओं को भरोसेमंद सेवा प्रदान कर रही है तथा सोलर ऊर्जा को गांव-गांव तक पहुंचाने का कार्य कर रही है। कंपनी के संचालकों ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के अंतर्गत उपभोक्ताओं को सरकार द्वारा ₹1,08,000 तक की सब्सिडी दिलाई जा रही है, जिससे आम नागरिक कम खर्च में अपने घरों पर सोलर सिस्टम लगवा रहे हैं और बिजली बिल से राहत पा रहे हैं। कंपनी ने यह भी बताया कि वर्तमान समय में कई उपभोक्ता जीरो इन्वेस्टमेंट योजना के माध्यम से भी सोलर सिस्टम लगवा रहे हैं, जिसमें आसान किस्तों की सुविधा उपलब्ध है और सोलर लगने के बाद उपभोक्ता का बिजली बिल लगभग समाप्त हो जाता है।

पीवीएस ट्रेडर्स के अनुसार सरकार की पीएम सूर्य घर योजना का मुख्य उद्देश्य हर घर तक सस्ती एवं स्वच्छ बिजली पहुंचाना है, और इसी उद्देश्य के साथ कंपनी पूरे उत्तर प्रदेश, विशेष रूप से पीलीभीत, लखीमपुर, शाहजहांपुर, बरेली, बदायूं एवं आसपास के जिलों में तेजी से कार्य कर रही है। कंपनी के प्रतिनिधियों ने आम जनता से अपील की है कि बढ़ते बिजली बिल से बचने तथा सरकारी सब्सिडी का लाभ लेने के लिए समय रहते सोलर सिस्टम अवश्य लगवाएं।




# बलिदान दिवस पर याद की गईं वीरांगना अवंती बाई लोधी

जागरण मोर्चा कार्यालय

पीलीभीत। वीरांगना अवंती बाई लोधी का बलिदान दिवस का कार्यक्रम एक निजी बारातघर में मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष तुलाराम लोधी रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष ब्रह्मस्वरुप वर्मा ने और जिला लोधी सभा के अध्यक्ष छत्रपाल लोधी ने की। कार्यक्रम के शुभारम्भ से पहले सभी ने वीरांगना अवंती बाई लोधी के चित्र पर पुष्पार्जन और दीप प्रज्वलित किया। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री विजय राजपूत ने किया। कार्यक्रम में चंद्रसेन वर्मा, जिला उपाध्यक्ष, भरत सिंह लोधी, जिला उपाध्यक्ष कांता प्रसाद लोधी, ब्लॉक अध्यक्ष सुरेश कुमार लोधी, सभासद जयराम राजपूत, शिवचरण लाल वर्मा, ग्राम प्रधान संतोष कुमार वर्मा, हरिराम वर्मा, सतपाल वर्मा,गंगा प्रसाद लोधी,राम प्रसाद वर्मा,जिला पंचायत सदस्य राकेश लोधी, विजय सिंह लोधी, बृजलाल राजपूत,प्रेम शंकर वर्मा,विकास वाल्मीकि,विपिन त्यागी, सभासद मोहन स्वरूप मौर्य, सभासद रिंकू लोधी, सभासद मोनू मिश्रा, सभासद प्रेम वर्मा आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



वीरांगना अवंती बाई लोधी की जयंती मनाते कार्यकर्ता




# 23 हजार की लूट का खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार

पीलीभीत। जनपद के जहानाबाद थाना क्षेत्र में 9 मार्च को एक सेवानिवृत्त शिक्षक से 23 हजार की हुई लूट के मामले का पुलिस ने सफल खुलासा कर दिया है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए घटना में शामिल दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, साथ ही वारदात में प्रयुक्त कार को भी बरामद कर लिया गया है। अपर पुलिस अधीक्षक विक्रम दहिया ने बताया गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपी कुशीनगर जनपद के निवासी हैं और संगठित गिरोह बनाकर इस तरह की घटनाओं को अंजाम देते थे। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने लूट की घटना को स्वीकार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लूटी गई नगदी भी बरामद कर ली है। वहीं, गिरोह के अन्य सदस्यों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम लगातार दबिश दे रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जिले में अपराध पर नियंत्रण के लिए अभियान लगातार चलाया जा रहा है और किसी भी सूरत में अपराधियों को बख्शा नहीं जाएगा। इस कार्रवाई से क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर लोगों में भरोसा बढ़ा।




































## एक नजर

### गलत अल्ट्रासाउंड रिपोर्ट से मचा हड़कंप, पीड़ित ने सीएमओ से की शिकायत

**हसनपुर।** नगर के एक अल्ट्रासाउंड सेंटर की बड़ी लापरवाही सामने आई है, जहां एक ही दिन में जारी की गई दो अलग-अलग रिपोर्टों ने स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। सैदनगली थाना क्षेत्र के गांव हाजीपुरा निवासी सोमवीर ने जिला चिकित्सा अधिकारी को शिकायती पत्र देकर 'पब्लिक अल्ट्रासाउंड सेंटर' के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित ने बताया कि उन्होंने अपनी गर्भवती पत्नी ज्योति का अल्ट्रासाउंड 18 मार्च को संभल-रहरा बाईपास स्थित उक्त केंद्र पर कराया था। पहली रिपोर्ट में बच्चे की धड़कन 147 BPM और मूवमेंट सामान्य बताया गया। हालांकि, एक महिला चिकित्सक को संदेह होने पर जब तीन घंटे बाद दोबारा उसी सेंटर पर टेस्ट कराया गया, तो दूसरी रिपोर्ट में भ्रूण को मृत घोषित कर दिया गया। महज कुछ घंटों के अंतराल में आई इन विपरीत रिपोर्टों से परिवार गहरे सदमे में है। पीड़ित सोमवीर का आरोप है कि सेंटर की तकनीकी गड़बड़ी या लापरवाही के कारण उनकी पत्नी के स्वास्थ्य और भ्रूण की जान के साथ खिलवाड़ किया गया। पीड़ित ने सेंटर की विभागीय जांच कराकर लाइसेंस रद्द करने और कानूनी कार्रवाई की गुहार लगाई है ताकि अन्य मरीजों के साथ ऐसी घटना न हो।

# भक्तों ने मां ब्रह्मचारिणी की विधि विधान से पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि का लिया आशीर्वाद

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** नवरात्रों के द्वितीय दिन देवी मंदिरों में प्रातः से ही भक्तों की भीड़ लगनी शुरू हो गई, वही भक्तों द्वारा मां ब्रह्मचारिणी की विधि विधान के साथ पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। मंदिरों पर सुरक्षा व्यवस्था के मध्य नजर पुलिस बल तैनात रहा, वहीं पालिका द्वारा भी मंदिरों पर विशेष सफाई अभियान चलाया गया था।

शुक्रवार को नगर की शक्तिपीठ मां चामुंडा मंदिर पर चैत्र नवरात्र के द्वितीय दिन मां दुर्गा के द्वितीय स्वरूप मां ब्रह्मचारिणी की भक्तों द्वारा विधि विधान से पूजा अर्चना कर माता रानी से आशीर्वाद प्राप्त किया गया। चामुंडा मंदिर पर प्रात से ही भक्तों का पहुंचना शुरू हो गया था और माता रानी के दर्शन के लिए लंबी लाइन लग गई थी।ब्रह्म' का अर्थ है तपस्या और 'चारिणी' का अर्थ है आचरण करने वाली। इस प्रकार ब्रह्मचारिणी का अर्थ हुआ तप का आचरण करने वाली माता।



पूजा अर्चना करती महिलाएं। -जागरण मोर्चा



मंदिर में लगी भक्तों की लाइन। -जागरण मोर्चा

माता ब्रह्मचारिणी अत्यंत शांत, सौम्य और तेजस्वी हैं। स्वरूप की बात की जाए, तो माता श्वेत वस्त्र धारण किए हुए हैं।माता के एक हाथ में अक्षमाला और दूसरे में कमंडल है,जो उनके तपस्यापूर्ण जीवन और शुद्धता का प्रतीक है। पार्वती के रूप में उन्होंने भगवान शिव को पति के रूप में पाने के लिए हजारों वर्षों तक कठिन तपस्या की थी।मां चामुंडा मंदिर के पुजारी पंडित सोमदत्त शर्मा का कहना है कि नवरात्र पर्व में साथी निष्ठा के साथ उपवास रखकर देवी मां की पूजा अर्चना करने वालों की मनोकामना अवश्य ही पूरी होती है। वहीं श्रद्धालुओं ने माता के जयघोषों से वातावरण भक्तिमय रहा। यहां भक्तों ने अखंड पाठ व दुर्गा स्तुति का पाठ किया।भक्तों द्वारा मां दुर्गा सप्तसती के पाठ किए गए। घरों में महिलाओं ने समूह में देवी गीत, भजन, लांगुरिया गीत गाकर मां का गुणगान किया। देवी मंदिरों में दर्शन और पूजा का सिलसिला देर रात तक चलता रहा। वहीं मंदिरों पर सुरक्षा व्यवस्था के मध्य नजर कोतवाली पुलिस तैनात रही, नवरात्रों की पावन मौके के अवसर पर पालिका द्वारा विशेष सफाई अभियान चलाकर मंदिरों पर सफाई एवं चूने की व्यवस्था कराई गई।



अधिवक्ता बैनामा कराने पर स्वागत करते हुए। -जागरण मोर्चा

## रजिस्ट्री कार्यालय के निर्माण हेतु भूमि का बैनामा संपन्न होने से अधिवक्ताओं में खुशी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** नगर के नवनिर्मित तहसील परिसर के निकट सब रजिस्ट्री कार्यालय के निर्माण हेतु भूमि का बैनामा संपन्न होने की खुशी में तहसील बार एसोसिएशन हसनपुर के पूर्व अध्यक्ष चन्द्र सैन अग्रवाल का तहसील बार एसोसिएशन हसनपुर के वरिष्ठ अधिवक्ताओं द्वारा फूल माला पहनाकर स्वागत कर आभार प्रकट किया गया।

पूर्व अध्यक्ष मुजाहिद चौधरी ने इस कार्य में निरंतर सहयोग के लिए हसनपुर के विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी,भाजपा जिला उपाध्यक्ष मयंक अग्रवाल एडवोकेट तथा ग्राम करनपुर माफी स्थित नवीन तहसील परिसर के निकट सब रजिस्ट्री कार्यालय हसनपुर के निर्माण हेतु निशुल्क भूमि दान करने वाले संजय अग्रवाल एवं मनोज अग्रवाल तथा पूर्व अध्यक्ष श्री चंद्रसेन अग्रवाल का हार्दिक आभार व्यक्त किया।

महावीर सिंह एडवोकेट ने भाजपा व उ०प्र० सरकार का आभार व्यक्त किया। पूर्व ब्लाक प्रमुख महावीर सिंह चौहान,पूर्व अध्यक्ष महिपाल सिंह व मुजाहिद चौधरी,सुनील भटनागर, वीर सिंह, नरेश पाल सिंह, सुबोध शर्मा, विजेंद्र गहलोत, संजय चौहान, नासिर अली, शेर सिंह भड़ाना,मौहम्मद नवेद आदि दर्जनों अधिवक्ता उपस्थित रहे ।

## बाल विकास मेला प्रदर्शनी एवं नुमाइश का विधायक ने किया शुभारंभ

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** नगर में मनोरंजन का एकमात्र सहारा बाल विकास मेला प्रदर्शनी एवं नुमाइश का विधायक ने फीता काटकर शुभारंभ किया, वही नुमाइश में मनोरंजन के लिए झूले, सर्कस काला जादू एवं खरीददारी करने के लिए विभिन्न सामानों की दुकान लगी हुई है।

गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी नगर के बाईपास मार्ग स्थित पेट्रोल पंप के निकट बाल विकास मेला प्रदर्शनी एवं नुमाइश का आयोजन किया जा रहा है। गुरुवार की देर रात्रि विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी ने फीता काटकर प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। नुमाइश आयोजकों के द्वारा विधायक एवं अन्य अतिथियों का फूल माला बनाकर उनका स्वागत



बाल विकास मेला प्रदर्शनी एवं नुमाइश का उद्घाटन करते विधायक एवं अन्य।

किया गया। इसके बाद विधायक ने प्रदर्शनी में घूम कर निरीक्षण किया। बाल विकास मेला प्रदर्शनी एवं नुमाइश के अध्यक्ष राकेश अग्रवाल द्वारा बताया गया मिकी माउस, सर्कस, झूला और खरीदारी के लिए विभिन्न स्टॉल प्रदर्शनी में लगाए गए हैं जिनका जनता आनंद ले रही हैं। उन्होंने बताया कि प्रदर्शनी में हलवा पराठा एवं अन्य खाद्य सामग्री के भी स्टॉल लगे हुए हैं। उन्होंने बताया कि हसनपुर की जनता के मनोरंजन के लिए प्रदर्शनी लगाई गई है।

इस मौके पर मयंक अग्रवाल, शिखर अग्रवाल, मुदित गुर्जर, निखिल खड़गवंशी, राकेश अग्रवाल, अंसार अहमद, इस्तखार अहमद, वेद प्रकाश अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, कपिल शर्मा, अनुज अग्रवाल, विवेक शर्मा, अमित अग्रवाल, हिमांशु अग्रवाल, जयपाल सैनी सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## चार घरेलू गैस सिलेंडर और तीन रिफलिंग उपकरण बरामद

**जागरण मोर्चा कार्यालय, गजरौला।** धनौरा के पूर्ति निरीक्षक द्वारा दर्ज कराई एफआईआर के तहत बीते बृहस्पतिवार को जिला पूर्ति अधिकारी, क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी प्रथम, पूर्ति निरीक्षक नगर, पूर्ति निरीक्षक हसनपुर एवं कनिष्ठ सहायक की संयुक्त टीम ने एमडीए कॉलोनी में डेंटर मुश्ताक की दुकान पर छापा मारा। टीम को देख दुकानदार मौके से भाग गया। उसकी दुकान से चार घरेलू गैस सिलिंडर और तीन रिफलिंग उपकरण बरामद किए। जो काजला भारत गैस एजेंसी के थे। दुकान में घरेलू गैस सिलिंडरों का अवैध रूप से भंडारण व अवैध रिफलिंग कर काला बाजारी की जा रही थी। काजला भारत गैस एजेंसी के मैनेजर अनिल कुमार शर्मा को उपरोक्त गैस सिलिंडर व अन्य उपकरण सुपुर्दगी में दिए।

## आर्थिक तंगी ने ली रोजगार सेवक की जान, नौ माह से नहीं मिला था वेतन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** तहसील क्षेत्र से एक गांव में हृदयविदारक घटना आई सामने, जहाँ बीमारी और आर्थिक बदहाली के चलते एक ग्राम रोजगार सेवक की मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि बीते नौ महीनों से वेतन न मिलने के कारण वह अपना उचित इलाज नहीं करा सका, जो उसकी मृत्यु का कारण बना।



महेंद्र का फाइल फोटो।

मामला तहसील की ग्राम पंचायत शिकरौली का है गांव पिलखनवाली निवासी महेंद्र सिंह लगभग 38 वर्षीय रोजगार सेवक पिछले कुछ समय से बीमार चल रहे थे। परिजनों के अनुसार, पिछले तीन महीने से उनकी हालत अधिक खराब थी। घर की माली हालत ठीक न होने और मानदेय के अभाव में शुरुआत में स्थानीय स्तर पर ही उपचार कराया गया। मंगलवार को जब हालत बिगड़ी, तो उन्हें नगर के निजी चिकित्सक के यहां से मेरठ के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहाँ गुरुवार दोपहर उपचार के दौरान रोजगार सेवक ने अंतिम सांस ली।मृतक रोजगार सेवक के बड़े भाई राजपाल सिंह ने कहा है कि भाई की बीमारी के चलते जो जमा पूंजी थी वह सब कुछ बीमारी में लगा दिया था 9 माह से वेतन भी नहीं मिला आर्थिक तंगी के चलते भाई की मौत हो गई। रोजगार सेवक महेंद्र की मौत की खबर मिलते ही गांव में शोक की लहर दौड़ गई। मृतक अपने पीछे पत्नी चंद्रवती, एक बेटा और दो बेटियों को रोते-बिलखते छोड़ गया है। शुक्रवार को गमगीन माहौल में रोजगार सेवक का अंतिम संस्कार किया गया। ग्रामीणों और साथी रोजगार सेवकों में प्रशासन के खिलाफ गहरा रोष है। उनका कहना है कि लंबे समय से वेतन रुकने के कारण महेंद्र मानसिक और आर्थिक रूप से टूट चुका था। घटना सरकारी सिस्टम की संवेदनशीलता पर गंभीर सवाल खड़े करती है। एक तरफ सरकार ग्रामीण विकास का दावा करती है, वहीं दूसरी ओर धरातल पर काम करने वाले कर्मचारियों को महीनों तक मानदेय के लिए तरसना पड़ रहा है।हसनपुर ब्लॉक अध्यक्ष विजेंद्र सिंह राणा ने कहा कि सरकार मृतक महेंद्र रोजगार सेवक के पुत्र को नौकरी दे जो भी पीएफ आदि है वह उनके बच्चों को उपलब्ध कारण वह माह का वेतन भी जल्द से जल्द मृतक के परिजनो को उपलब्ध कराया जाए।



मृतक के परिजन विलाप करते हुए। -जागरण मोर्चा

## अलविदा जुम्मे पर उमड़ा अकीदत का सैलाब, मुल्क में अमन-ओ-अमान की दुआ

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** मुकद्दस माहे-रमजान के पांचवें अलविदा जुम्मा के मौके पर नगर और ग्रामीण अंचलों की मस्जिदों में अकीदतमंदों का सैलाब उमड़ पड़ा। इस साल रमजान के महीने में पाँच जुम्मे पड़ने को लेकर मोमिनों में खास उत्साह और चर्चा बनी रही। जामा मस्जिद समेत तमाम छोटी-बड़ी मस्जिदों में सुबह से ही रोजेदारों की आमद शुरू हो गई थी।

नमाज के बाद बारगाहे-इलाही में मुल्क की तरक्की, आपसी भाईचारे और खुशहाली के लिए खुसूसी दुआएं मांगी गईं।नगर के मोहल्ला कायस्थान, आखून चौक, नवाबान, काला शहीद और रहरा रोड स्थित मस्जिदों में नमाजियों की भारी भीड़ उमड़ी रही। जामा मस्जिद में शहर इमाम मुफ्ती मेराज अहमद ने जुमेऊ का खुतबा दिया



जामा मस्जिद में नमाज अदा करते रोजेदार। -जागरण मोर्चा

और नमाज मुकम्मल कराई।

उन्होंने ऐलान किया कि ईद-उल-फितर की नमाज ईदगाह पर सुबह 7:45 बजे अदा की जाएगी। तहसील के ग्रामीण इलाकों जैसे सिहाली जागीर, बावनखेड़ी, कालाखेड़ा, आगापुर उर्फ याकूबपुर और पिपलोती कला,पिपलौती खुर्द में भी अकीदत के साथ नमाज अदा की गई।अमन-ओ-अमान कायम रखने के लिए प्रशासन और पुलिस बेहद चौकस नजर आई।

संवेदनशील मकामात पर भारी पुलिस बल तैनात रहा। नगर पालिका ने मस्जिदों के चारों ओर सफाई का माकूल इंतजाम किया और चूने का छिड़काव कराया। अलविदा जुम्मे की नमाज के बाद बाजारों में ईद की खरीदारी के लिए खासी गहमागहमी देखी गई। प्रशासन ने अवाम से अपील की है कि आगामी त्योहार को भी इसी तरह खुलूस और मोहब्बत के साथ मनाएं।

## गैस की किल्लत को लेकर उप जिलाधिकारी ने एजेंसियों का किया निरीक्षण

**जागरण मोर्चा कार्यालय, हसनपुर।** नगर में गैस की किल्लत की अफवाहों केवी प्रशासन सक्रिय हो गया है, भ्रामक खबरों और लोगों की बढ़ती समस्याओं को देखते हुए शुक्रवार को उप जिलाधिकारी हिमांशु उपाध्याय आपूर्ति निरीक्षक के साथ नगर स्थित हसनपुर गैस एजेंसी एवं सचिन इंडियन गैस एजेंसी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने व्यवस्थाओं का जायजा लिया और कतर में खड़े लोगों से बात कर उन्हें आश्वस्त किया कि गैस की कोई कमी नहीं है, सबको गैस मिलेगी। एसडीएम द्वारा दोनों एजेंसियों के रिकॉर्ड एवं गोदाम का भी निरीक्षण किया। उप जिलाधिकारी हिमांशु उपाध्याय द्वारा बताया गया कि दोनों एजेंसी एवं उनके गोदाम का निरीक्षण किया गया है तथा जनता से अपील है कि गैस की कोई कमी नहीं है सबको गैस मिलेगी।

## सभासद नामित होने पर अधिवक्ता का तहसील बार एसोसिएशन ने किया स्वागत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** तहसील बार एसोसिएशन हसनपुर के वरिष्ठ अधिवक्ता तथा भाजपा नेता वीर सिंह प्रजापति को शासन द्वारा नगर पालिका परिषद हसनपुर में सदस्य नामित किए जाने पर पूर्व तहसील बार एसोसिएशन हसनपुर के वरिष्ठ अधिवक्ताओं द्वारा फूल माला पहनाकर स्वागत कर सम्मानित किया गया तथा खुशी में मिष्ठान का वितरण किया गया।

पूर्व अध्यक्ष मुजाहिद चौधरी ने वीर सिंह को भाजपा का वरिष्ठ एवं समर्पित कार्यकर्ता बताते हुए विश्वास व्यक्त किया कि उनके मनोनयन से नगर के विकास को बढ़ावा मिलेगा और समस्याओं का निराकरण होगा।वीर सिंह एडवोकेट ने भाजपा, उ०प्र० सरकार तथा उपस्थित




तहसील बार एसोसिएशन ने नामित सभासद अधिवक्ता का किया स्वागत।

अधिवक्ताओं का आभार व्यक्त किया।

उन्होंने कहा कि वह शासन और पार्टी के विश्वास पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे। कार्यक्रम में बार के महासचिव बृज किशोर, गंगा सरन खड़गवंशी, महावीर सिंह चौहान, महिपाल सिंह, सुनील भटनागर, नरेश पाल सिंह, सुबोध शर्मा,मेघराज सिंह, शफीक अहमद, संजय कुमार, भगवत सिंह,दीवान सिंह,नासिर अली, विजेंद्र गहलोत, मदन कुमार, शेर सिंह भडाना, वीर सिंह त्यागी, फतेह सिंह, ओमपाल सिंह, संजय चौहान, मौ. सरवर, मौ०नवेद, लक्ष्मीकांत आदि दर्जनों अधिवक्ता उपस्थित रहे।

## अलविदा जुम्मे को अदा की गई नमाज

जागरण मोर्चा कार्यालय

**गजरौला।** बारिश के कारण मस्जिदों के अंदर ही अलविदा नमाज अदा की गई। इससे मस्जिदें खचाखच भर गईं। जबकि सही मौसम में बाहर भी नमाज अदा करते हैं।

शुक्रवार को सुबह से हो रही बारिश से आम से खास सभी लोग परेशान रहे। सबसे अधिक परेशानी जुमा नमाज अदा करने वाले नमाजियों को हुई। वह भीगते हुए मस्जिदों तक पहुंचे। चौहानपुरी मोहल्ला स्थित मस्जिद में बारिश के कारण नमाजियों ने अंदर ही जुमा अलविदा नमाज अदा की। जबकि सही मूौसम में मस्जिद के बाहर भी लोग नमाज अदा करते हैं।

उधर नमाज स्थल की तरफ पशुओं एवं जानवरों को रोकने के



नमाज अदा करते रोजेदार। -जागरण मोर्चा

लिए नगर पालिका के कर्मचारी हाथों में लाठी डंडे लेकर मुस्तैद रहे। इस दौरान अचानक आए दो सांड़ों को पालिका के कर्मचारियों ने किसी तरह रोका। सुरक्षा के लिए कस्बा चौकी इंचार्ज नरेंद्र बैसला पुलिस के साथ मुस्तैद रहे। चौपला की जामा मस्जिद समेत सभी मस्जिदों में जुमा अलविदा नमाज शांतिपूर्ण संपन्न की गई।

## मौसम ने अचानक ली करवट बढ़ी ठंड; हवा के साथ बारिश



जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** शुक्रवार को हुई लगातार रिमझिम बारिश ने क्षेत्र में मौसम का मिजाज पूरी तरह बदल दिया। जहां लोग हल्के कपड़े पहनने लगे थे,अचानक बढ़ी ठंड ने उन्हें गर्म कपड़े निकालने पर मजबूर कर दिया। पूरे दिन ठंड का असर अधिक महसूस हुआ।

अचानक बढ़ी ठंड से नगर वासियों की दिनचर्या पर काफी असर डाला है। बाजारों और सार्वजनिक स्थलों पर भी कम चहल-पहल देखने को मिली। खासकर बुजुर्गों और बच्चे ठंड में सावधानी बरतते हुए नजर आए। मौसम विभाग के अनुसार, यह बारिश किसानों के लिए अत्यंत लाभदायक साबित हो रही है। वर्तमान में गेहूं की फसल पकने की अवस्था में है और हल्की रिमझिम बारिश से गेहूं की बालियों को आवश्यक नमी मिल रही है, वही बारिश के कारण खेतों में गेहूं की फसल गिर गई है।

## रैपिड एक्शन फोर्स और पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** आगामी ईद-उल-फितर और चैत्र नवरात्र को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन ने कमर कस ली है। शुक्रवार को पुलिस क्षेत्राधिकारी पंकज त्यागी और प्रभारी निरीक्षक राजेश तिवारी की मौजूदगी में सुरक्षा बलों ने नगर के मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में पैदल गस्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।आरएएफ और स्थानीय पुलिस का मार्च कोतवाली से प्रारंभ होकर नगर के अंबेडकर पार्क, इंदिरा चौक, पंसारा बाजार, पुरानी घास मंडी, पुरानी जामा मस्जिद और रहरा अड्डा ,बाईपास से होता हुआ संभल अड्डा और पुराने डाकखाने के रास्ते वापिस कोतवाली पर आकर संपन्न हुआ। इस दौरान अधिकारियों ने व्यापारियों और नागरिकों से संवाद कर सुरक्षा



रैपिड एक्शन फोर्स और पुलिस ने किया फ्लैग मार्च। -जागरण मोर्चा

का भरोसा दिलाया।शांति समिति की बैठक में कोतवाल राजेश तिवारी ने स्पष्ट किया था कि कानून-व्यवस्था बिगाड़ने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी। अधिकारियों ने निर्देश दिए हैं कि ईद की नमाज मस्जिदों या ईदगाह पर ही अदा की जाए; सड़क पर नमाज की अनुमति नहीं होगी। संवेदनशील इलाकों में ड्रोन से निगरानी की जा रही है और सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट डालने वालों पर पुलिस की पैनी नजर है। नवरात्र के मद्देनजर मंदिरों पर भी भारी पुलिस बल तैनात किया गया है ताकि श्रद्धालु सुरक्षित वातावरण में दर्शन कर सकें।

# बैठक में डीएम ने की 66 गौशालाओं की समीक्षा

जागरण मोर्चा कार्यालय


समीक्षा बैठक करते जिलाधिकारी

**पीलीभीत।** जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय गौशाला अनुश्रवण, मूल्यांकन एवं समीक्षा समिति की बैठक गांधी सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में सभी 66 गौशालाओं की समीक्षा गई।

समस्त गौशालाओं में 7619 गोवंश संरक्षित है सहभागिता में दिए गए 8816 गोवंशों का समय से सत्यापन कर उनके रुपए 50 प्रतिदिन के हिसाब से मांग हर माह की 28 तारीख तक जिला स्तर पर भेजने के निर्देश सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारी व पशु चिकित्सा अधिकारी को दिए। जिलाधिकारी ने समय से सहभागिता की मांग अपलोड न करने पर नाराजगी व्यक्त की। सभी गौशालाओं की मांग प्रत्येक महीने की 25 तारीख तक जिला मुख्यालय पर भेजने के भी निर्देश दिए गए। सभी खण्ड विकास अधिकारियों व पशु चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि सहभागिता में दिए गए गोवंशों को सत्यापित करके रिपोर्ट एक हफ्ते के अन्दर जिला मुख्यालय को दी जाए। मुख्य विकास अधिकारी ने सभी खण्ड विकास अधिकारी व पशु चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिए कि आगामी गर्मी के मौसम को देखते हुए प्रत्येक गौशाला में पर्याप्त पीने की व्यवस्था, हरे चारे की व्यवस्था और छाया की व्यवस्था कर ली जाए। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ प्रवीण कुमार त्यागी ने अवगत कराया कि 50 से कम संख्या वाली गौशालाओं में और गोवंश रखे जाएं जिस पर जिलाधिकारी ने 50 से कम संख्या वाले गौशालाओं में अतिरिक्त शेड बनवाकर पशु संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए। बैठक में समस्त उप जिलाधिकारी, जिला विकास अधिकारी, डीएसपी यातायात, जिला पंचायतराज अधिकारी, समस्त खण्ड विकास अधिकारी, समस्त पशु चिकित्सा अधिकारी, उपमुख्य पशुचिकित्साधिकारी, सभी जिला स्तरीय नोडल अधिकारी उपस्थित रहे।

# गौरैया संरक्षण का दिया संदेश



जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** शुक्रवार को विश्व गौरैया दिवस पर प्राथमिक विद्यालय चोखा पुरी ब्लॉक पूरनपुर में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भरत कुमार डीएफओ, सामाजिक संस्था नीति की दीवार के संस्थापक गुरमेल सिंह शामिल हुए। नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा निबंध प्रतियोगिता व चित्रकला प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया गया। विजेता बच्चों को मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया। सामाजिक संस्था नेकी की दीवार द्वारा प्रदत्त गौरैया आवास को एसएमसी मेंबर्स व ग्रामीणों को वितरित किया गया व गौरैया बचाने की अपील की गई। अंत में विद्यालय प्रधानाध्यापक मुनीष कुमार, विपिन कुमार, बृजबाला, पूजा यादव, रेखा व वॉलिंटियर मोहम्मद आलीम, मोहम्मद नाजिम, धर्मेंद्र कुमार, अमर सिंह द्वारा सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# तराई में बफीर्ली हवाओं से बदला मौसम का मिजाज

जागरण मोर्चा कार्यालय



दिन भर छाए रहे बादल, सुनसान पड़ी सड़कें

**पीलीभीत।** तराई में बफीर्ली हवाओं के चलते मौसम ने करवट ले ली हैं। पूरे दिन ही समयांतराल पर होती बूंदा-बांदी से शहर की सड़कें भी सूनी नजर आईं।

अचानक बदले तराई में मौसम के बाद सुबह से बादल छा गए। ठंडी हवाओं के चलने से लोगों को पिछले दिनों बढ़ रहे तापमान से बड़ी राहत मिली। ठंडे हुए मौसम में एक बार फिर से गरम कपड़े निकल आए। शुक्रवार को जिले में अधिकतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस था।

जबकि न्यूनतम तापमान 15 डिग्री था। शुक्रवार को सुबह जब लोगों की आंख खुली तो घने बादल छा गए और छिटपुट बूंदाबांदी होने लगी। छिटपुट बूंदाबांदी व बारिश से मौसम में तरावट आ गई। लोगों ने गरम कपड़े निकाल लिए। होली के बाद से तराई में मौसम का मिजाज यूं हो गया था कि अप्रैल मई जैसी गरमी लोगों को सता रही थी। एकाएक पंखे चला कर एसी शुरू करने की तैयारियां थीं। पर मौसम के बदले हुए मिजाज ने हर किसी को राहत दी है। सुबह घने बादलों के बीच किसान अपने खेतों में तैयार और पकी पड़ी फसल को लेकर चिंता में रहे। सुबह ही खेतों की तरफ पहुंचे और गेहूं की फसल को कर आसमान को निहारने लगे। हांलाकि बारिश ने अधिक कोई नुकसान नहीं किया तो किसानों को चैन आया।


दो दिन पहले तक जहां गर्मियों के कपड़े निकल आए थे वहीं अचानक बदले मौसम में सुबह फिर से गर्म कपड़े निकालने पड़े, कारोबार पर भी असर रहा।
(राकेश राठौर, व्यापारी)


पूरे दिन ही रुक-रुक कर बारिस होती रही, शाम होते-होते तो मौसम बहुत ही ज्यादा ठंडा हो गया, होली के बाद से ही गर्मी बहुत हो रही थी लेकिन मौसम के इस बदलाव से गर्मी से निजात मिल सकी।
( सुरेन्द्र मिश्रा, शहरवासी)

# दो माह बाद नहर में उतराता मिला किशोरी का कंकाल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**कालीनगर।** दिसंबर महीने से लापता किशोरी का कंकाल नहर किनारे पानी में उतराता मिला। घटना की सूचना पुलिस को दी गई।

कलीनगर क्षेत्र के वार्ड संख्या 5 की रहने वाली 17 वर्षीय रोशनी पुत्री रमेश चंद्र का कंकाल शुक्रवार सुबह 10 बजे चित्तरपुर पुल के नीचे पानी में उतराता मिला। बता दे कि 28 दिसंबर से किशोरी लापता थी। इस दौरान परिजन जब तलाश को निकले तो उन्हें कलीनगर पुल पर किशोरी की चप्पल और शॉल बरामद हुई थीं। सूचना मिलने पर पुलिस ने छानबीन शुरू की। गोताखोरों ने भी नहर में उतरकर बहुत प्रयास किया पर किशोरी का कोई सुराख नहीं मिला। बीते दिन कलीनगर पुल से करीब 2 किलोमीटर दूर चित्तरपुर पुल के पास नजदीकी गांव के कुछ लोग भ्रमण को निकले थे। इस दौरान उनकी नजर कंकाल पर पड़ी तो इसकी सूचना उन्होंने माधोटांडा थाने को दीं।


मौके पर पहुंची पुलिस ने कंकाल को कब्जे में ले लिया। कंकाल पर लिपटे कुछ कपड़ों से परिजनों ने किशोरी की पहचान की। घटना के बाद से ही परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। पुलिस ने बताया आगे की विधिक कार्यवाही की जा रही हैं।

## पूर्णागिरी को एक जत्था रवाना समाजवादी युवजन सभा ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**पूरनपुर** । श्रद्धालुओं के साथ झंडी दिखाते हुए इस अवसर पर समाजवादी युवजन सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एव सपा नेता राजकुमार ₹राजू₹ ने कहा कि समाजवादी पार्टी हमेशा से सामाजिक एकता, भाईचारे और जनहित के कार्यों के लिए प्रतिबद्ध रही है। ऐसे आयोजन समाज में सकारात्मक संदेश देते हैं और युवाओं को एकजुट करने का कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि समाजवादी विचारधारा ही देश और प्रदेश को आगे बढ़ाने का रास्ता दिखाती है।

उन्होंने आगे कहा कि आने वाले समय में समाजवादी पार्टी और अधिक मजबूती के साथ जनता के बीच कार्य करेगी और हर वर्ग की आवाज बनकर उनके अधिकारों की लड़ाई लड़ेगी।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों की भागीदारी रही और सभी ने उत्साहपूर्वक जत्थे को रवाना किया इस दौरान महिला सभा विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष मीता सिंह, सपा नेता ओम शर्मा, मनोज गौतम. अरविन्द शर्मा.राममूर्ति सिंह. निर्भय सिंह  जयपाल.सहित अन्य कार्यकर्ता एवं क्षेत्रीय गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

अहले वतन को ईद की दिली मुबारकबाद
अरशद खान

पूर्व विधायक, पूरनपुर
राधा कृष्ण गुप्ता
राजेन्द्र गुप्ता
समाजवादी पार्टी पीलीभीत
आसाम रोड, पूरनपुर में अर्बन एंपोरियम, निकट रोडवेज बस अड्डा, सुड़कुआ के सामने कॉमर्शियल प्लाट उपलब्ध हैं। संपर्क-9997263150

## करोड़ों के गबन के डीआईओएस ऑफिस के कर्मचारी की जमानत याचिका मंजूर हाईकोर्ट ने दी राहत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** डीआईओएस दफ्तर के चतुर्थ श्रेणी का करोड़ों के गबन का आरोपी इल्लहाम शम्सी को हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली हैं। जनपद से जुड़े चर्चित मामले में इलाहाबाद हाई कोर्ट ने इल्हाम उर रहमान शम्सी बनाम राज्य सरकार प्रकरण में महत्वपूर्ण आदेश पारित किया है। न्यायमूर्ति जितेन्द्र कुमार सिन्हा की एकल पीठ ने शुक्रवार को सुनवाई करते हुए अभियुक्त की अग्रिम जमानत याचिका को मेरिट के आधार पर स्वीकार कर लिया।

अदालत ने माना कि प्रकरण के तथ्यों व परिस्थितियों को देखते हुए आवेदक को राहत देना उचित है। इसके साथ ही न्यायालय द्वारा आवश्यक शर्तों के पालन का निर्देश भी दिया गया है। यह आदेश उन मामलों में महत्वपूर्ण माना जा रहा है, जहां आरोपों के बावजूद न्यायालय तथ्यों के आधार पर संतुलित दृष्टिकोण अपनाता है।

फिलहाल विस्तृत आदेश की प्रति न्यायालय की वेबसाइट पर अपलोड होना शेष है।

ईद उल फितर पर सभी देशवासियों को मुबारकबाद


परवेज खां
मै. नफीस इण्डेन गैस सर्विस
शेरपुर कलां, पूरनपुर

ईद उल फितर पर सभी देशवासियों को मुबारकबाद

ग्राम पंचायत पूनपुर देहात
विकास खण्ड पूरनपुर (पीलीभीत)
अपील
1. आओ पर्यावरण स्वच्छ रखें, हम कचरा प्रबंधन करें।
2. कचरा प्रबंधन हम करें, जीवन को सही ढ़ंग से हम जिये।
3. हम सबकों जागरूक रहना है, कचरा प्रबंधन हमको करना है।
4. कचरा प्रबंधन ना अपनाएंगे तो मुसीबतों को बढ़ाएंगे।
5. पर्यावरण को बचाएंगे, कचरा प्रबंधन हम अपनाएंगे।
6. कचरा प्रबंधन तभी हो सकेगा जब हम और गांव की सरकार इस ओर जागरूक रहेंगे।
7. अगर हम कचरा प्रबंधन नहीं करते हैं तो पर्यावरण प्रदूषित होता है।
8. कचरा प्रबंधन के लिए रिसाइकिलिंग भी एक बहुत ही महत्वपूर्ण प्रक्रिया है।
9. आजकल के जमाने में गांवों में कचरा प्रबंधन करना बेहद जरूरी है।
10. अगर हम कचरा प्रबंधन की ओर जागरूक नहीं होते तो इसका दुष्परिणाम हमें आने वाले भविष्य में बहुत ही भयानक रूप से मिल सकता है।

ज्ञानेन्द्र सिंह
जिलाधिकारी

फैय्याज खां
(प्रधान-पति)

अवनीश कुमार
(सचिव)

अजीत प्रताप सिंह
उप जिलाधिकारी
खंड विकास अधिकारी
श्रीमती रहनुमा बेगम (ग्राम प्रधान)